रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 31 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-11 मूल्य 3.00 ₹

क्विक न्यूज

डॉ. सोमनाथन ने कैबिनेट सचिव का पदभार संभाला

नयी दिल्ली। प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. टी.वी. सोमनाथन ने केंद्र में कैबिनेट सचिव का पदभार संभाला। डॉ.

सोमनाथन ने राजीव गौबा की जगह ली है जो सेवानिवृत्ति हो गए हैं। कैबिनेट सचिव के रूप में शामिल होने से पहले, वह वित्त मंत्रालय में वित्त सचिव और व्यय विभाग के सचिव का कार्यभार देख रहे थे। डॉ. सोमनाथन भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएसएस) के 1987 बैच के तमिलनाडु कैडर के अधिकारी हैं। उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्ट्रेट की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के कार्यकारी विकास कार्यक्रम को भी पूरा किया है।

असम सरकार के फैसले का अनुसरण करें देश की अन्य सरकारें : विहिप

नयी दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने असम सरकार की ओर से मुस्लिम समाज के लोगों के लिए शादी और तलाक का रजिष्ट्रेशन अनिवार्य किये जाने के फैसले का स्वागत किया है और कहा ही कि देश के अन्य राज्यों को भी इस तरह के कानून बनाने चाहिए। राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि असम में मुस्लिम शादी और तलाक का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किये जाने से राज्य की बेटियां को शारीरिक उत्पीड़न से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा, इसके माध्यम से बाल विवाह की प्रथा और महिला अत्याचारों पर रोक लगेगी तथा नारी सशक्तीकरण को बल मिलेगा। वास्तव में बहु विवाह को भी अपराध घोषित कर दिया,

शेयर बाजार नये शिखर पर

मुंबई। अमेरिकी फेड रिज़र्व के सितंबर से ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार नौवें दिन चढ़कर नये शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 231.16 अंक की तेजी के साथ 82,365.77 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 83.95 अंक चढ़कर 25,235.90 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर रहा।

महाराज शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिर झुकाकर मांगी माफी

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना आराध्य बताते हुए सिंधु दुर्ग जिले में स्थापित उनकी प्रतिमा के गिरने की घटना पर लोगों से क्षमा-प्रार्थना की। मोदी महाराष्ट्र के दौरे पर हैं और उन्होंने मुंबई में एक फिनटेक सम्मेलन को संबोधित करने के बाद, पालघर जिले में वाढवण में एक विशाल बंदरगाह परियोजना का शिलान्यास करने के बाद एक सभा को सबोधित किया। इसी सभा में मोदी ने शुरू में ही सिंधु दुर्ग में शिवाजी महाराज की प्रतिमा के गिरने की सोमवार की घटना की ओर संकेत करते हुए इसके लिए शिवाजी से और उनको देवता की तरह से मानने वाले सभी लोगों से विनिम्र क्षमा प्रार्थना की। मोदी ने कहा कि सिंधुदुर्ग की घटना से शिवाजी को मानने वाले सभी लोगों के मन को चोट पहुंची है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ये हमारे संस्कार हैं कि इस धरती पर आते ही आज मैंने अपना पहला काम मेरे आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज, उनके चरणों में सिर झुकाकर क्षमा मांगने से कर रहा हूं। उन्होंने कहा, और इतना ही नहीं जो-जो लोग छत्रपति शिवाजी महाराज को अपने आराध्य मानते हैं, उनके दिल को जो गहरी चोट पहुंची है, मैं ऐसे आराध्य देव की पूजा करने वालों से भी सिर झुकाकर क्षमा मांगता हूं। मेरे संस्कार अलग हैं। हमारे लिए हमारे आराध्य देव से बड़ा कुछ नहीं होता है। सिंधुदुर्ग जिले में शिवाजी की इस 35 फुट ऊंची प्रतिमा के गिरने की घटना महाराष्ट्र में विधान सभा चुनाव से पहले राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का एक मुद्दा बन गयी है। इस प्रतिमा की पिछले साल दिसंबर में स्थापना नौसेना द्वारा की गयी थी और उसका अनावरण समारोह में प्रधानमंत्री ने स्वयं किया था। मोदी ने वाढवण बंदरगाह परियोजना के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, इस कार्यक्रम की चर्चा करने से पहले मैं अपने हृदय के भावों को व्यक्त करना चाहता हूं। जब 2013 में भारतीय जनता पार्टी ने मुझे प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में निश्चित किया तो मैंने सबसे पहला काम किया था, रायगढ़ के किले पर जाकर के छत्रपति शिवाजी महाराज की समाधि के सामने बैठकर के प्रार्थना की थी।

पत्रकार की गिरफ्तारी न की जाए : उच्चतम न्यायालय

सुको ने कहा-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का साक्षात्कार करने से संबंधित एक मामले में एक निजी टीवी चैनल और उसके पत्रकार पर कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश देकर उन्हें राहत दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ,न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एबीपी न्यूज नेटवर्क द्वारा दायर याचिका पर कहा कि यह हो सकता है कि पत्रकार ने जेल मैनुअल का उल्लंघन हो, लेकिन गंभीर मामला है कि यह (साक्षात्कार) जेल में हो सकता है। पीठ ने टीवी चैनल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलें सुनने के बाद कहा, अगले आदेश तक संबंधित पत्रकार की गिरफ्तारी न की जाए। हालांकि, अदालत ने उस पत्रकार को इस मामले में एसआईटी द्वारा की जा रही जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया और संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। रोहतगी ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश की वैधता पर सवाल उठाया, जिसमें टीवी चैनल द्वारा लिए गए साक्षात्कार को जांच के दायरे में लाया गया था। उन्होंने कहा कि इससे संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत दी गई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, यह खोजी पत्रकारिता है और कुछ नहीं। पत्रकार को पता था कि जेल के अंदर फोन आसानी से उपलब्ध हैं। उसने साक्षात्कार के लिए अपने सूत्रों का इस्तेमाल किया। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता ने दलील देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय इस मुद्दे पर विचार कर रहा है कि ऐसे कैदियों को ऐसी सुविधाएं कैसे मिलती हैं। किसी ने साक्षात्कार की ओर ध्यान दिलाया, इसलिए उसने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

एनएमडीसी पर 1620 करोड़ रुपए का जुर्माना 15 दिन में भरपाई करने का आदेश

पायनियर संवाददाता ‹ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने एनएमडीसी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी कर एनएमडीसी किरंदुल को 1620 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। एनएमडीसी को स्वीकृत खनिपट्टों में अनियमितताओं का आरोप लगा है। जिसके तहत दंतेवाड़ा कलेक्टर ने एनएमडीसी प्रबंधन को पैसे जमा करने नोटिस थमाया है। जिसमें कहा गया है कि पूर्व नोटिस में एनएमडीसी की तरफ से दिया गया जवाब संतोष जनक नहीं है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने एनएमडीसी के खनिज नम्बर 14 और 11 में खनन नियम उल्लंघन को लेकर नोटिस जारी किया था। कलेक्टर ने कहा कि, एनएमडीसी ने इस नोटिस के जवाब को संतोषप्रद नहीं बताया। इसके साथ ही कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ खनिज नियम 2009 के अलग-अलग नियमों के उल्लंघन का जिक्र करते हुए 1620 करोड़ रुपए का जुर्माना लगया है। उन्होंने जुर्माने की रकम को 15 दिन के अंदर जमा करने के निर्देश दिए हैं।

सीएनएन की रिपोर्ट भारत को बदनाम करने वाली

वार्ता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत ने अमेरिकी चैनल सीएनएन पर बंगलादेश में बाढ़ से संबंधित रिपोर्टों को भ्रामक, तथ्यात्मक रूप से गलत और इरादतन बदनाम करने वाली बताते हुए खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित ब्रीफिंग में इस बारे में पूछे गए सवालों पर कहा, हमने बंगलादेश में बाढ़ की स्थिति पर सीएनएन रिपोर्ट देखी है। इसका वर्णन भ्रामक है और यह बताने की कोशिश की गई है कि बाढ़ के लिए किसी न किसी तरह भारत जिम्मेदार है। यह तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि रिपोर्ट भारत सरकार द्वारा स्थिति स्पष्ट करने के लिए जारी प्रेस विज्ञप्ति में उल्लिखित तथ्यों की अनदेखी करता है। उन्होंने इस बात को भी नजरअंदाज कर दिया है कि जल संसाधन प्रबंधन के लिए मौजूदा संयुक्त तंत्र के माध्यम से दोनों देशों के बीच डेटा और महत्वपूर्ण सूचनाओं का नियमित और समय पर आदान-प्रदान होता है। बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बारे में सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा, जैसा कि हमने पहले कहा, बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री सुरक्षा कारणों से बहुत कम समय के नोटिस पर भारत आईं। इस मामले में हमारे पास जोड़ने के लिए और कुछ नहीं है। ढाका में भारतीय उच्चायोग में वीज़ा सेवाओं के संचालन पर पूछे जाने पर जायसवाल ने कहा कि वर्तमान में बंगलादेश में सीमित भारतीय वीज़ा सेवाएं उपलब्ध हैं। अभी भारतीय वीज़ा आपातकालीन या चिकित्सा प्रयोजनों के लिए दिए जा रहे हैं। पूर्ण वीज़ा सेवाएं कानून और व्यवस्था बहाल होने और सामान्य स्थिति स्थापित होने के बाद ही फिर से शुरू हो सकती हैं।

भारत का 3 लाख करोड़ के रक्षा उत्पादन और 50 हजार करोड़ के रक्षा निर्यात का लक्ष्य : राजनाथ

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन और 50,000 करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात का लक्ष्य है। सिंह ने केरल के तिरुवनंतपुरम में एक कार्यक्रम में कहा कि मोदी सरकार के शासन में भारत अभूतपूर्व विकास, समृद्धि, सामाजिक सद्भाव और विकास के युग में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार को हमेशा देश में सबसे बड़े 'बदलावों' के लिए पहचाना जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता एक मजबूत अर्थव्यवस्था की पहली शर्त है और राष्ट्र 'आत्मनिर्भर भारत' की कल्पना को साकार करने की दिशा में बड़ी प्रगति कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास और नवाचार के लिए एक मजबूत उत्पादन आधार और एक इकोसिस्टम बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जीई-414 इंजन अब भारत में बनाए जाएंगे, जो देश की इंजन निर्माण क्षमता में उल्लेखनीय प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने अपनी हाल की अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी अमेरिकी रक्षा कंपनियों के साथ उपयोगी चर्चा हुई ।

माओवादी आतंक प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए मिलेगा ब्याज मुक्त ऋण

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के माओवादी आतंक से प्रभावित जिलों में कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चों को तकनीकी एवं व्यावसायिक उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर दिलाने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इन जिलों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को 'मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना' के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए विशेष अभियान चलाने कहा है।

मुख्यमंत्री साय ने राज्य के अन्य जिलों के कलेक्टरों को भी कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चों को भी तकनीकी एवं व्यावसायिक उच्च शिक्षा के लिए एक प्रतिशत के ब्याज दर पर दी जा रही ऋण सुविधा का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना के संचालन के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। इस योजना के अंतर्गत डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के 35 तकनीकी एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। योजना में ब्याज अनुदान के लिए शिक्षा ऋण की अधिकतम सीमा रूपये 4 लाख निर्धारित है। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना के तहत तकनीकी शिक्षा एवं अन्य व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेशित ऐसे छात्रों को, जिनके परिवारों की वार्षिक आय 2 लाख से कम है, उनको मोरेटोरियम अवधि के पश्चात ऋण किश्तों के नियमित भुगतान की स्थिति में केवल एक प्रतिशत की दर से ब्याज देय होगा। शेष ब्याज की राशि का भुगतान राज्य शासन द्वारा सीधे संबंधित बैंक को किया जायेगा।

मायावती ने कहा- भारत डोजो यात्रा दलित पिछड़ों का उपहास

पायनियर संवाददाता ‹ लखनऊ
www.dailypioneer.com

कांग्रेस पर खेल को स्वार्थ की राजनीति से जोड़ने का आरोप लगाते हुये बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा कि इण्डी गठबंधन ने आरक्षण व संविधान बचाने के नाम पर एससी, एसटी व ओबीसी का वोट लेकर अपनी ताकत तो बढ़ा ली लेकिन वक्त निकल जाने पर उसे इस वर्ग की तनिक भी परवाह नहीं है। मायावती ने कहा पेट भरे लोगों के लिए दोजा व अन्य खेलकूद के महत्व से किसी को इंकार नहीं, लेकिन गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई व पिछड़ेपन आदि के त्रस्त जीवन से जूझ रहे उन करोड़ों परिवारों का क्या जो पेट पालने हेतु दिन-रात कमरतोड़ मेहनत को मजबूर हैं। 'भारत डोजो यात्रा' क्या उनका उपहास नहीं। उन्होने कहा केन्द्र व राज्य सरकारें देश के करोड़ों गरीबों व मेहनतकश लोगों को सही व सम्मानपूर्वक रोटी-रोजी की व्यवस्था कर पाने में अपनी विफलता पर पर्दा डालने के लिए उनसे भूखे पेट भजन कराते रहना चाहती है, किन्तु विपक्षी कांग्रेस का भी वैसा ही जनविरोधी रवैया जनता को कैसे गवारा संभव है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कांग्रेस एवं इनके इण्डी गठबंधन ने आरक्षण व संविधान बचाने के नाम पर एससी, एसटी व ओबीसी का वोट लेकर अपनी ताकत तो बढ़ा ली, किन्तु अपना वक्त निकल जाने पर उनके भूख व तड़प को भुलाकर उनके प्रति यह क्रूर रवैया अपनाना क्या उचित? खेल का राजनीतिकरण हानिकारक जो अब और नहीं। गौरतलब है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह जिउ-जित्सु करते दिखाई दे रहे हैं। एक्स पर की गई पोस्ट के आखिर में उन्होंने लिखा है भारत डोजो यात्रा, कमिंग सून।

तपेदिक से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास जरुरी : अनुप्रिया पटेल

एजेंसी ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि भारत में तपेदिक का एक बड़ा बोझ है तथा इसे समाप्त करने की चुनौतियों पर विजय पाने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। पटेल ने गुरुवार देर शाम यहां हरियाणा में तपेदिक उन्मूलन में निजी अस्पताल मेदांता के मिशन टीबी फ्री अभियान के 10 साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए कहा कि हरियाणा में तपेदिक के वर्ष 2024 में 54 हजार 107 तपेदिक रोगियों को अधिसूचित किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि मेदांता ने इस क्षेत्र में विशेष भूमिका निभायी है। इसके अलावा राज्य सरकार, यूएसएआईडी और संपूर्ण चिकित्सा समुदाय ने सराहनीय काम किया है। इस अवसर पर मेदांता के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. नरेश त्रेहान और हरियाणा के जन स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में उप निदेशक-केंद्रीय तपेदिक विभाग उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह प्रयोग अब दिल्ली और उत्तर प्रदेश में भी दोहारया जा रहा है। इसकी शुरुआत लखनऊ से हुई है, तथा राज्य के अन्य जिलों तक विस्तार करने की योजना है। राज्य के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तपेदिक सेवाओं को और मजबूत किया जा रहा है। निजी क्षेत्र के सहयोग से निक्षय पोषण योजना जैसी प्रमुख पहलों को आगे बढ़ाया गया है और नैदानिक सुविधाओं का विस्तार किया है, जिससे टीबी की घटनाओं में 16 प्रतिशत की कमी आई है और टीबी से होने वाली मौतों में 18 प्रतिशत गिरावट देखी गयी है। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन का लक्ष्य केवल निरंतर सहयोग, अभिनव निदान और समुदाय-स्तरीय देखभाल से प्राप्त किया जा सकता है।

ऐसा सिस्टम बनाएंगे जिसमें कोई भी लड़की या महिला पीड़ित न हो

बेटियों-महिलाओं के मन में डर राष्ट्रीय चिंता का विषय : धनखड़

एजेंसी ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रपति के बस बहुत हुआ के आह्वान को आत्मसात करने की अपील करते हुए कहा है कि समान आचार संहिता महिलाओं के लिए न्याय का एक उपाय होगा। धनखड़ ने दिल्ली विश्वविद्यालय भारती महिला महाविद्यालय में विकसित भारत में महिलाओं की भूमिका विषय पर छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों और महिलाओं के मन में डर एक राष्ट्रीय चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, जहां महिलाएं और लड़कियां सुरक्षित नहीं महसूस करतीं, वह समाज सभ्य नहीं है। वह लोकतंत्र भी धूमिल हो जाता है। यह हमारे विकास के लिए सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने वित्तीय स्वतंत्रता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनना चाहिए। यह ऊर्जा और क्षमता को उजागर करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, लड़कियां हमारे देश के विकास में सबसे महत्वपूर्ण हिस्सेदार हैं। वे ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि अर्थव्यवस्था और अनौपचारिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। लिंग आधारित असमानताओं को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा, क्या हम कह सकते हैं कि आज लिंग आधारित असमानता नहीं है? समान योग्यता के बावजूद भिन्न वेतन, बेहतर योग्यता के बावजूद समान अवसर नहीं। यह मानसिकता बदलनी चाहिए। पारिस्थितिकी तंत्र को समान होना चाहिए, असमानताएं समाप्त होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय में कोलकाता के आर जी कर अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या के मामले में सुनवाई के दौरान सामने आयी एक टिप्पणी पर धनखड़ ने कहा, मैं आश्चर्यचकित हूं, मैं दुखी हूं और कुछ हद तक चकित हूं कि उच्चतम न्यायालय के बार के एक सदस्य और संसद का एक सदस्य ऐसे शब्दों का बोलते हैं? लक्षणात्मक रोग और यह सुझाव देते हैं कि ऐसी घटनाएं सामान्य हैं? शर्मनाक। ऐसी स्थिति की निंदा करने के लिए शब्द भी कम हैं। यह उस उच्च पद के साथ सबसे बड़ा अन्याय है। उपराष्ट्रपति ने इस तरह के बयान को अत्यंत शर्मनाक बताते हुए कहा कि ये बयान महिलाओं और बेटियों की पीड़ा को तुच्छ बनाते हैं। उन्होंने कहा, क्या आप पार्टी के हितों या व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए ऐसा कहते हैं? आप अपने अधिकार का इस्तेमाल करके इस तरह के घृणित अन्याय को बढ़ावा देते हैं? क्या मानवता के लिए इससे बड़ा अन्याय हो सकता है? हमारी बेटियों की पीड़ा को तुच्छ बनाया जाये? अब नहीं। धनखड़ ने नागरिकों से राष्ट्रपति के बस बहुत हुआ के आह्वान को आत्मसात करने की अपील की और कहा, राष्ट्रपति ने कहा, बस बहुत हुआ! आइए, इसे राष्ट्रीय आह्वान बनाएं। मैं चाहता हूं कि यह आह्वान सभी के लिए हो। चलिए संकल्प लें कि हम एक ऐसा सिस्टम बनाएंगे जिसमें कोई भी लड़की या महिला पीड़ित न हो। आप हमारी सभ्यता को नुकसान पहुंचा रहे हैं, आप अति क्रूरता का प्रदर्शन कर रहे हैं। किसी भी चीज को बीच में न आने दें और मैं चाहता हूं कि देश के हर नागरिक इस समय की सटीक चेतावनी को सुने। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत की वर्तमान प्रगति को महिलाओं की पूर्ण भागीदारी के बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत को एक विकसित देश के रूप में सोचने का विचार बिना लड़कियों और महिलाओं की भागीदारी के तर्कसंगत नहीं है। उनके पास ऊर्जा और प्रतिभा है।

चंदन यादव और उल्का बदले गए, कांग्रेस ने नए राष्ट्रीय सचिवों की नियुक्ति की

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में सचिव और संयुक्त सचिव की नियुक्ति की है। छत्तीसगढ़ में संपत कुमार, जारिता लैतफलांग को सचिव और विजय जांगिड़ को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी ने चंदन यादव और सप्तगिरी उल्का के स्थान पर नई नियुक्ति की है।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की 265 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

जल शक्ति मंत्रालय ने स्वच्छ गंगा मिशन के तहत जो परियोजनाओं को मंजू देती है जिस पर 265 करोड रुपए खर्च आने का अनुमान है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन-एनएमसीजी कार्यकारी समिति की हुई 56वीं बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई। स्वच्छ गंगा मिशन के तहत गंगा नदी के पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार के लिए इन योजनाओं को मंजूरी दी गई है। इससे गंगा में प्रदूषण कम होता है और गंगा की स्वच्छता कायम रखते हुए इसका संरक्षण सुनिश्चित होता है। एनएमसीजी के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में गंगा नदी के प्रदूषण को कम करने के लिए उत्तर प्रदेश के डलमऊ रायबरेली में मल कीचड़ प्रबंधन की एक महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी दी गई। परियोजना के तहत 15 किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र और एक सौर इन्वर्टर के साथ एक आठ केएलडी मल कीचड़ शोधन संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

पैरालंपिक निशानेबाजी में अवनि ने स्वर्ण मनीष ने रजत और मोना ने जीता कांस्य पदक

वार्ता ‹ पेरिस
www.dailypioneer.com

भारतीय महिला निशानेबाज अवनि लेखरा ने पेरिस पैरालिंपिक खेलों 2024 में निशानेबाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक, पुरुष निशानेबाज मनीष नरवाल ने रजत पदक एवं महिला निशानेबाज मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीते। निशानेबाजी के हुए फइनल मुकाबलों में अवनि ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 वर्ग स्पर्धा में, पुरुष निशानेबाज मनीष नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 वर्ग स्पर्धा में और मोना अग्रवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 वर्ग की स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः स्वर्ण , रजत और कांस्य पदक जीते। अवनि ने पैरालंपिक निशानेबाजी में नया रिकार्ड बनाते हुए 249.7 का स्कोर हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दक्षिण कोरिया की ली युनरी और अवनि के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। अवनि ने आखिरी शॉट पर 10.5 का स्कोर किया। वहीं कोरियाई निशानेबाज का आखिरी शॉट पर 6.8 का स्कोर रहा। युनरी को 246.8 के स्कोर के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं मोना अग्रवाल ने 228.7 का स्कोर करते हुए कांस्य पदक जीता। मनीष नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 के फाइनल मुकाबले में 234.9 अंक हासिल किए और रजत पदक अपने नाम किया।

केंद्रीय पर्यटन मंत्री की अध्यक्षता में पश्चिमी व मध्यवर्ती तथा संघ राज्य क्षेत्रों के पर्यटन मंत्रियों का सम्मेलन पणजी गोवा में सम्पन्न

मंत्री केदार कश्यप सम्मेलन में शामिल हुए और राज्य की आगामी 5 वर्षों की योजनाओं से अवगत कराया

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में पश्चिमी और मध्यवर्ती राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के पर्यटन मंत्रियों का सम्मेलन गोवा के पणजी में आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने भी भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के पर्यटन विकास की संभावनाओं और चुनौतियों पर चर्चा करना था। इस मौके पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने पर्यटन क्षेत्र में सुधार और नए आयाम जोड़ने के लिए विभिन्न राज्यों से सहयोग और समर्थन का आह्वान किया। पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास हेतु सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के साथ मिलकर कार्य करने के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा गोवा में पश्चिमी तथा मध्यवर्ती राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र के पर्यटन मंत्रियों के सम्मेलन का आयोजन किया गया। ताकि पर्यटन क्षेत्र के लिए संकल्पना निर्माण तथा विचार-विमर्श किया जा सके और एक साझा विजन तैयार किया जा सके। इस बैठक में वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों के विकास, वैकल्पिक गंतव्यों के विकास, मार्केटिंग और संवर्धन, पर्यटन क्षेत्र में कनेक्टिविटी, स्वच्छता, व्यवसाय करने की सुविधा और सुगमता में सुधार

के साथ-साथ पर्यटन में निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने संबंधी उत्कृष्ट कार्य पद्धतियों को साझा करने पर फोकस किया गया। सम्मेलन में राज्यों के प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्र, वैकल्पिक गंतव्य, मार्केटिंग और संवर्धन, व्यवसाय करने की सुगमता और निजी निवेश तथा स्वच्छता तथा पर्यटक सुरक्षा जैसे विषयों को शामिल किया गया। छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ में पर्यटन के विकास की संभावनाओं और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य के प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन स्थलों की क्षमता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की, साथ ही विकास की राह में आने वाली चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया। मंत्री कश्यप ने केंद्र से समर्थन और संसाधनों की मांग की ताकि छत्तीसगढ़ को एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित किया जा सके। मंत्री कश्यप ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़, प्राचीन स्मारकों, दुर्लभ वन्यप्राणियों, नक्काशीदार मंदिरों, बौद्ध स्थलों, राजमहलों, जलप्रपातों, गुफाओं और प्रागैतिहासिक काल के शैलचित्रों से परिपूर्ण राज्य है। हमारा राज्य ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के साथ गौरवशाली प्राचीन लोक संस्कृति का भी अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय से भी पूरा सहयोग प्राप्त होता रहा है। हमने अनेक परियोजनाएँ केंद्रीय सहायता से विकसित की हैं। स्वदेश दर्शन में 'ट्रायबल टूरिज्म सर्किट' विकसित किया है। प्रशाद योजना में डोंगरगढ़ का कार्य अंतिम चरणों में है। इसके पूर्व जगदलपुर, चित्रकोट, भोरमदेव, सिरपुर, रतनपुर, मैनपाट, राजिम, मल्हार आदि स्थलों को केंद्रीय सहायता से विकसित किया है। इसमें राज्य बजट से भी कार्य कराया गया है। इन विकास कार्यों से और पर्यटन के व्यापक प्रचार-प्रसार से अब यहाँ पर्यटक आने लगे हैं और लगातार पर्यटकों की संख्या बढती जा रही है। आने वाले समय में राज्य में शक्तिपीठ स्थलों का विकास किया जायेगा। हम रोपवे एवं क्रूज पर्यटन के विकास के लिये भी कार्यवाही कर रहे हैं। नयी पर्यटन नीति पर कार्य चल रहा है एवं पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने हेतु भी कार्यवाही चल रही है। हमने केंद्र की होमस्टे गाइडलाइन्स के आधार पर राज्य में 'होमस्टे एंड बेड-एंड-ब्रेकफास्ट' गाइडलाइन्स तैयार कर जारी की है। इको टूरिज्म पॉलिसी, एडवेंचर गतिविधियों की गाइडलाइन्स, वाटर एक्टीविटी लाइसेंस हेतु गाइडलाइन्स बनाने की भी तैयारी चल रही है। राज्य में पर्यटन को और गति देने के लिये हमें पर्यटन मंत्रालय से नयी योजनाओं की स्वीकृति की अपेक्षाएँ हैं। स्वदेश दर्शन 2.0 में चयनित डेस्टीनेशंस बिलासपुर एवं जगदलपुर के लिये भारत सरकार के स्तर से कंसल्टेंट नियुक्त किया जाना है। प्रशाद योजना में सूरजपुर जिले के कुदरगढ़ का कांसेप्ट प्लान जमा किया जा चुका है जिसकी स्वीकृति अपेक्षित है। अगले प्रस्तुतिकरण के अनुसार आगे भी नयी योजनाएँ तैयार हो रही हैं जिनके प्रस्ताव जल्द ही पर्यटन मंत्रालय को भेजे जायेंगे। मंत्री कश्यप ने कहा कि निजी सहभागिता एवं निवेश तथा छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के द्वारा निर्मित किये गए हाइवे मोटलों को संचालन एवं प्रबंधन हेतु लीज पर निजी क्षेत्र को सौंपे जाने की कार्यवाही की जा रही है।

मंत्री कश्यप ने राज्य की आगामी 5 वर्षों की योजनाओं से कराया अवगत

कश्यप ने आगामी 5 वर्षों की राज्य की योजनाएं से अवगत कराया जिसके तहत राज्य के पाँच शक्तिपीठों को जोड़ते हुए सर्किट विकसित करना, स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत बिलासपुर एवं जगदलपुर डेस्टीनेशंस के पर्यटन स्थलों का विकास। प्रशाद योजना के तहत सूरजपुर जिले के माँ कुदरगढ़ी देवी स्थल का विकास कार्य एवं रोपवे की स्थापना शामिल है। इसी तरह नवनिर्मित राजमार्गों एवं बायपास पर पर्यटकों के लिये वेसाइड अमेनिटी विकसित करना। पर्यटन गतिविधियों में स्थानीय लोगों की सहभागिता को बढ़ावा देना। ईको टूरिज्म, एग्री टूरिज्म, रूरल टूरिज्म एवं माइस टूरिज्म को बढ़ावा देना। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की आवासीय इकाईयों को लीज पर निजी क्षेत्र को संचालन हेतु दिया जाना जैसी योजनाएं भी शामिल है। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री सुरेश गोपी, राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खाउंते, मध्यप्रदेश से मंत्री धर्मेंद्र लोधी, राज्यों से आए पर्यटन मंत्रीगण एवं अधिकारीगण शामिल थे।

मां हीरा लखन फार्म हाउस में संचालक ने किया वृक्षारोपण

रामानुजगंज। जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत चंदनपुर में स्थित मां हीरा लखन फार्म हाउस के संचालक प्रमोद कुमार केशरी के द्वारा मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया गया। प्रमोद कुमार केशरी का मानना है कि ईश्वर द्वारा बनाई गई धरती की हरी-भरी गोद हमें हमारे पूर्वजों के पुण्य कार्यों के कारण मिली थी। हमारा भी दायित्व बनता है कि आने वाली पीढ़ी के लिये हम वृक्षारोपण के माध्यम से धरती माता की गोद को हरी-भरी करें। जन्म से लेकर अंतिम यात्रा तक वृक्षों का हमारे जीवन में अमिट योगदान रहेगा। इसी व्यवस्था को ध्यान में रखकर आने वाली पीढ़ी के लिये कार्य कर रहे हैं। जिस प्रकार हमारे माता-पिता हमारी देखभाल करते हैं, उसी तरह की देखभाल हम इन छोटे पौधों की करेंगे।

सुशासन की सरकार में सभी वर्गों को मिल रहा आगे बढ़ने का मौका

मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ प्रदेश कान्यकुब्ज ब्राम्हण महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ प्रदेश कान्यकुब्ज ब्राम्हण महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय का प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में सरकार द्वारा सभी समाजों को साथ लेकर समग्र विकास के कार्यों के लिए आभार जताया। मुख्यमंत्री साय को छत्तीसगढ़ प्रदेश कान्यकुब्ज ब्राम्हण महासभा के सदस्यों ने शॉल-श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि आपके नेतृत्व में राज्य में सुशासन की सरकार है, जिसमें प्रदेश के सभी वर्गों को आगे बढ़ने

का मौका मिल रहा है। शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के सभी वर्गों को मिल रहा है। प्रदेश में नई सरकार के आते ही किसानों, महिलाओं, युवाओं, आदिवासियों सहित गरीब तथा कमजोर वर्ग के लोगों के हित में अनेक फैसले लिए गए। इस तारतम्य में सरकार बनने के दूसरे ही दिन 18 लाख जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने तत्काल स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया। इसी तरह राज्य में किसानों को दो साल का बकाया धान बोनस दिया गया और महतारी वन्दन योजना के तहत एक हज़ार रुपये की राशि हर माह देकर 70 लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कान्यकुब्ज ब्राम्हण महासभा से अंजय शुक्ल, अध्यक्ष अरुण शुक्ल, अरविंद दीक्षित, श्याम शुक्ल, अटल त्रिवेदी, प्रदीप कुमार मिश्र, सुरेश मिश्र सहित अनेक सदस्यगण उपस्थित थे।

निरन्तर 40 वर्ष निगम सेवा देकर सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता राकेश अवधिया निगम जोन 3 में किये गए सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर में निरन्तर 40 वर्षों तक सेवा देकर सेवानिवृत्त नगर निगम जोन 3 के कार्यपालन अभियंता राकेश अवधिया का नगर निगम जोन 3 कार्यालय में जोन अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद साहू, पार्षद सुमन राम प्रजापति, अमीतेश भारद्वाज, अजीत कुकरेजा, जोन 3 जोन कमिश्नर जसदेव सिंह बाबरा, जोन कमिश्नर आर. के. डोंगरे, विमल शर्मा, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, जोन 3 अधिकारियों, कर्मचारियों ने श्रीफल, शाल, स्मृति चिन्ह देकर उनकी सेवाओं को

सम्मानित किया एवं कार्यपालन अभियंता श्री राकेश अवधिया को सुखी, स्वस्थ, दीर्घायु जीवन हेतु हार्दिक शुभकामनायें दीं।

सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत कक्षा 9वी के छात्राओं को सायकल वितरण किया

कसडोल। शासकीय मिनीमाता कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल में राज्य शासन की योजना सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत कक्षा 9वी के छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति अध्यक्ष पुनेश्वर नाथ मिश्रा, विशिष्ठ अतिथि के रूप में दुखीराम साहू (सदस्य शाला विकास समिति) विधायक प्रतिनिधि प्रशांत जायसवाल शामिल हुए। शाला समिति के अध्यक्ष ने बताया कि राज्य शासन के योजना अंतर्गत कक्षा नवमी के छात्राओं को सायकल वितरण किया गया जिससे छात्राओं को विद्यालय आने जाने में सरलता के साथ समय की बचत होगी, विद्यालय प्रशासन ने आज 58 छात्राओं को सायकल का वितरण किया। मिनीमाता कन्या स्कूल कसडोल क्षेत्र का बड़ा कन्या विद्यालय है जहां नगर सहित आसपास के ग्रामो से भी छात्राएं पढ़ती है जिनके लिए संसाधनों के लिए भी शाला विकास समिति ने प्रशासन को पत्र लिखा है। साइकल वितरण के इस आयोजन पर समिति सदस्य कमल श्रीवास, चंद्रभूषण बंजारे, कुमारी ध्रुव, तुमनाथ साहू तथा जिला पंचायत सभापति के प्रतिनिधि राघवेंद्र राव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ग्राम हर्राडाँड़ में लगाया गया नया ट्रांसफार्मर, बिजली आपूर्ति पुनः बहाल होने से लोगों को मिली राहत

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप गांव हो या शहर सभी जगह बिजली की आपूर्ति निर्बाध रूप से संचालित हो इसके लिए के विद्युत विभाग के द्वारा नई लाइन बिछाने के साथ ही समस्या आने पर तत्काल ट्रांसफॉर्मर, केबल और ग्रिप चेंज का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम हर्राडाँड़ में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित हो रही थी। इसके समाधान के लिए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन किया था। कैंप कार्यालय के निर्देश पर तत्काल यहां पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है, जिससे बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है।

उद्योग मंत्री देवांगन मुंगेली में जिला अधिकारियों की लेंगे बैठक

रायपुर। प्रदेश के वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम मंत्री तथा मुंगेली जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन आज शनिवार को मुंगेली जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे और सरकार की योजनाओं की समीक्षा करेंगे। मुंगेली जिले के प्रभारी मंत्री देवांगन 31 अगस्त को 11 बजे रायपुर से मुंगेली जिला के लिए कार द्वारा प्रस्थान करेंगे। एक बजे विश्राम भवन मुंगेली आगमन जनप्रतिनिधियों से भेंट मुलाकात करेंगे। इसके बाद अपरान्ह 3 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेंगे। तत्पश्चात श्री देवांगन 4.30 बजे मुंगेली से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर नियद नेल्लानार क्षेत्रों में बुनियादि सुविधाओं की मिल रही सौगात

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर नियद नेल्लानार क्षेत्रों में तेजी से बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के नियद नेल्लानार आपका अच्छा गांव योजना के तहत माओवाद प्रभावित क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। नियद नेल्लानार योजना के तहत सुरक्षा कैम्प के 5 किलोमीटर परिधि के गांवो में सड़क, बिजली, पानी, राशन, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सभी प्रकार की सुविधाओं का विस्तार तीव्र गति से किया जा रहा है। शासन के इस महत्वाकांक्षी योजना से अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणों में खुशी की लहर है। मुख्यधारा से जुड़कर यहां के ग्रामीण स्वयं के एवं अपने आने वाली पीढ़ी के सुखद भविष्य के लिए प्रफुल्लित नजर आ रहे है। स्थानीय कलेक्टर के मार्ग दर्शन में गत दिवस अति सुदूर क्षेत्र कांवड़गांव, हिरोली, पुसनार, गंगालुर, चेरपाल, पदेड़ा, रेगड़गुट्टा जैसे गांवों के ग्रामीणों को सुगमतापूर्वक जिला मुख्यालय पहुंचाने हेतु जनसुविधा बस को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि विष्णु देव साय की सरकार द्वारा हमारी कल्याण के लिए बनायी गई योजनाओं का अब समय पर क्रियान्वयन हो रहा है जिसका लाभ हम सबको मिलने लगा है। आवागमन की सुविधा के विस्तार होने से अब हम क्षेत्र वासी लाभान्वित होंगे।

शराबी ड्राइवर को पुलिस ने सिखाया सबक तो न्यायालय ने लगाए 33500 रुपए का अर्थ दण्ड

पायनियर संवाददाता ◂ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

पुलिस ने शराबी ड्राइवर को सबक सिखाते हुए न्यायालय में पेश किया जहां 33 हजार 500 रुपए की अर्थ दण्ड से दंडित किया गया। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड प्रदेश से छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रवेश करने के बाद आरटीओ बैरियर के समीप एक कार को ठोक दिया घटना की सूचना उपस्थित जनों ने तत्काल स्थानीय पुलिस को दी मौके पर पहुंचे पेट्रोलिंग पार्टी को भी ट्रक ड्राइवर ने नशे की हालत में पहचानने से इनकार कर दिया और आगे बढ़ता रहा उपस्थित जन सहयोग के माध्यम से 18 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीआर 8019 को रुकवाया गया तत्पश्चात गाड़ी को जप्त कर थाने में लगाई गई। शराबी ड्राइवर पुष्पेंद्र गुप्ता पिता इंद्र दत्त गुप्ता जिला सिद्धि निवासी मध्य प्रदेश का स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुलाहिजा कराने के बाद मोटर व्हिकल एक्ट के विभिन्न धारावो के तहत कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय में पेश किया गया। सुनवाई के दौरान विद्वान न्यायाधीश ने शराबी ड्राइवर को 33 हजार 500 रुपए की अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। गौर तलब है कि जिले के पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के द्वारा जिले के सभी थाना एवं चौकियों को निर्देशित किया गया है कि उस क्षेत्र से गुजरने वाले वाहनों की जांच पड़ताल करें और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◂ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष आर.एस. विश्वकर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने शासन के समस्त विभागों द्वारा पिछड़े वर्ग के हित में संचालित शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य यशवंत सिंह वर्मा, नीलाम्बर नायक,हरिशंकर यादव,शैलेन्द्री परगनिहां,कृष्णा गुप्ता उपस्थित थे। उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं सहित पात्र लोगों को निश्चित समय में अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध

कराने कहा जिससे अन्य पिछड़ा वर्ग का कोई भी व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित ना रहे। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र जैसे कार्यों को प्राथमिकता से समयावधि में निराकरण करने राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत, वन विभाग, आदिवासी विकास विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, पशुधन विकास विभाग मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास, खाद्य विभाग, विपणन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधान, उद्योग एवं व्यापार विभाग, श्रम विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के अद्यतन स्थिति सहित योजनाओं से अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभांवित हितग्राहियों की जानकारी ली गई।

राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था भिलाई डीपीएस स्कूल में बच्ची से दुराचार को लेकर कांग्रेस मुखर

भिलाई डीपीएस स्कूल मामले में एसपी की भूमिका की जांच की जाय

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा भिलाई के डीपीएस स्कूल में मासूम बच्ची के साथ हुई दुराचार की घटना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं अन्य कांग्रेस नेताओं ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था बदतर हो चुकी है। महिलायें कही सुरक्षित नहीं है। रायगढ़ में एक महिला के साथ 14 दरिंदे गैंग रेप करते है, चोरी, डकैती, हत्या, लूट, चाकूबाजी की घटनायें आम हो गयी है। स्कूलों में बच्चिया सुरक्षित नहीं है। भिलाई के डीपीएस स्कूल में 5 जुलाई 2024 को एक अबोध बच्ची के साथ छेड़छाड़ की गंभीर घटना हुई। 5 जुलाई को बच्ची जब घर आई तो उसकी परेशानी को देखते हुये उसी दिन भिलाई के ही बाल चिकित्सक के यहां बच्ची को ले जाया गया जहां पर उन्होंने साफ लिखा कि बच्ची के निजी अंगों में चोट है। उन्होंने कुछ दवाईयां भी लिखा। 20 जुलाई को जब बच्ची की तबियत खराब हुई तब उसे फिर से दूसरे डॉक्टर के पास ले जाया गया, डॉक्टर ने बच्ची के साथ गंभीर छेड़छाड़ की आशंका जताई। इस मामले में बच्ची के पालक लगातार स्कूल को शिकायत करते रहे लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुआ। इस मामले की जानकारी जब स्कूल के अन्य पालकों को हुई तब उन्होंने स्कूल के सामने मामले में कार्यवाही के लिये 2 अगस्त को प्रदर्शन किया। पुलिस ने जांच का आश्वासन दिया। 3 अगस्त को दुर्ग के पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में बयान दिया कि बच्ची के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है। अखबारों में छपी खबर गलत और भ्रामक है। जब एक न्यूज पोर्टल ने इस मामले की पूरी खबर लगातार छापा हो पुलिस अधीक्षक ने पालकों के वाट्सअप ग्रुप में न्यूज पोर्टल की खबर पर सवाल खड़ा करते हुये धमकाया कि न्यूज पोर्टल पर भी कार्यवाही हो सकती है। दुर्ग के पुलिस अधीक्षक के बच्चे भी उसी स्कूल में पढ़ते है। वे डीपीएस के पालकों का जो वाट्सअप ग्रुप है उसमें है, उस वाट्सअप ग्रुप में भी जब पालकों ने मामले पर आक्रोश जाहिर किया तो स्वयं पुलिस अधीक्षक इस प्रकार की घटना होने से इंकार कर रहे है। यह मामला बहुत ही गंभीर है, पास्को एक्ट का मामला है। एक अबोध बच्ची के साथ दुराचार का मामला है। नियमानुसार पहले इस मामले में एफआईआर होनी थी तब उसके बाद जांच किया जाना था। एक्ट कहता है कि किसी भी संज्ञेय अपराध में पहले जांच की जरूरत नहीं है पहले एफआईआर किया जाना चाहिये। पास्को एक्ट की धारा 21 में प्रावधान है कि कोई पुलिस अधिकारी रिपोर्ट लिखने में विफल रहता है तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए, जिसमें 6 माह का प्रावधान है। इस मामले में तो सीधे एसपी ने लापरवाही बरती है। पुलिस अधीक्षक ने बिना एफआईआर के कैसे जांच करवा लिया तथा घटना को गलत बता दिया। उन्होंने स्कूल केंपस में पालको से तथा मीडिया में घटना होने से इंकार किया। दो-दो चिकित्सकों की रिपोर्ट साफ बता रही है कि बच्ची के साथ गलत हुआ है फिर एसपी ने किस आधार पर यह कह दिया कि कुछ नहीं हुआ। पास्को एक्ट के तहत एफआईआर के बाद पुलिस ने मेडिकल बोर्ड के सामने बच्ची का परीक्षण क्यों नहीं करवाया गया? इस पूरे मामले में एसपी का बयान बेहद ही गैर जिम्मेदाराना तथा आरोपियों को बचाने वाला है। पुलिस का काम अपराध की जांच कर आरोपियों को सजा दिलाने का है न कि घटना को नकार कर मामले में पर्दा डालने का है। पालको के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक संगठन के लोगों ने भी मामले के जांच तथा पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़ा किया है। भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रशम दत्ता ने महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े को ज्ञापन देकर मामले की जांच कराने तथा पुलिस मामले पर पर्दा डाल रही है इसकी शिकायत किया। इस मामले में एसपी के खिलाफ कार्यवाही की जाय। वर्तमान जज की देखरेख में जांच करवाई जाय। पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच कराई जाय। प्राचार्य और पुलिस अधीक्षक की भूमिका संदिग्ध है। वह खुद पार्टी है, इनके खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही की जाय। पास्को एक्ट में अपराध कारित करने वाले के समान ही उसको छुपाने वाला भी दोषी है, अतः पुलिस अधीक्षक के विरुद्ध भी कार्यवाही की जाय।

छत्तीसगढ़ उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी को उत्कृष्ट प्रदर्शनी के लिए मिला प्रथम पुरस्कार

नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आयोजित है राष्ट्र स्टार की प्रदर्शनी, कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने दी बधाई और शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

देश की राजधानी नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आयोजित राष्ट्र स्टार की प्रदर्शनी एग्रीटेक इनोवेट इंडिया में छत्तीसगढ़ उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी को उत्कृष्ट प्रदर्शनी के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री राम विचार नेताम ने स्टॉल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है। उद्यानिकी विभाग के संचालक जगदीशन एस. के मार्गदर्शन में उद्यानिकी एवं वानिकी कृषकों की सफलता की कहानी पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। गौरतलब है कि नई दिल्ली में 29 से 31 अगस्त तक आयोजित एग्रीटेक इनोवेट इंडिया प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ शासन के उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाई गई है। इस स्टॉल में उद्यानिकी उत्पाद पुष्प, फल, सब्जी एवं प्रसंस्कृत उत्पादों से सुसज्जित कर प्रगतिशील कृषकों की सफलता की कहानी प्रदर्शित की गई। स्टॉल में सक्ती जिले की मल्लिका किस्म की आम एवं जेरेनियम का बना हुआ रूम फ्रेशनर आदि प्रसंस्कृत उत्पाद प्रदर्शित किया गया, जो मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रदर्शनी के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी के स्टॉल को आगंतुकों एवं जनप्रतिनिधियों सहित प्रबुद्धजनों द्वारा काफी सराहना मिल रही है। स्टॉल में दिल्ली सहित अन्य राज्यों के किसान उत्साह के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे हैं।

तीन दिवसीय सांपों के साथ सुरक्षित रहवास

पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि मध्य भारत में पाए जाने वाले जहरीले सांप, उनके जहर से बचाव और प्राथमिक उपचार सहित एंटी वेनम के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक कर वन्यजीव और मानव जीवन को बचाना हमारी प्राथमिकता है। इस दिशा में स्थानीय समुदाय को जागरूक करने के साथ ही पुजारी, गायता, सिरहा आदि पारम्परिक उपचारकर्ताओं तथा बस्तर के सामाजिक संरचना के स्थानीय नेतृत्वकर्ता मांझी,चालकी, नाईक-पाइक की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने सकारात्मक प्रयास की जाए। कलेक्टर विजय ने गुरुवार को वन विद्यालय जगदलपुर में आयोजित तीन दिवसीय सांपों के साथ सुरक्षित रहवास, पहचान, बचाव और उपचार प्रशिक्षण सह कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। कलेक्टर विजय ने इस कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों से इस मुद्दे को गंभीरतापूर्वक लेने और भविष्य में इस पहल को आगे बढ़ाने पर बल देते हुए कहा कि सांप की पहचान वाली कैटलॉग, ब्रोसर, फ्लेक्स तैयार कर स्कूलों और ग्राम पंचायतों में वितरित किया जाए। साथ ही 112 इमरजेंसी सर्विसेज सेवाओं के साथ जुड़ कर सांप रेस्क्यू करने वालों को शामिल किया जाए और लोगों को सही और वैज्ञानिक उपचार की जानकारी देकर जागरूक किया जाए। वहीं उपचार के लिए स्थानीय पारम्परिक उपचारकर्ताओं को विश्वास में लेकर उनका बेहतर सहयोग लिया जाए। जिला प्रशासन के सहयोग से कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सांप की पहचान, सर्पदंश की रोकथाम और सही उपचार के संबंध में प्रशिक्षण कार्यशाला 30 अगस्त तक चलेगी। इस कार्यशाला का उद्देश्य वन कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मियों और स्थानीय समुदाय के लोगों को सर्पदंश की घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना है। इस कार्यशाला का संचालन करते हुए स्नैकबाईट हीलिंग एंड एजुकेशन सोसायटी की अध्यक्ष और संस्थापक प्रियंका कादम ने ग्रामीण और वन क्षेत्रों में सांप के काटने की रोकथाम के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि भारत में सांप के काटने से होने वाली मौतें अन्य सभी मानव-वन्यजीव संघर्षों से अधिक है।कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्राथमिक चिकित्सा, सही प्रोटोकॉल और सर्पदंश के मामलों को प्रभावी ढंग से रोकथाम करने की जानकारी दी गई। साथ ही सांपों की पारिस्थितिकी में उनकी भूमिका और जैव विविधता के संरक्षण के महत्व पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य वनसंरक्षक बस्तर वन वृत्त श्री आरसी दुग्गा, निदेशक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान चूड़ामणि सिंह तथा निदेशक वन विद्यालय दिव्या गौतम ने भी प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित किया।

अनियमिताओं को लेकर स्कूल परिसर एनएसयूआई ने किया जंगी प्रदर्शन

जगदलपुर। बाल विहार विद्यालय में अनियमिता एवं व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया है। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना प्रभारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। शहर जिलाध्यक्ष विशाल खंबारी ने बताया कि विद्यालय में व्याप्त अनियमिताएं सामने आयी हैं, बाल विहार विद्यालय मान्यता विहीन हो गई है।छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा है। फर्जी टी.सी बनाकर दिया जा रहा है।बोर्ड परीक्षा के छात्रों का नामांकन माध्यमिक शिक्षा मंडल को नहीं भेजा गया है।विद्यालय द्वारा छोटे वाहनों पर तय सीमा से अधिक बच्चों को ले जाया जा रहा है। बोर्ड द्वारा जारी कोई भी गाइडलाइन का पालन नहीं हो रहा है। विशाल खंबारी का कहना है कि ऐसे स्कूलों में ताला लगना चाहिए।इस दौरान युवा कांग्रेस नेता विक्रांत सिह, तरणजीत सिंह, असीम सुता, ग्रामीण जिलाध्यक्ष नीलम कश्यप व अन्य मौजूद थे।

विवेकानंद स्कूल में सार्वजनिक शौचालय बनाने पर हंगामा

शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा वार्ड 16 के इतवारी बाजार में ऐतिहासिक विवेकानंद स्कूल धीरे धीरे लुप्त होने की कगार पर आ रही है। लगातार स्कूल के जमीनों पर हो रही अतिक्रमण से यह स्थिति उतपन्न हो रही है।

सेजेस बडेराजपुर में किया गया निःशुल्क साइकिल वितरण

■ विधायक टेकाम ने कहा बेटियों की शिक्षा की राह हुई आसान

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी व हिंदी माध्यम विद्यालय बडेराजपुर में दिनांक 30 अगस्त को सरस्वती साईकिल वितरण योजना के अंतर्गत कक्षा 9 वी में अध्ययनरत छात्राओं को केशकाल विधायक माननीय विधायक नीलकंठ टेकाम के हाथों निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। विधायक ने साईकिल प्राप्त सभी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह छत्तीसगढ़ शासन की स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदाय किया जाने वाला ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो ना सिर्फ बेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है बल्कि बेटियों की शिक्षा की राह को आसान करती है। छत्तीसगढ़ में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा छात्राओं के लिए सरस्वती साइकिल योजना की शुरूवात की गई है। सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9वीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार की बालिकाओं को साइकिल दी जाती है। ये योजना एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो ना सिर्फ बेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है, बल्कि इससे बेटियों की शिक्षा की राह आसान हुई है। कार्यक्रम में मंच संचालन निशांत सेनापति के द्वारा किया गया।अंत मे विद्यालय प्राचार्य सी. एल.मरकाम ने माननीय विधायक व समस्त जनप्रतिनिधियों के आभार व्यक्त करके कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक सेवक राम नेताम,संगीत पोयाम जनपद सदस्य बडेराजपुर, एस. एम.डी. सी.अध्यक्ष योगेश पांडे, सुखदास अध्यक्ष सेजेस पालक संघ समस्त जनप्रतिनिधियों सहित स्कूली छात्र छात्राएं व समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

चार महिलाओं को गांजा सहित किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

थाना बोधघाट ने चार महिला को रेलवे स्टेशन जगदलपुर से गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे में दो बैग है, पहला बैग चेकदार तथा दूसरा बैग गुलाबी हैं । बैग में नशा के रूप में उपयोग होने वाले मादक पदार्थ गांजा रखे है उनके पास दो छोटे बच्चे भी है। उक्त टीम के द्वारा रेलवे स्टेशन जगदलपुर में पहुंचकर घेराबंदी कर संदेह के आधार पर संदेही चार महिलाओं को पकड़कर पूछताछ करने पर रेवती यादव पति अमृत लाल यादव निवासी चक्रधर नगर पथलगाव जिला जशपुर, जयकुमारी चौहान पति भानुशाली चौहान निवासी बगड़ेगा लैलूंगा जिला रायगढ़, निराशो बाई चौहान पति लक्ष्मी चौहान निवासी रैनुमा धर्मजयगढ़ जिला रायगढ़, व सीमा चौहान पिता अमर विलास चौहान निवासी रैनुमा धर्मजयगढ़ जिला रायगढ़ के है जिनके संयुक्त कब्जे में रखे एक चेकदार हैंड बैग में रखे मादक पदार्थ गांजा 07.500 किलो तथा एक गुलाबी रंग के हैंड बैग में रखे मादक पदार्थ गांजा 07.900 किलो किमती लगभग 1,54,000/- रु. मिला। जिस संबंध में पूछताछ करने पर गांजा रखने का वैधानिक प्रत्युत्तर नही दिया गया। थाना प्रभारी बोधघाट के नेतृत्व में उक्त आरोपियों को 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया ।

लता उसेंडी ने कोंडागांव विधानसभा में मण्डल स्तरीय भाजपा सदस्यता अभियान की कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भाजपा आगामी 2 सितम्बर से पूरे देश में राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान की शुरुआत कर रही है। जिसके तहत प्रदेश स्तरीय, जिला स्तरीय कार्यशाला के पश्चात सभी मंडलो में अभियान की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। 30 अगस्त को कोंडागांव विधानसभा के बीजापुर और उत्तर मण्डल में भाजपा सदस्यता अभियान के तहत कार्यशाला रखी गयी। बैठक में लता उसेंडी ने बताया कि, 2019 के बाद अब 2024 में सदस्यता अभियान नए सिरे से शुरू हो रहा है। 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी के सदस्य बन कर सदस्यता अभियान की शुरुआत करेंगे। 5 सितंबर से मिस कॉल, लिंक के माध्यम से मंडल में सभी लोग भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बन सकते हैं। जिलाध्यक्ष दीपेश अरोड़ा ने बताया कि, 2 सितंबर से 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान चलेगा जिसमें भाजपा के सभी कार्यकर्ता इसे महापर्व की तर्ज पर पूरे क्षेत्र में इस अभियान को चलाएंगे। इस बैठक के दौरान जिला महामंत्री आकाश मेहता, अनिल अग्रवाल, जितेंद्र सुराना, मनोहर साहू, प्रतोष त्रिपाठी, खेमचंद नेताम, कृष्णा पोयाम, मीनू कोर्राम, संजू पोयाम, सुंदर बघेल,दयाल राम नेताम, मंगल सिंह बघेल, गेंद लाल शर्मा, गणपत पोयाम, निरन बघेल, जसवंत श्रीवास्तव, धुव मंडावी, रमेश नाग रामबाई बघेल, गौरचंद बघेल, दलीचंद बघेल, बैसाखू कोर्राम, राम दयाल प्रभाकर, हीरालाल मौर्य, अभिनेत्र सिंह, शुभम संचेती, महेंद्र पांडे, महेंद्र नेताम, धनीराम सोरी, कनक सोरी, प्रमिला मरकाम, प्रकाश तिवारी, रामलाल सलाम, लखीराम यादव के साथ सभी बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मर्दापाल का किया गया वार्षिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक कोंडागांव के द्वारा थाना मदापाल का वार्षिक निरीक्षण माह अगस्त 2024 में प्रस्तावित था, पुलिस अधीक्षक के द्वारा आज थाना मदापाल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना के समस्त अभिलेख, मालखाना, रिकार्ड रूम, बंदीगृह एवं थाने में उपलब्ध आर्म्स एम्युनेशन का निरीक्षण कर रख-रखाव करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुझाव दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से रूबरू होकर सभी की समस्याएं सुनी और समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया। थाने में उपस्थित विवेचकों को विवेचना संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। वर्तमान परिवेश को दृष्टिगत रखते हुए थाने के समस्त बल को बेहतर से बेहतर पुलिसिंग करने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये। पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाना परिसर का भ्रमण करते हुए थाना परिसर के सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सतीश भार्गव, स्टेनो डीपी नाग, थाना प्रभारी मदापाल रविशंकर ध्रुव एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्राकृतिक आपदा पीड़ित वारिस को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

कोंडागांव। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के एक प्रकरण में वारिस को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा माकड़ी तहसील के ग्राम मिरमिण्डा निवासी लखन ध्रुव की नाला के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी ललिता राठौर को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिस के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

मड़ानार के 28 गतकाज अपने गुरु से आशीर्वाद लेके राज्य स्तरीय खेल में शामिल होने अंबिकापुर प्रस्थान

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

सरगुजा में एक से चार सितंबर तक आयोजित 24वीं राज्यस्तरीय शालेय खेल के लिय संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर के आदेशानुसार डीईओ आदित्य चांडक डीएसओ एस आर मरकाम के मार्गदर्शन में मड़ानार के 16 बालक, 12 बालिका 28, गतकाज आज अपने प्रशिक्षण केंद्र में गांव की देवी देवताओं, गुरुजनों और गतका प्रशिक्षक शिवचरण साहू से आशीर्वाद प्राप्त कर राज्यस्तरीय खेल में शामिल होने अंबिकापुर प्रस्थान किए हैं। कोंडागांव जिले के ये सभी खिलाड़ी दल प्रबंधक अभय माने वरिष्ठ व्यायाम अनुदेशक बड़ांजी,अनुरक्षिका त्रिवेणी कुंवर व्याख्याता मड़ानार के अनुरक्षण में बस्तर संभाग प्रतिनिधीत्व करेंगे इस अवसर पर बच्चों की हौसला अफजाई के लिए प्राचार्य मनोज फिलिप प्रधानाध्यापक पीएल नाग शिक्षिका आरती बेर रंजीता तिग्गा ललिता समरथ उपस्थित रहें हैं।

रसोई में छुपा रखा था साढ़े तीन किलो गांजा

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिला अंतर्गत केशकाल थाना पुलिस ने 10 नवंबर 2020 की रात धनंजय पांडे (50) को नारकोटिक्स मामले में गिरफ्तार किया था। इस मामले में कोंडागांव के विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट उत्तरा कुमार कश्यप न्यायालय में दोष सिद्ध हो गया है। इस पूरे प्रकरण के संबंध में शासन की ओर से एनडीपीएस एक्ट विशेष लोक अभियोजक प्रभा मिश्रा ने जानकारी दी कि, धनंजय पांडे अपने घर की रसोई में बेचने के लिए साढ़े तीन किलो गांजा छुपाकर रखा था। आरोपी पर दोष सिद्ध होने से उसे 6 माह की सजा हुई है।

हाइड्रोसिफेलस के मरीजों का सफल ईलाज

पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर जिले के अंदुरुनी इलाकों में काफी देखने को मिलते हैं। इसका इलाज कराने के लिए राजधानी रायपुर में लाखों रुपये खर्च हो सकते थे। वहीं, मेकाज के न्यूरोसर्जन ने इस इलाज को निशुल्क करते हुए तीन बच्चों को नई जिंदगी दी। इसके बाद इन बच्चों का सामान्य तौर पर शरीर विकसित होने लगेगा। न्यूरोसर्जन डॉक्टर पवन बृज ने कहा कि इस तरह से बच्चों के सिर बढ़ने को हाइड्रोसिफेलस कहा जाता है। इन बच्चों में दो बालक व एक नौ साल की बच्ची भी थी। इस ऑपरेशन में एनथीसिया विभाग के डॉक्टरों के साथ ही सर्जरी विभाग के डॉक्टर ने भी अहम भूमिका निभाई। सुकमा जिले के गांव से तीन बच्चों के सिर का आकार बढ़ गया। उन्हें इलाज के मेकाज लाया गया था, जहाँ न्यूरोसर्जन डॉक्टर पवन बृज द्वारा वार्ड में भर्ती किया गया लगातार उपचार के बाद उनका ऑपरेशन किया गया।

पांचों आरोपियों को भेजा गया जेल

युवती से अनाचार करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी पीड़िता ने दर्ज करवाई कि 9 अगस्त को वह अपने नजदीकी रिश्तेदार के साथ घर से सिलाई मशीन लेने के लिए केशकाल गई थी जो घर वापसी के समय अपने पुरुष मित्र को कॉल करके घर छोड़ने के लिए कहती है पुरुष मित्र के साथ उसके चार दोस्त भी थे घर छोड़ते समय रास्ते के जंगल में मौका पाकर पुरुष मित्र एवम उसके दोस्तो ने पीड़िता के साथ बारी बारी से अनाचार किया पीड़िता को उसके पुरुष मित्र काल करके धमकी देता था की घटना की जानकारी किसी को बताई तो जान से मार देंगे इस भय से पीड़िता ने यह जानकारी किसी को नही बताई बीते दिन पीड़िता ने हिम्मत करके घटना की जानकारी अपने परिजन को बताई और थाना केशकाल पहुंचे। पड़िता के रिपोर्ट पर तत्काल बीएनएस की धारा 70, 351 (3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चधिकारियों को अवगत करवा कर तत्काल विवेचना शुरू की गई। कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार केशकाल पुलिस व सायबर सेल की विशेष टीम गठित की गई। आरोपियों की पतासाजी के दौरान तकनीकी मदद लेते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की गई। परिणामस्वरूप चंद घंटों में पुलिस टीम ने घटना में संलिप्त पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना अपराध स्वीकार किया है। तत्पश्चात् सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

संजय मार्केट सड़क पर महिला से हुई लुट मामले में एक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

नगर के संजय मार्केट के पास हुए महिला से लुट के मामले में कोतवाली पुलिस ने उत्तर प्रदेश से एक आरोपी इस्लाम मोहम्मद कुतुब नगर सहारनपुर को गिरफतार कर सेंट्रल जेल भेज दिया है। इस मामले दूसरा आरोपी अभी भी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि पीड़िता श्रीमती चंदा जैन निवासी जगदलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 29.06.2024 के सुबह पुजा करके वापस पैदल आ रही थी कि संजय मार्केट के पास दो अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थिया को अपनी बातों में उलझाकर हरिद्वार से आने का हवाला दिया था तथा भगवान का दर्शन कराने की बात कहकर अपनी बातों में उलझाकर प्रार्थिया चंदा जैन के पहने हुये गहने सोने का चैन,अंगुठी, एवं कान का झुमका व कनौटी कीमती 94,000 रूपये को धोखधडी कर जेवरात लेकर फरार हो गये है । पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना कोतवाली में धोखाधडी 420,34 भादवि0,112 भा0न्या0सं0 का अपराध पंजीबद्ध कर, अनुसंधान में लिया गया।

दो सितम्बर से आरंभ होगा भाजपा का सदस्यता अभियान : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

दो सितम्बर से भाजपा की सदस्यता अभियान आरंभ हो रहा है। भाजपा कार्यालय भाटापारा में शहर मंडल एवं ग्रामीण मंडल साथ ही सिंमगा में सिंमगा मंडल की सदस्यता अभियान को लेकर क्रमश विधानसभा स्तरीय कार्यशाला में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान की जानकारियों से अवगत कराया गया और अधिक से अधिक भाजपा के सदस्य बनाने कहा गया। सदस्यता अभियान में उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा दो सितम्बर से सदस्यता अभियान में सभी सहयोग करें।

उन्होंने कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के रूप में हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य करें। यह लक्ष्य जब संगठन व सत्ता के सामने होता है, तब वह आगे बढ़ता है। संगठनात्मक दृष्टि से सदस्यता अभियान हमें दो माह में पूर्ण करना है। दो सितंबर को प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। दो सितंबर को प्रधानमंत्री दिल्ली से सदस्यता ग्रहण कर अभियान शुरु करेंगे। अगले दिन तीन सितंबर को प्रदेश और चार सितंबर को जिला मुख्यालयों में और फिर मंडल मुख्यालयों तक समारोह पूर्वक सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी। शक्ति केन्द्र संयोजक, सह संयोजक व सदस्यता सहयोगी मिलकर 30 अगस्त तक अभियान की संरचना पूर्ण करेंगे। शिवरतन शर्मा ने कहा कि जन प्रतिनिधियों को भी सदस्यता का लक्ष्य दिया गया है ताकि सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़े और सभी कार्यकर्ताओं को 50 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। कागजी और आनलाइन सदस्यता का अपडेट केन्द्र तक जाएगा इसलिए सदस्यता फार्म और आनलाइन डाटा अपडेट रखना है। शर्मा ने सदस्यता अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी निर्धारित किए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सदस्यता अभियान में पूरे परिश्रम से कार्य करें। हमे हर बूथ में घर घर जाना है और भाजपा के सदस्यता अभियान पर्व को सफल बनाना है। कार्यशाला को टेशूलाल धुरंधर ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी, डॉ मोहन बांधे,सुनील यदु, आनंद अग्रवाल,आनंद यादव, मनिदर सिंह गुम्बर, आशीष जायसवाल, योगेश अंनत, गोपाल देवांगन, केजुराम बघेल, छोटू यादव, चंद्रमणि तिवारी, डब्लू ठाकुर, पवन वर्मा, खुमान वर्मा, प्रणव अवस्थी, विकास गुप्ता, राजा कामनानी, सतीश सोनी, कमलेश साहू, सतीश साहू, गोलू देवांगन, पीलू वर्मा, जीवन वर्मा, प्यारे रजक, बंटी टंडन, प्रेम चौबे, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल रहे।

स्वावलंबी भारत अभियान के माध्यम से 2 अक्टूबर तक उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

स्वावलंबी भारत अभियान की स्थापना भारत में युवा शक्ति को स्वरोजगार व उद्यमि बनाने के लिए की गई है । स्वावलंबी भारत अभियान का लक्ष्य वर्ष 2030 भारत को पूर्ण रोजगार युक्त बनाना है स्वावलंबी भारत अभियान के माध्यम से 21 अगस्त से 2 अक्टूबर तक उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इसी आयोजन के तहत दिनांक 28 अगस्त को लवन शासकीय महाविद्यालय में प्रोत्साहन का कार्यक्रम छात्रों के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में 150 से ज्यादा छात्र उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वाबलंबी भारत अभियान रायपुर बिलासपुर विभाग पूर्णकालिक प्रमुख शंकर त्रिपाठी जी उपस्थित रहे कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों के समक्ष नौकरी व रोजगार की चुनौतियों से निपटने के लिए स्वरोजगार व उद्यमिता मैं अपना करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों के सामने अनेक अनेक युवा व्यापारियों का उदाहरण सामने रखा वह उनसे सीखने और अपने पढ़ाई के साथ-साथ इस स्वरोजगार के विषय में भी सोचने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के सहायक प्रोफेसर अजय मिश्रा जी ने भी छात्रों का मनोबल बढ़ाया और इस दिशा में कदम उठाने के लिए सहयोग करने की बात रखी। इसी अभियान के तहत बलौदा बाजार जिले में स्वावलंबन केंद्र की बैठक रखी गई। बैठक में उपस्थित सेवानिवृत्त प्रिंसिपल जय नारायण केसरवानी, ज्ञानेशु वर्मा , सौरभ साहू व अन्य नगर के युवा उपस्थित थे। स्वावलंबन केंद्र जिले में स्वरोजगार, व्यापार , स्टार्टअप में युवाओं के मदद के लिए स्थापित किया जाएगा ।

कलेक्टर ने की न्यायलीन राजस्व प्रकरणों की समीक्षा समय सीमा के भीतर काम न करने पर जतायी नाराजगी

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के लिए आज राजस्व विभाग की कामकाज समीक्षा की है। उन्होनें बैठक मे कामकाज पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य पद्धति में आवश्यक सुधार लाने के निर्देश सभी संबधित अधिकारी कर्मचारी को दिए है। बैठक में जिले के सभी राजस्व न्यायालय के पीठासीन,नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम एवं शाखा प्रभारी डिप्टी तथा संयुक्त कलेक्टरों सहित उनके रीडर उपस्थित रहे। इस दौरान कामकाज में लापरवाही बरतने के चलते 4 पीठासीन के वाचक (रीडर) को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए 3 दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। 4 रीडर में एसडीएम सिमगा के सहायक ग्रेड 2 संतोष ध्रुव, तहसील सिमगा सहायक ग्रेड 3 दिगेंद्र गंधर्व, तहसील लवन से सहायक ग्रेड 3 आशुतोष प्रधान एवं उपतहसील निपनिया के सहायक ग्रेड 3 दिनेश ध्रुव शामिल है। इसके साथ ही जिन वाचको के खिलाफलंबे समय से एक ही स्थान में जमे होने एवं अन्य शिकायत हुई है उन्हे बदलने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिए है। उन्होंने दो टूक कहा की राजस्व का मामला आम आदमी से सीधा जुड़ा हुआ होता है। इन प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार का विलंब नही होना चाहिए। सभी प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर ही होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने नामांतरण,अविवादित बंटवारा,अभिलेख दुरुस्ती,भू-अर्जन, भू-भाटक, सीमांकन जैसे प्रकरणों का भी विस्तृत समीक्षा किए। उन्होंने कहा की सभी रिकार्ड को अनिवार्य रूप से दुरस्त एवं सभी प्रकरणों को शत प्रतिशत ई कोर्ट में दर्ज करने के निर्देश दिए है।

गरीब छात्र-छात्राओं को एक प्रतिशत ब्याज दर पर मिलेगा शिक्षा ऋण

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना के तहत राज्य गरीब छात्र-छात्राओं के उच्च शिक्षा के अध्ययन के लिए डिप्लोमा,स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर के कुल 35 तकनीकी एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को योजना में शामिल किया गया है। तकनीकी एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेशित ऐसे छात्रों को जो 2 लाख रूपये वार्षिक आय से कम आय वाले परिवारों से आते है। उनको मोरेटोरियम अवधि के पश्चात ऋण किश्तों के नियमित भुगतान की स्थिति में केवल 1 प्रतिशत की दर से ब्याज देय होगा। शेष ब्याज की राशि का भुगतान राज्य शासन द्वारा सीधे संबंधित बैंक को किया जायेगा। इच्छुक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा के अध्ययन के लिए छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए, छत्तीसगढ़ राज्य में स्थापित तथा सक्षम प्राधिकारी जैसे- ए.आई.सी.टी.ई.यू.जी.सी.मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम में प्रवेशित हो, अधिकतम पारिवारिक आय 2 लाख रूपये से अधिक नहीं होना चाहिए, शिक्षा ऋण अधिकतम सीमा 4 लाख रूपये देय होगा, ब्याज अनुदान का लाभ लेने के नियमित रूप से ऋण किश्तों का भुगतान अनिवार्य है, डॉप आउट एवं निष्कासित छात्र इस योजना के लाभार्थी नहीं बने रहेगें किन्तु चिकित्सीय कारणों से, एक वर्ष की अधिकतम सीमा तक अध्ययन में रूकावट होने की दशा में पात्रता रहेगी। योजना के अंतर्गत बीई/बीटेक, एमई, एम टेक, डी आर्क, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, एमसीए, एम.बी.ए, डीई, बी.पी.एड, एमपीएड, पी. जी. डी. सी . ए.बी. एच .एम. एस., बी.ए.एम.एस, बी.एन.वाई. एस, बी. एन. एस. , बी.यू. एम. एस, वी.एफएस. सी, बी.टेक डेयरी, बी.एग्री, बी.डी.एस, एमडीएस, एमबीबीएस, बीव्हीएससी, बीएससी नर्सिंग बेसिक तथा पोस्ट बेसिक, बी.फार्मा,एम फार्मा, डी फार्मा, डिप्लोमा इन मॉर्डन आफिस मेनेजमेंट, डिप्लोमा इन इंटीरियर डेकोरेशन एण्ड डिजाइन, डिप्लोमा इस कास्टयूम डिजाईन एण्ड ड्रेस मेकिंग, बीएड,डीएड, एमएड, के पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए योजना का लाभ लिया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 70 कौशल विकास प्राधिकरण,रायपुर कार्यालय दूरभाष नंबर 0771-2331231 सम्पर्क तथा वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है।

पुलिस ने टेउराम कॉलोनी भाटापारा में चोरी करने वाले एक अपचारी बालक सहित फरार 3 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

विजय सबलानी निवासी टेउराम कॉलोनी हेमू कल्याणी वार्ड भाटापारा द्वारा थाना भाटापारा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 27.07.2024 को मैं पारिवारिक काम से रायपुर गया था। कि 27-28 अगस्त की दरम्यानी रात्रि बड़े भाई द्वारा फोन कर बताया गया कि मेरे घर का ताला तोड़कर, घर अंदर प्रवेश कर किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। कि सूचना पर मैं सुबह 07:30 बजे लगभग अपने घर आया, तो देखा, कि मेरे घर का ताला टूटा था, अंदर सभी सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। किसी अज्ञात चोर द्वारा घर का ताला तोड़कर घर में रखे अलमारी को खोलते हुए उसमें अंदर रखा सोना चांदी के आभूषण एवं नगदी आदि चोरी कर लिया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र 380/2024 धारा 331(4),305(ए) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा 01.08.2024 को ही एक आरोपी सेंडी उर्फ संतोष उम्र का 21 वर्ष निवासी ग्राम देवरीडीह तोरवा बिलासपुर जिला बिलासपुर को गिरफ्तार कर लिया गया था, किंतु प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी फरार थे, जिनकी लगातार पताशाजी किया जा रहा था। आरोपी सेंडी उर्फ संतोष की गिरफ्तारी कि सूचना पाकर प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी बिलासपुर से भाग गये थे। घटना में शामिल बाकी आरोपियों का पता तलाश करने हेतु थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया गया। साथ ही जिला महासमुंद, जांजगीर, रायपुर जिले की पुलिस टीमों से भी सतत संपर्क में रहकर आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा था। कि इसी क्रम में प्रकरण में शामिल एक अपचारी बालक सहित 03 आरोपियों को पकड़ा गया। प्रकरण में शामिल अपचारी बालक के उपर जिला बिलासपुर में चोरी के 05 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं। साथ ही उसके द्वारा जिला महासमुंद, जांजगीर एवं रायपुर जिले में भी चोरी की घटनाएं कारित की गई है। आरोपियों से पूछताछ पर सभी ने एक साथ मिलकर भाटापारा शहर के टेउराम कॉलोनी में चोरी करना स्वीकार किया। कि प्रकरण में 29.08.2024 को सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने एवं अपचारी बालक को संप्रेषण गृह भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

टंक राम वर्मा राजस्व मंत्री सांकरा में जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंचे

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

धरसींवा विधानसभा के ग्राम सांकरा में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित निराकरण के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर आयोजित किए गए जनसमस्या निवारण शिविर में छत्तीसगढ़ के राजश्व मंत्री व बलौदाबाजार विधायक टंक राम वर्मा हुए सम्मिलित ।शिविर में अपनी अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे प्रत्येक नागरिक की समस्या को मंत्री वर्मा ने दर्ज कर गंभीरता के साथ त्वरित निराकृत किया गया, और जो कुछ समस्याएँ तुरंत हल नहीं हो सकीं हैं उनका भी शीघ्र-अतिशीघ्र तय समय सीमा में निदान कर दिये जाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिये गए। अवैध प्लाटिंग, भूमि अतिक्रमण के प्रकरणों पर जल्द से जल्द कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दे मंत्री के द्वारा शिविर स्थल पर ही दिए गए हैं साथ ही नल जल योजना के तहत प्रत्येक हितग्राही के घर में पेयजल पहुँचाने हेतु भी निर्देशित भी सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को दिये गए।

बेलसोंडा के हायर सेकंडरी स्कूल में बालिकाओं को किया गया सायकिल वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ बेलसोंडा/महासमुंद
www.dailypioneer.com

ग्राम बेलसोंडा के हायर सेकंडरी स्कूल में सरस्वती सायकिल योजना के तहत बालिकाओं को सायकिल का वितरण किया गया।शाला विकास समिति के अध्यक्ष बनने के बाद यह पहला कार्यक्रम रहा और मेरे लिए बहुत ही सुखद अनुभव रहा। सायकिल मिलने पर छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखते ही बनती थी। राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही ये महत्वकांक्षी योजना है जो न सिर्फ बेटियो को स्कूल आने जाने में मदद करती हैं बल्कि इससे बेटियो की शिक्षा की राह आसान हो जाती हैं। इस अवसर पर शाला विकास समिति के सदस्य गण एवं शाला की प्राचार्य शोभा सिंह देव मैडम एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

सिकासार जलाशय का जल भराव हुआ 97 प्रतिशत

गरियाबंद। सिकासार जलाशय के कैचमेंट एरिया में लगातार बारिश से जलाशय का जल भराव 193 मि.घन मी. हो गया है। जो कि जलाशय के कुल क्षमता के 97 प्रतिशत जलभराव है। जलाशय में 27 हजार क्यूसेक पानी की आवक बनी हुई है। जिससे जलाशय का जल स्तर निरंतर बढ़ रहा है। कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग गरियाबंद ने बताया कि बांध सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 29 अगस्त दोपहर 12 बजे से सिकासार जलाशय से 7 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। पानी की आवक में बढ़ोतरी होने पर पानी का डिस्चार्ज बढ़ाया जायेगा। बांध के निचले बहाव क्षेत्रों एवं बाढ़ संभावित इलाकों के लोगों को सतर्क करवाने के लिए एसडीएम गरियाबंद एवं बाढ़ नियंत्रण शाखा को सूचना दी गई है।

सरयू साहित्य की पहल रामायण समिति की योजना, तीन दिवसीय राष्ट्रीय रामायण

25 से 27 अक्टूबर भाटापारा मे राष्ट्रीय रामायण मेला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

चनात्मक कार्यो मे सतत सक्रिय तथा विभिन्न आयोजनों के माध्यम से सबके राम सबमे राम की अवधारणा को प्रसारित करने मे निरंतर प्रयत्नशील सरयू साहित्य परिषद द्वारा इसी कड़ी मे एक नयी पहल का आगाज किया जा रहा है, जिसके तहत भाटापारा मे एक भव्य आयोजन की संकल्पना बन रही है।तथा इस आयोजन के लिए एक आयोजन समिति का भी गठन किया गया है।

राष्ट्रीय रामायण मेला का आयोजन

राममय वातावरण एवं हर विधा मे राम चरित दर्शन का पर्याय है राष्ट्रीय रामायण मेला का आयोजन, प्रख्यात समाजवादी विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया की संकल्पना है राष्ट्रीय रामायण मेला जिसके तहत जहां एक ओर संतो एवं विद्वानों के पावन एवं प्रेरक वचनों का उदबोधन होता है वहीं सांस्कृतिक मंडलियों भजन गान तथा नाट्य विधाओं के सरस माध्यम से भगवान राम के चरित एवं जीवन वृत्त का मनोरम दर्शन होता है,कुल मिलाकर इस आयोजन के माध्यम से वातावरण राममय नजर आता है, भाटापारा मे भी इस भव्य आयोजन की रुपरेखा तैयार हो रही है,तथा आयोजन के संपादन के लिए राष्ट्रीय रामायण मेला समिति का गठन किया गया है, एवं नगर के प्रबुद्ध जनों रचनात्मक कार्यों मे रुझान रखने वाले तथा समस्त जनों की भागीदारी से आयोजन संपन्न करने का निश्चय किया गया है।

आयोजन के संबंध मे हुई बैठक

सरयू साहित्य की पहल एवं राष्ट्रीय रामायण मेला समिति की योजना को मूर्त रुप देने के लिए विविध जनों से संपर्क एवं चर्चा का दौर प्रारंभ किया जा रहा है तथा आयोजन के स्वरुप तथा विभिन्न मसलों पर चर्चा करने हेतु यज्ञशाला मे महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे आयोजन के स्वरुप निर्धारण आयोजन तिथि तथा विभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा हुई, सर्वसम्मति से आयोजन तीन दिवसीय 25 से 27 अक्टूबर यज्ञशाला नाका नंबर एक मे किये जाने का प्रस्ताव पारित होने के साथ विभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा हुई तथा निरंतर तैयारी बैठक किए जाने का निर्णय हुआ,बैठक मे प्रमुख रुप से सरयू साहित्य परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा यज्ञाचार्य कन्हैयाधर दीवान, बिहारी लाल अग्रवाल, मुकेश शर्मा, ललित सिंह ठाकुर, संतोष पाण्डेय, सरोज अग्रवाल, भंवर सिंह साहू, दिनेश शर्मा, जीवन दास मानिकपुरी आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

रामसप्ताह समापन जुलुस के प्रशासनिक व्यवस्था रहा तारीफे काबिल

शोभायात्रा मे पुलिस प्रशासन की सक्रियता की चंहुओर सराहना

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

संस्कार संस्कृति और संवेदना ये संरक्षण के तत्व होतें है क्योंकि इनका ह्रास व्यक्ति ही नहीं पूरे समाज को प्रभावित करता है, और इनके आधार होते है हमारे पर्व त्यौहार तथा इनके सुचिता पूर्ण संचालन से समाज को सकरात्मक उर्जा ही नही मिलती वरन प्रमुख मानवीय मूल्यों के विकास मे भी सहायता मिलती है, भाटापारा के ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहर अखंड राम नाम सप्ताह के आयोजन खासकर समापन शोभायात्रा को लेकर कुछ वर्षों से जनमानस के बीच जो ऐहसास उभर कर सामने आ रहे थे, वे निःसंदेह चिंता एवं चिंतन के सबब बनते हुए प्रतीत हो रहे थे।

अव्यवस्था भरी पीड़ा की बानगी

उल्लास के बीच स्वच्छंदता और उदंडता कुछ वर्षों से जनमानस इस महत्वपूर्ण अनुष्ठान पर महसूस कर रहा था, समापन शोभायात्रा मे अव्यवस्था और अशांति के पुट मसलन लड़ाई झगड़ा उटपटांग हरकत जैसी दुखद बानगी लोगों के बीच कटु अनुभव के रुप मे उभर रही थी, तथा हर वर्ष आयोजन संपादन के पश्चात इन पहलुओं को लेकर पीड़ा और आक्रोश के स्वर के साथ चिंता की बानगी भी प्रकट होती हुई प्रतीत होती थी, तथा जनमानस के बीच लंबे समय से एक स्वर मे यही आवाज उठ रही थी कि इस ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर की सुचिता समृद्धि अत्यंत आवश्यक है।

इस वर्ष पुलिस प्रशासन की अहम पहल

इस वर्ष फिजा मे बड़े बदलाव के दर्शन होते हुए प्रतीत हुए, 20अगस्त को अखंड राम नाम सप्ताह के प्रारंभ होने के साथ ही पुलिस प्रशासन की सक्रिय एवं मुस्तैद भूमिका नजर आने लगी, तथा यातायात से लेकर विभिन्न पहलुओं पर प्रशासन की संजीदगी भरी सक्रियता नजर आयी, शोभायात्रा के पूर्व ट्रांसपोर्टर की बैठक असमाजिक तत्वों की धरपकड़ से लेकर शोभायात्रा के दिन बेरिकेटिंग के जरिए आवागमन को व्यवस्थित करने की कवायद तथा विभिन्न स्थलों पर पार्किंग बिन्दु के चिन्हांकन सहित शोभायात्रा मार्ग मे विभिन्न स्वरुपों मे सक्रियता वातावरण को व्यवस्थित एवं अव्यवस्था का निदान करती हुई नजर आयी, जिससे उमंग उल्लास तो जमकर बिखरा लेकिन स्वच्छंदता एवं उदंडता पर लगाम लगती हुई नजर आयी,प्रशासन की उपरोक्त भूमिका की नगर मे सराहना भी हो रही है।

सराहना के साथ बढ़ रही आस

भाटापारा की पहचान कहे जाने वाले तथा एक तरह से क्षेत्र की संस्कृति एवं संस्कार का प्रतीक माने जाने वाले अखंड राम नाम सप्ताह के अनुष्ठान मे प्रशासन की संवेदना भरी सक्रियता को लेकर जनमानस के बीच सराहना के भाव तो उभर ही रहें है,साथ ही साथ अब एक आस भी जन्म लेती हुई प्रतीत हो रही है, गौरतलब है कि लंबे समय से क्षेत्र मे कानून व्यवस्था कि स्थिति को लेकर चिंता एवं पीड़ा का माहौल बना हुआ प्रतीत हो रहा है,आये दिन विभिन्न अपराधिक घटनाओं की बढ़ती तादाद एक तरह से क्षेत्र को चिंता एवं असुरक्षा की ओर ढकेलती हुई प्रतीत हो रही है, चूंकि इस आयोजन के जरिए प्रशासन द्वारा जिस तरह से संजीदगी एवं सक्रियता का परिचय देते हुए ऐतिहासिक आयोजन मे सुचिता संरक्षण के लिए अहम कदम उठाया गया, अब जनमानस मे यह आस जग रही है कि यही सक्रियता अब विडम्बनाओ के लगाम पर भी नजर आयेगी।

एसपी व कलेक्टर का मिला विशेष सहयोग

गौरतलब है कि इस बार के रामसप्ताह जूलूस मे लगभग 40 से 50 हजार श्रद्धालुओं की भीड कि रहेगी होगी व लगभग दूरदराज के गाँव से आये रामसप्ताह की 87 टोली थी इस आस्था के महापर्व के सुचारु व्यवस्था बनाये रखने हेतु स्थानीय प्रशासन को कलेक्टर व एसपी का भरपुर सहयोग मिला जिसके कारण शहर के मुख्य चौक चौराहे पर सुबह से लेकर रात तक पुलिस की मुस्तैदी देखा गया वही शाम के बाद शराब दुकान भी बंद रही ये सभी प्रशासनिक कसावट के चलते अपराधिक त तत्व हावी नही हो सके जिसके चलते कही भी किसी भी प्रकार का अपराधिक प्रकरण निर्मित नही हो सका व रथ यात्रा के अंतिम पडाव के देर रात्रि तक प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारियों अपने दायित्वों के निर्वहन के लिये डटे रहे जिसमे मुख्य रुप से एडिशनल एसपी हेमसिंह सिदार एसडीएम नितिन तिवारी एसडीओपी एश्वर्य चन्द्राकर शहर थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ग्रामीण थाना टीआई अमित पाटले तहसीलदार चित्रलेखा चंद्रवंशी नायब तहसीलदार अग्रवाल व पटेल सहित अन्य थानों के थाना प्रभारी व आसपास के जिले से आये पुलिस बल साथ ही स्वास्थ्य विभाग व लोकनिर्माण विभाग का उक्त आयोजन को लेकर विशेष सहयोग रहा

झलप में सरस्वती सायकल वितरण

झलप । कन्या हाई स्कूल झलप में आज छा ग शासन की योजना सरस्वती सायकल वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से अतिथि भाजपा नेत्री ललिता अग्रवाल ,शाला विकास समिति अध्यक्ष दुकाला साहू, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राकेश साहू भाजपा नेता बली पटेल,बूथ अध्यक्ष संतोष पंडा,भाजपा मोर्चा उपाध्यक्ष पुरन मार्कण्डेय ,संजय दुलु यादव , प्राचार्य पी. आर पटेल , व्याखाता गिरधारी लाल पटेल ,व्याखाता बेनेडिक्ट तिर्की , व्याखाता बलिराम ठाकुर, व्याखाता सुनन्दा शर्मा, व्याखाता नीता साहू , व्याखाता वंदिता यदु, व्याखाता शालिनी दीवान, खिलेश्वरी पटेल, कुसुम पटेल , नरेंद्र माहेश्वरी पूरे स्टाप सहित विधार्थी उपस्थित रहे।

भ्रष्टाचार की काली कमाई, अधिकारी का मुंह लगा बाबू हो रहा मालामाल

मीडिया मैनेजमेंट के नाम पर अधिकारियों से कर रहा वसूली

पायनियर संवाददाता ≺ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले के अधिकारी का मुंह लगा बाबू भ्रष्टाचार की काली कमाई को वसूलकर मालामाल हो गया है। जबसे यह बाबू पदस्थ है, तबसे लेकर अब तक विभिन्न कार्यक्रमों में आने वाले खर्च चाहे वह अधिकारी के बच्चे के जन्मदिन का अवसर हो, या बंगले में वस्तुओं के सप्लाई के नाम पर, ऑफिस के चाय-पानी का खर्च हो, यहां तक मीडिया को मैनेज करने के नाम पर भी यहां पदस्थ अधिकारियों से वह समय-समय पर राशि वसूल कर रहा है। यह राशि का हिसाब-किताब नहीं रहता, और न ही इस बाबू ने किस कार्य के लिये कितना वसूला है, इसकी जानकारी भी यह बाबू अपने वरिष्ठ अधिकारी को नहीं देता। इसी की आड़ में खर्चों में कटौति कर भारी-भरकम राशि अपनी स्वार्थपूर्ति में लगा रहा है। यहां पदस्थ एक महिला कर्मी की भी इसमें भागीदारी की खबर प्राप्त हुई है। उक्त बाबू के द्वारा भ्रष्टाचार की काली कमाई की शिकायत अब कुछ लोगों द्वारा एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर को किये जाने की जानकारी प्राप्त हो रही है।

मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि पिछले राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर इस बाबू ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से राष्ट्रीय पर्व के आयोजन, मंत्री और वीआईपी के भोज, वरिष्ठ अधिकारी के बच्चे के जन्मदिन के अवसर पर गिफ्ट, बंगले में विभिन्न वस्तुओं की आवश्यकता के नाम पर, यहां तक शासकीय वाहन में डीजल डलाये जाने के नाम पर भी इस बाबू ने भारी-भरकम राशि अधिकारियों से वसूल की है। यह प्रक्रिया जबसे वे यहां पदस्थ हैं, तबसे लेकर अब तक बदस्तूर जारी है। यहां जिले के अधिकारी नतमस्तक होकर उक्त बाबू के चेंबर में बा-अदब, बा-मुलाहिजा प्रवेश करते हैं और अपने विभाग की ओर से विभिन्न कार्यों के नाम पर लगने वाली राशि को भेंट स्वरूप देते हैं। कुछ अधिकारी, जिले के एक अधिकारी के नाम पर लोगों से तोहफा इत्यादि भी ले रहे हैं। हद तो यह है कि इस बाबू ने मीडिया के नाम पर भी भारी भरकम राशि पिछले राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर वसूल की है जिसका बंटवारा बकायदा क्रमबद्ध तरीके से अपने चेंबर में बुला-बुलाकर उसे बांटा

गया है। इस कार्य की जानकारी ऐसा नहीं है कि जिले के वरिष्ठ अधिकारी को नहीं है। लेकिन वे मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे हैं। यह वसूली 26 जनवरी, होली, 15 अगस्त, दीपावली के समय अक्सर वसूल की जाती है। लेकिन उस राशि में से कटौति कर शेष राशि को यह बाबू अपने स्वार्थपूर्ति के लिये बचा लेता है जिसके चलते जिले के अधिकारियों में भी इसके प्रति नाराजगी बढ़ते जा रही है। समय रहते अगर इस पर लगाम नहीं लगाया गया तो कभी भी बड़ा विस्फोट होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

बताया जाता है कि इससे पूर्व भी इस बाबू द्वारा क्वार्टर एलाटमेंट के नाम पर, सप्लाई के नाम पर पैसे की वसूली की गई है। इसके बाद जिले के वरिष्ठ अधिकारी के वाहन में डीजल इत्यादि डलाये जाने के नाम पर भी भारी भरकम राशि वसूल की गई है जिसके कारण उक्त विभाग में विभिन्न शासकीय कार्यों के लिये फंड की कमी बताई जा रही है। इसी तरह अनेक अवसरों पर इसकी वसूली चहुंओर चर्चित हो रही है। कुछ अधिकारियों से इस बाबू ने अपनी सहायिका के माध्यम से भारी भरकम राशि वसूल की है। जिले के वरिष्ठ अधिकारी के नीचे बैठे इस मुंहलगे बाबू की करतूतों के लेकर जिले के कुछ अधिकारियों में नाराजगी भी देखी जा रही है क्योंकि ऐसे अधिकारी दोहरे तरीके से अतिरिक्त आर्थिक भार का बोझ उठा रहे हैं। भ्रष्टाचार में लिप्त ऐसे अधिकारी के खिलाफ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मिलने वाली शिकायतों को इसी कारण नजरअंदाज कर दिया जाता है जिसके कारण शासन की छवि भी धूमिल हो रही है। अनेक ग्रामीणों ने विभिन्न मामले को लेकर कलेक्टोरेट में शिकायत प्रस्तुत की है। उसके बाद भी आवक जावक में देने वाली शिकायतों की कोई जांच नहीं हो पाती और इसी के नाम पर संबंधित विभाग से राशि की वसूली होते आ रही है जबकि शिकायतकर्ताओं के द्वारा लगातार शिकायत करने के बाद भी जांच नहीं होना अनेक संदेहों को जन्म देता है जिससे ऐसे लोग आवक जावक शाखा में दिये जाने वाले आवेदन को देने में कतराने लगे हैं।

खबर के मुताबिक आवक-जावक में शिकायतकर्ताओं द्वारा जो शिकायतें इस बाबू के पदस्थापना के समय से दी जा रही है, उसकी जांच इसी कारण नहीं हो रही है क्योंकि उक्त शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को बताकर उसके खिलाफ कोई जांच नहीं होने का आश्वासन देकर यह राशि वसूल की जाती है और तुर्रा यह कि इसे मीडिया में प्रकाशित नहीं होने का वादा कर मीडिया मैनेजमेंट के नाम पर लाखों रूपये वसूला जा रहा है। लगातार इस बाबू की वसूली से एक ओर शिकायतकर्ताओं की लंबी-चौड़ी गंभीर शिकायतें रद्दी की टोकरी में दम तोड़ रही है वहीं दूसरी ओर मीडिया में खबरें प्रकाशित होने पर संबंधित अधिकारी इस बाबू एवं उसकी सहायिका पर नाराज होते दिखाई दे रहे हैं। कलेक्टोरेट में पदस्थ इस बाबू की करतूत अब लोगों के नजरों में भी आ चुकी है और वे बजाय आवक जावक शाखा में शिकायत करने के वे सीधे प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों को दे रहे हैं। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने जनसंपर्क विभाग प्रत्येक जिले में कार्यरत है। लेकिन इस विभाग की दरकिनार कर उक्त बाबू मीडिया मैनेजमेंट के नाम पर लगातार लाखों की वसूली कर मालामाल हो रहा है। अब देखना है कि इस मामले को लेकर कलेक्टर नम्रता गांधी क्या रूख अपनाती हैं?

17 दुकानों पर निगम का छापा मारकर जप्त की प्रतिबंधित प्लास्टिक, लगाया 20 हजार 7 सौ रुपए जुर्माना

पायनियर संवाददाता ≺ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में प्लास्टिक बैन का सख्ती से पालन शुरू हो गया है।नगर निगम की छापा मारी टीम द्वारा ग्राहक बनकर दुकानदारों के पास पहुंचती है और छापा मार कार्रवाई करती है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग एवं बाजार विभाग, नगर निगम की टीम ने इंदिरा मार्केट एवं हटरी बाजार में 15 दुकान एवं 2 होटल में पर छापामार कार्रवाई करते हुए 20 हजार 7 सौ रुपये जुर्माना वसूला।35 किलो पॉलीथिन जप्त किया गया। बता दें कि नगर निगम दुर्ग में सिंगल यूज प्लास्टिक से बने उत्पादों को पूर्णरूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई करने के लिए टीम का गठन किया है। टीम गठित होते ही स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, अतिक्रमण एवं राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं बाजार अधिकारी ईश्वर वर्मा आयुक्त के निर्देश पर प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई करने इंदिरा मार्केट पहुँचकर अभियान तेज कर दिया है। टीम द्वारा प्रत्येक बाजार क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर दुकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में छापेमार कार्रवाई की जा रही है।इसके अलावा कार्रवाही के दौरानअग्रवाल मिष्ठान भंडार,शंकर होटल, गोपाल स्वीट जांच करने पहुचे अधिकारी,जांच के दौरान गंदगी मिलने पर अग्रवाल मिष्ठान,शंकर होटल एवं गोपाल स्वीट इन तीनो दुकानों से 4500 रुपये का जुर्माना लगते हुए दुकान में गंदगी न फैलाने की सख्त चेतावनी दी गई। जहां भी सिंगल यूज प्लास्टिक व प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय करते हुए पाया जा रहा है वहां इसे जब्ती करते हुए जुर्माना भी वसूला जा रहा है।नगर निगम प्रशासन ने प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील शहरवासियों से की है। शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के लिए यह आवश्यक है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें। किसी भी प्रकार की सामग्री लेने के लिए कपड़े से बने थैले इत्यादि का उपयोग करें।

सेंट जेवियर स्कूल के सामने कचरा डंपिग प्वांइट को खाली कर, स्वच्छ साफ-सुथरा स्थल बनाया

पायनियर संवाददाता ≺ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 02 वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत कचरा डपिंग प्वांइट को हटाने की कार्यवाही की गई। वार्ड क्र. 14 सड़क नम्बर 09 सेंट जेवियर स्कूल के सामने कचरा डपिंग प्वांइट बना दिया गया था। जिसकी शिकायत मिल रही थी अड़ोस-पड़ोस के लोग कचरा लाकर वहां डाल रहे थे। जिसे निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर स्थल निरीक्षण कर डपिंग प्वांइट को व्यवस्थित किया एवं स्थल पर चेतावनी बोर्ड लगा दिया गया है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव को

शिकायत मिली थी कि जोन 02 वैशाली नगर क्षेत्र में सेंट जेवियर स्कूल के सामने कचरा डपिंग किया जा रहा है, जहां से आने-जाने वालो को गंदगी एवं बदबु का सामना करना पड़ता था। छात्र पढ़ाई-लिखाई करते हैं, शिकायत के आधार पर आयुक्त ने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये, कि संबंधित स्थल का निरीक्षण कर वहां को व्यवस्थित करावे, जिससे नगर को स्वच्छ सुंदर व्यवस्थित बनाना है। निर्देश उपरांत स्वास्थ्य विभाग का अमला मौके पर पहुंच कर सफाई किया व चूने की मार्किंग की गई। स्थानी लोगों को समझाइस दी गई कि दोबारा यहां पर कोई कचरा नहीं फेंकेगा। कचरा फेकते हुए पाये जाने वालों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। महापौर नीरज पाल ने कहा है कि ऐसी जगह का पर सौंदर्यकरण कर दिया जाएगा। इसमें स्थानी निवासियों के सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी। हम सब का उद्देश्य है हमारा नगर निगम स्वच्छ सुंदर व्यवस्थित हो । जो सबके सहयोग से ही संभव होगा। कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य विभाग जावेद अली, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा एवं सुपरवाइजर अंजनी सिंह अपने दल के साथ उपस्थित रहे।

दुर्घटना में मृतक के विधिक प्रतिनिधि को मिली आर्थिक सहायता

दुर्ग। कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त ऋचा प्रकाश चौधरी ने सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर 3 लाख 75 हजार रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेलगुपारा म.न. 120, टंकी मरोदा भिलाई जिला दुर्ग निवासी अरशदीप की विगत 12 दिसम्बर 2022 को एवं ग्राम बोरीगारका थाना उतई जिला दुर्ग निवासी चंदन कुमार की विगत 12 मई 2022 को "टक्कर मारो और भाग जाओ" वाहन दुर्घटना के चलते मृत्यु हो गई थी। उक्त घटना में मृतक अरशदीप के विधिक प्रतिनिधि परमजीत सिंग को प्रतिकर राशि एक लाख 75 हजार रूपए एवं मृतक चंदन कुमार के विधिक प्रतिनिधि धनेश कुमार को कलेक्टर द्वारा दो लाख रूपए प्रतिकर के रूप में आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का स्वागत

पायनियर संवाददाता ≺ पाटन
www.dailypioneer.com

स्व. दाऊ. रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय रानीतराई में छात्र-छात्राओं द्वारा फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समस्त प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का परिचय तथा अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. आलोक शुक्ला ने कहा कि छात्र अपने जीवन में अनुशासन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण को आत्मसात करें। वरिष्ठ सहायक अध्यापक चंदन गोस्वामी ने कहा कि छात्र कड़ी मेहनत कर उज्जवल भविष्य का निर्माण करें। छात्र-छात्राओं ने डॉ. रेश्मी महिर्श्र, अंबिका ठाकुर बर्मन, आराधना देवांगन, एस. सिद्दीकी, कुमारी रेणुका वर्मा तथा अतिथि व्याख्याताओं में टिकेश्वर पाटिल, कु. शिखा मढरिया, कुमारी अंजली देवांगन एवं कार्यालय से नरेश मेश्राम एवं कुमारी सीमा वर्मा का पुष्प गुच्छों से स्वागत किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रथम सेमेस्टर के छात्र पुरुषोत्तम एवं द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी ममता साहू द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत से लोगों को मंत्रमुग्ध किया तो वहीं कुमारी लतिका, कुमारी तेजेश्वरी, कुमारी प्राची, कुमारी हंस ,कुमारी मोनिका एवं कुमारी विनीता द्वारा आकर्षक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र-छात्राओं में दुर्गेश वर्मा, कुमारी चेतन सिंहा, ओमश्री, प्रवीण, दीपक, मनीष, विकास, डिंपल, वेदिका, देविका, तिमिषा, लक्ष्मी, पायल, नेहा, चुनर, गीतेश्वरी, मनीषा, रंजन, गुलशन एवं रेशम ने सक्रिय सहयोग दिया।

सड़क पर अतिक्रमण, ठेले-गुमटी को जेसीबी से हटाया

पायनियर संवाददाता ≺ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग क्षेत्र में होने वाले अवैध कब्जे पर निगम टीम निगरानी करते हुए उनके विरुद्ध लगातार कार्रवाही कर रही है,नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने गुरुवार की शाम को नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड क. 15. धमधा नाका रोड, सिकोला, दुर्ग में कब्जाधारी चमन वर्मा,पिता प्रकाश वर्मा द्वारा सड़क क्षेत्र में गुमटी लगाकर व्यवसाय करते हुए अतिक्रमण कर कब्जा किया गया था, जिससे सड़क क्षेत्र एवं आवाजाही बाधित हो रही है।अनावेदक द्वारा काबिज भूमि के आबंटन के संबंध में न्यायालय तहसीलदार दुर्ग का आदेश 22 दिसम्बर राप्रके अ-74/21-22 के तहत भूमि आबंटन की मांग को

खारिज किया जा चुका है। जिसको नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर भवन निरीक्षण विनोद मांझी, भवन, निरीक्षक करण यादव के नेतृत्व में निगम अतिक्रमण अमला एवं मोहन नगर पुलिस बल की मौजूदगी में सड़क क्षेत्र में गुमटी लगाकर आवाजाही बाधित को कब्जा को हटाकर कब्जा मुक्त किया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान : संभागायुक्त और कलेक्टर ने किया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ≺ दुर्ग
www.dailypioneer.com

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत कामधेनु विश्वविद्यालय परिसर में संभागायुक्त एस.एन. राठौर और कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, और विश्वविद्यालय के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस अभियान से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह शिवनाथ नदी के तट पर मृदाक्षरण को रोकने में सहायक होगा। इस अवसर पर कुलसचिव एवं अधिष्ठाता द्वारा विश्वविद्यालय में चल रही शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों की विस्तृत जानकारी से दुर्ग संभागायुक्त राठौर एवं जिलाधीश सुरी चौधरी को अवगत कराया गया। कलेक्टर ने विश्वविद्यालय परिसर से लगे

नदी तट पर पर्यटन की संभावनाओं पर रूपरेखा तैयार करने कहा। साथ ही एनसीसी हॉर्स राइडिंग ग्राउंड और अस्तबल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ज़िले के अन्य विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भी हॉर्स राइडिंग प्रशिक्षण कैंपस से जोड़ने के निर्देश दिये। इस दौरान एडीएम अरविंद एक्का, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, ग्राम पंचायत अंजोरा की सरपंच संगीता साहू, अधिष्ठाता एवं निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. संजय शाक्य, निदेशक अनुसंधान सेवाऐं डॉ. जी.के. दत्ता, कुलसचिव डॉ. आर.के. सोनवणे, वित्त अधिकारी ममता अवस्थी, एन.सी.सी. लेफ्टिनेंट डॉ. राजकुमार गढ़पायते, एन.सी.सी. कैडेट्स, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
https://eproc.cgstate.gov.in
निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 10/09/2024

स. क्र.	नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक	सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में)
01	02	03	04	05
1	15/2024-25 दिनांक 27/08/2024	158050 (द्वितीय आमंत्रण)	बी.टी. एवं डब्ल्यू.एम.एम. पेंच का कार्य (1) बीजापुर-आवापल्ली लम्बाई 70.00 कि.मी. (1/2 से 1/10, 2/2, 5/4 से 5/10, 6/2 (2) भोपालपट्नम 35/4, 43/6 से 44/4) = 37.00 कि.मी. मड्डीमरका मार्ग लम्बाई 21.40 कि.मी. (1, 2, 3, 4) = 4.00 कि.मी. 7 लम्बाई = 37.95 कि.मी. लाक-उस्पर/भोपालपट्नम, जिला कार्य की निविदा।	56.00
2	16/2024-25 दिनांक 27/08/2024	158048 (द्वितीय आमंत्रण)	बी.टी. एवं डब्ल्यू.एम.एम. पेंच का कार्य (1) नेमेड़ से कुटरू मार्ग लम्बाई 57.08 17.80 (2) नैमेड से पेद्दाकोड़ेपाल मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी. (3) पेद्दाकोड़ेपाल से तुमनार मार्ग लम्बाई 5.90 कि.मी. (4) मुसालूर पहुँच मार्ग. (5) मांझीपारा से आई.टी.आई. पहुँच मार्ग लम्बाई 1.05 कि.मी. (6) जैतालूर से ईटपाल मार्ग लम्बाई 1.00 कि.मी. (7) उपजेल भवन पहुँच 7 मार्ग लम्बाई 2.70 कि.मी. (8) लो.नि.वि. कॉलोनी पहुँच मार्ग लम्बाई 0.50 कि.मी. = कुल लम्बाई = 37.95 कि.मी. ब्लॉक बीजापुर, जिला-बीजापुर 7कार्य की निविदा।	57.08

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अक्षीकण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

जी-242502100/5

अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु ई–नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में जिसे इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल–एचएफएल) कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज–IV, गुडगांव –122015 (हरियाणा) के पास बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री और शाखा कार्यालय "पहली मंज़िल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी, रायपुर के सामने, सीजी 492001" वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद "अधिनियम") के तहत जबकि आईआईएफएल–एचएफएल के प्राधिकारी अधिकारी ("एओ") ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नलिखित ऋण खातों/प्रोसपेक्ट सं. में जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया था, जिसमें आईआईएफएल–एचएफएल की बकाया राशियों की वसूली के लिए "जहां है जैसा है और बिना किसी आधार के बेचा जा रहा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट **www.iiflonehome.com** पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

कर्जदार(रों)/ सह–कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों)	मांग सूचना की तिथि एवं राशि	अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण	सांकेतिक कब्जे की तिथि	आरक्षित मूल्य
1. श्री अमन कुमार सिंह 2. श्रीमती श्वेता सिंह (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10031622)	16.05.2024 रु. 5,86,945/– (रु. पाँच लाख छियासी हजार नौ सौ पैंतालीस मात्र) बोली वृद्धि राशि रु. 20,000/– (रु. बीस हजार मात्र)	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. एल-31, पी.एच.नं.-08, आर.एन.एम भिलाई-3, खसरा नं. 1373/1, 1373/2, 1376, 1380/1 1380/2, 1380/3, 1380/4, 1381/1, 1381/2, 13971/1, 1397/2, 1398, 1400, 1401, 1404/2, 1407, 1408/1 1408/2 मार्फत इंफ्रासिटी फेज-2, ग्राम सांकरा, तहसील पाटन, दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत, 492001 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल 600.00	08.08.2024 कुल बकाया दिनांक 07.08.2024 तक रु. 5,82,718/– (रु. पाँच लाख ब्यासी हजार सात सौ अट्ठारह मात्र)	रु. 7,56,000/– (रु. सात लाख छप्पन हजार मात्र) जमा धरोहर राशि (ईएमडी) रु. 75,600/– (रु. पिचहत्तर हजार छह सौ मात्र)

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	ई–नीलामी की तिथि / समय
01.10.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1400 बजे	04.10.2024 को अपराह्न 05.00 बजे	07.10.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1300 बजे

भुगतान का प्रकार:– ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड द्वारा किया जाएगा। भुगतान करने के लिए आपको https://www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। टिप्पणी: प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं।
शेष राशि भुगतान के लिए – Login https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount.

नियम और शर्तें:–
1. ई–नीलामी में भाग लेने हेतु, इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता **https://www.iiflonehome.com** के साथ अपना विवरण पंजीकृत करना आवश्यक है, को पहले से ही लॉगिन अकाउंट, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति के साथ अपना "निविदा फॉर्म" उपरोक्त शाखा कार्यालय में जमा/भेजना होगा।
2. बोलीदाताओं को "बोली वृद्धि राशि" कॉलम के तहत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपने प्रस्ताव में सुधार करना होगा। यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वचालित रूप से 5 मिनट के लिए बढ़ाया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) जमा करना होगा और बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। सभी जमा और भुगतान के निर्धारित भुगतान के मोड से होंगे।
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टांप शुल्क, व्यय, और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित बकाये का वहन करना होगा।
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेनदेन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन देना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के पास टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा।
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए वेबसाइट **https://www.iiflonehome.com** और **https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction** देखें। ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोली फॉर्म जमा करने से पूर्व।
7. विवरण के लिए, ई–नीलामी पर सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता ईमेल आईडी : **care@iiflonehome.com** सहायता हेल्पलाइन नं. 1800 2672 499 से संपर्क कर सकते हैं।
8. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए सोमवार से शुक्रवार 09:30 बजे से 18:00 बजे तक आईआईएफएल एचएफएल के टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल पर **care@iiflonehome.com** लिखें
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को वापस ले लें। अन्यथा आईआईएफएल–एचएफएल किसी भी परिस्थिति में संपत्ति के नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा ऋणी को नोटिस दिया जाता है, यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ के पास बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी के नियमों और शर्तों को स्थगित/रद्द करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद के मामले में, आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत 30 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तारीख से पहले उपरोक्त उल्लिखित राशि का भुगतान दिनांकित ब्याज और सहायक खर्चों के साथ करने के लिए सूचित किया जाता है। ऐसा न करने पर संपत्ति को नीलाम/बेच दिया जाएगा और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा
स्थान : रायपुर, तिथि : 31.08.2024
हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

पान ठेला संचालक को रखना होगा पीकदान, गुमटी-ठेला के सामने डस्टबीन

ब्रांड एंबेसडर के साथ निगम चलाएगा जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ≺ रिसाली
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के पान दुकान संचालक को अब से पीकदान रखना होगा। वहीं चाय व नास्ता ठेला लगाने वालों को डस्टबीन रखना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए आयुक्त मोनिका वर्मा ने छोटे-छोटे व्यापारियों को 7 दिन की मोहलत दी है। शहर से रेड स्पॉट खत्म करने के लिए निगम आयुक्त गंभीर है। उन्होंने निगम क्षेत्र में संचालित पान दुकान संचालक को एक पीकदान रखने के निर्देश दिए है। साथ ही दुकान संचालक को पान दुकान के सामने पान मसाला और अन्य सामान के रैपर को रखने डस्टबीन भी रखना होगा। इसी तरह सभी गुमटी और नास्ता

ठेला संचालक को डस्टबीन रखना अनिवार्य किया है। पान दुकान या फिर अन्य गुमटी ठेला के आस पास रेड स्पाट या फिर गंदगी मिलने पर उस दुकान संचालक से 500 रूपए फाइन लगाया जाएगा। आयुक्त ने बैठक में निर्देश दिए है कि मॉनिटरिंग जन स्वास्थ्य विभाग के सभी सुपरवाइजर करेंगे। बैठक में कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, एम.पी. देवांगन. सहायक अभियंता आर.के.जैन, उपअभियंता अखिलेश गुप्ता, नितिश अमन साहू, जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी बृजेन्द्र परिहार, पीआईयू आकाश मिश्रा, विजय कश्यप आदि उपस्थित थे।

दोबारा गलती पर बढ़ेगी राशि

आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि स्वच्छता पहले पायदान पर होना चाहिए। पहली बार में डस्टबीन एवं पीकदान रखने की सलाह दे। पीकदान, बाल्टी या बड़ा गमला में रेत भरकर रखा जा सकता है। गंदगी मिलने पर पहली बार 500 और दूसरी बार में 1000 वसूल किया जाए। यह राशि हर निरीक्षण में दोगुना होती जाएगी।

ब्रांड एंबेसडर साथ मिलकर जागरूकता अभियान

आयुक्त ने आने वाले माह में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने इसके लिए निगम के ब्रांड एंबेसडर से सुझाव मांगा है। आयुक्त ने कहा है कि बेहतर सुझाव आने पर निगम बेहतर तरीके से अभियान का क्रियान्वयन करेगा।

संपादकीय

पैरिस पैरालिम्पिक भारतीय सहभागिता

पेरिस 2024 पैरालिम्पिक खेलों में भारत ने 84 पैरा-एथलीट का अब तक का सबसे बड़ा समूह भेजा है। बुधवार से शुरू पेरिस 2024 पैरालिम्पिक खेलों में 164 देशों के दिव्यांग एथलीट भाग ले रहे हैं। भारत ने इसमें अब तक की सबसे अधिक 84 एथलीटों की टीम भेजी है। इस वर्ष के आयोजन एथलीटों की अदम्य इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करेंगे जो दुनिया को अपनी असाधारण दृढ़ता तथा विपरीत स्थितियों पर विजय की भावना से लगातार प्रेरित करते हैं। 2024 पेरिस पैरालिम्पिक में भारत की सहभागिता देश के लिए उल्लेखनीय क्षण है। विभिन्न क्षेत्रों के 84 एथलीटों के साथ भारत ने अपना सबसे बड़ा और सर्वाधिक विविधतापूर्ण समूह पेश किया है। इससे भारत में पैरालिम्पिक खेलों की बढ़ती पहचान व उनको मिलने वाले समर्थन का पता चलता है। इसके साथ ही पूर्व-धारणाओं को चुनौती देने तथा श्रेष्ठता को पुन: परिभाषित करने वाले एथलीटों की संख्या भी बढ़ रही है। पैरालिम्पिक खेलों का समृद्ध इतिहास है जिसकी शुरुआत 1948 में हुई थी। उस समय सर लुडविग गटमैन ने द्वितीय विश्व युद्ध में भाग ले चुके ऐसे लोगों की खेल प्रतियोगिता इंग्लैंड के स्टोक मिडविले में आयोजित की थी जो रीढ़ की हड्डी में चोट के शिकार थे। पिछले दशकों में पैरालिम्पिक्स का असाधारण विस्तार हुआ है और यह दिव्यांग एथलीटों के लिए वैश्विक मंच बन गया है। वे यहां अपनी असाधारण प्रतिभा तथा 'संभावनाओं' की सीमायें तोड़ने की क्षमता प्रदर्शित करते हैं।

भारतीय एथलीटों में युवा तीरंदाज शीतल देवी का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है जिन्होंने सारी बाधाओं को पार करते हुए बिना हाथों के

उच्चतम स्तर प्राप्त किया है। शीतल की यात्रा पूर्णत: असाधारण है। धनुष और बाण का प्रयोग करने के लिए वे अपने पैरों का इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने एक विशेष तकनीक विकसित की है जिसने उनको दुनिया का सर्वाधिक प्रतिभाशाली तीरंदाज बना दिया है। उनकी यात्रा हमें बताती है कि अक्सर सीमायें दिमाग में होती हैं और प्रतिबद्धता व खोज से उनको पार किया जा सकता है। 2024 पैरालिम्पिक में शीतल देवी की सहभागिता एक व्यक्तिगत उपलब्धि से आगे जाती है। यह दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए उम्मीद और दृढ़ता का प्रतीक है। अपनी सीमाओं को पार करने की उनकी क्षमता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है और वे मानवीय भावना की सच्ची खिलाड़ी बन कर उभरी हैं। 2024 पैरालिम्पिक्स एथलीटों और दिव्यांगों की असाधारण क्षमताओं के पारंपरिक प्रदर्शन का उत्सव मनाता है। इन खेलों का संबंध केवल मैडल जीतने से न होकर बाधायें तोड़ने, सामाजिक अवधारणाओं को चुनौती देने तथा भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने से भी है। ज्यादा खेलों को शामिल करने तथा भारत जैसे देशों की बढ़ती सहभागिता से पैरा-खेलों को दुनिया भर में व्यापक स्वीकार्यता और प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है। पेरिस में प्रतियोगिता कर रहे एथलीटों के साथ शीतल देवी जैसे लोगों की साहसी गाथायें जुड़ी हैं। इससे हमें उत्कृष्टता की खोज में भौतिक सीमाओं को पार करने तथा लोगों को एकसाथ लाने में खेलों की शक्ति का भी पता चलता है। पैरालिम्पिक खेल एक वैश्विक मंच प्रदान करते हैं जहां एथलीट अपनी दृढ़ता प्रदर्शित करते हुए दिखाते हैं कि कुछ भी संभव है। भारत की अब तक की सबसे बड़ी टीम तथा शीतल देवी की प्रेरणादायक गाथा पैरालिम्पिक आंदोलन की भावना प्रकट करती है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी एथलीट लाखों लोगों को प्रेरित करते हुए यह सिद्ध करेंगे कि प्रतिबद्धता और पूरी एकाग्रता से सामना करने पर कोई भी बाधा अलंघ्य नहीं होती है।

अफगानिस्तान में हिंसा व गद्दारी

काबुल लंबे समय से अफगानिस्तान में दृढ़ता का प्रतीक रहा है, पर हफीजुल्ला अमीन जैसे उसके अनेक नेताओं के कारनामे रहस्य और विवादों में घिरे रहे हैं।

नीलांत इलांगमुवा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

समुद्र तल से एक मील ऊपर स्थित काबुल पश्चिम में पगमान पहाड़ियों से घिरा है जो परंपरागत रूप से काबुल के विशिष्ट लोगों का विश्राम स्थल रही हैं। पगमान का आनन्ददायक मौसम तथा ऐतिहासिक महत्व उल्लेखनीय घटनाओं का स्थल भी है। इसमें स्वतंत्रता के लिए राजा अमानुल्ला का संघर्ष तथा 1920 में बुखारा के अमीर का शरण लेना शामिल है। यह शहर विदेशी प्रभुत्व के खिलाफ अफगानिस्तान के प्रतिरोध का प्रतीक भी है। 1929 में पगमान में जन्मे हफीजुल्ला अमीन महाशक्तियों के प्रभुत्व के खिलाफ कट्टर विरोधी के रूप में उभरे। नेता के रूप में उनका कार्यकाल केवल 104 दिन का था जो 1979 में उनकी हत्या से समाप्त हुआ। यह अफगानिस्तान की राजनीति में परिवर्तन का समय था। अमीन की प्रारंभिक शिखा काबुल में हुई और बाद में वे कोलम्बिया विश्वविद्यालय के छात्र रहे। राजनीतिक उथलपुथल के कारण उनकी राजनीति में सहभागिता हुई। नूर मुहम्मद तराकी से उनके संबंध तथा मास्को होकर अफगानिस्तान में उनकी वापसी ने उनकी चरमपंथी सोच और राजनीति मार्ग को निर्धारित किया।

लेकिन आरोप था कि अमीन सीआईए एजेंट हैं, जबकि उनको वामपंथियों का भी समर्थन प्राप्त था। बबराक करमाल ने उनको अपने शासन को वैध ठहराने के लिए गले लगा लिया। कमाल का दावा था कि वे अमीन के कथित सीआईए संबंधों को 1950 के दशक से ही जानते थे और वे इसके दस्तावेजी सबूतों का अपने पास होने का दावा भी करते थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने इसका कोई विश्वसनीय प्रमाण कभी नहीं दिया। कुछ विदेशी समाजवादी निजी रूप से इस दावे का खंडन करते हुए संकेत करते थे कि नई सरकार का इरादा अमीन का खासकर अफगान किसानों में सीआईए एजेंट बता कर सम्मान गिराना था। करमाल के हमदर्दों का कहना था कि अफगान जनता अमीन की नीतियों से नाराज थी जिनको क्रांति के लिए हानिकारक माना जाता था, इसीलिए उनको सीआईए एजेंट बताया गया। हालांकि, सोवियत संघ ने 1980 के दशकारंभ में इस विमर्श को अफगानिस्तान पर एक फिल्म के माध्यम से प्रचारित किया था, पर वे अपने अंतरराष्ट्रीय संपर्कों के बारे में बहुत सावधान रहते थे।

अंतरराष्ट्रीय मामलों पर प्रकाशित 'थर्ड वर्ड' में सीआईए संबंधी एक लेख में अमीन का कोई संदर्भ नहीं था। एक टिप्पणीकार का कहना था, 'रूसियों और अमेरिकनों के लिए असहज करने वाला यथार्थ यह था कि अमीन ने दोनों पक्षों की ओर से उठाए षडयंत्रकारी कदमों का विरोध किया था।' यदि अमीन को एक नरसंहार करने वाले तानाशाह, सोवियत मुहरे या सीआईए एजेंट के तौर पर पेश करने वाला विमर्श बिना प्रमाण के है तो सच्चाई क्या है? वास्तव में अफगानिस्तान की क्रांति में अमीन की भूमिका क्या थी और सोवियत संघ ने उनका सफाया करना क्यों ठीक समझा? अगस्त, 1978 में नूर मुहम्मद तराकी ने इस्लामी विरोध आंदोलन को संबोधित करते हुए पूंजीवादी और प्रतिक्रियावादी शक्तियों की आलोचना की थी जो इस क्षेत्र का प्रयोग प्रगतिशील एजेंडे को पराजित करने के लिए कर रही थीं। उनका विश्वास था कि साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं से प्रेरित ये तकनीकें पुरानी हो गई थीं और उनका विफल होना अवश्यंभावी था।

लेकिन अपने इस विश्वास के बावजूद तराकी को अनेक आंतरिक विद्रोहों का सामना करना पड़ा। इनमें हफीजुल्ला अमीन का विद्रोह महत्वपूर्ण है जिनकी महत्वाकांक्षायें उनके नेतृत्व को खतरा पैदा कर रही थीं। सोवियत समर्थन पर तराकी की निर्भरता नाकाफी सिद्ध हुई क्योंकि इसका कारण उनमें राजनीतिक दूरदर्शिता का अभाव तथा सामाजिक यथार्थ को अस्वीकार करना था जिसने अतिवादी समूहों को सुनहरा अवसर प्रदान कर दिया। पुरानी गलतियां ठीक करने तथा बबराक के नेतृत्व में नई सरकार बनाने की योजना अमीन की त्वरित कार्रवाई से विफल हो गई।

तराकी द्वारा अमीन को गिरफ्तार करने तथा बबराक के साथ राष्ट्रीय सहमति स्थापित करने के प्रयासों के बावजूद अफगानिस्तान में बिगड़ती सुरक्षा स्थितियों ने बाहरी सैनिक हस्तक्षेप को अपरिहार्य बना दिया था। अमीन द्वारा तेजी से सत्ता को मजबूत करने तथा बाद में तराकी के राजनीतिक संघर्षों ने अफगान राजनीति की अस्थिर व खतरनाक स्थिति उजागर कर दी जिसके परिणामस्वरूप अस्थिरता और बढ़ी। हफीजुल्ला अमीन पर शक था कि वे उसके सिद्धान्तों को मानने के बजाय मार्क्सवाद का प्रयोग राजनीतिक औजार के रूप में कर रहे थे, जबकि सार्वजनिक रूप से वे स्वयं को कट्टर धार्मिक व्यक्ति के रूप में पेश करते थे। उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री के रूप में अपनी महत्वपूर्ण स्थिति के बावजूद उनको खासकर 'परचम' समूह से काफी विरोध का सामना करना पड़ता था। इस आंतरिक टकराव के कारण वे पीडीपीए की राजनीतिक समिति के पूर्ण सदस्य जल्दी नहीं बन पाए। हालांकि, अमीन इन चुनौतियों से निपटने व अफगान राजनीति की प्रमुख शक्ति बनने में सक्षम थे।

मास्को के साथ मित्रता संधि करने से उनकी क्षमता स्पष्ट होती है जिससे वे उथलपुथल वाली स्थिति में सफल हुए थे। इस संबंध में सितंबर, 1979 में तराकी की क्यूबा यात्रा और इसके बाद मास्को में अपने प्रतिद्वंद्वी बबराक करमाल के साथ बैठक महत्वपूर्ण थी। अनुमान था कि तराकी बबराक करमाल से संबंध सुधार कर अमीन को सत्ता से हटाना चाहते थे और सत्ता में शक्तियों का विभाजन करना चाहते थे। इन वार्ताओं में सोवियत प्रभाव ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। तराकी और बबराक के बीच शत्रुता से संकेत मिलता है कि किसी प्रकार के राजनीतिक समझौते के लिए सोवियत प्रभाव जरूरी था। यह खासकर इसलिए महत्वपूर्ण था कि तराकी लंबे समय से बबराक से धृणा करते थे और अमीन की भूमिका उनकी सत्ता में बाधा थी। 'खल्क' और 'परचम' समूहों के बीच राजनीतिक अस्थिरता ने अफगानिस्तान प्रशासन को कमजोर किया और उसे अतिवादी समर्थन के लिए खतरा बना दिया। सुरक्षा की स्थिति खराब होने तथा अफगान सेना के संघर्ष करने के कारण तराकी ने व्यवस्था संभालने के लिए सोवियत हस्तक्षेप को जरूरी माना। अमीन को गिरफ्तार कर बबराक के साथ नई सरकार बनाने के तराकी के प्रयास विफल हो गए और अमीन ने तेजी से राजनीतिक समस्या सुलझा ली। उस कालखंड की जटिलतायें और चुनौतियां अफगान राजनीति की परिवर्तनशीलता तथा उसे निर्धारित करने में बाहरी हस्तक्षेपों की स्थिति स्पष्ट करती हैं।

दिसंबर, 1979 के प्रारंभ में यूरी आंद्रोपोव ने लियोनिद ब्रेझनेव को अमीन की गोपनीय गतिविधियों की जानकारी दी जिसमें उनका पश्चिम की ओर झुकाव तथा अफगानिस्तान में कम्युनिस्ट शासन को संभावित खतरा शामिल था। इससे सोवियत प्रभाव को खतरा पैदा हो सकता था। आंद्रोपोव ने बबराक करमाल व उनके साथियों की सहायता के लिए सैनिक सहायता की आवश्यकता पर जोर दिया, हालांकि उन्होंने पूरी तरह सोवियत सैनिक हमले की रूपरेखा नहीं पेश की थी। लेकिन आंद्रोपोव का प्रमुख लक्ष्य अफगानिस्तान में सोवियत हस्तक्षेप की योजना को मूर्त रूप देना था।

इसके बाद आंद्रोपोव, दिमित्री उस्तीनोव, आंद्रे ग्रोम्यको तथा बोरिस पोनोमारेव ने ब्रेझनेव के साथ बैठक कर सोवियत सैनिक कार्रवाई सुनिश्चित कर दी। पोलिट ब्यूरो ने पूरी गोपनीयता के साथ इन अधिकारियों को हमले के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंप दी। इस योजना के दस्तावेजों को हाथ से पोलिट ब्यूरो सदस्यों द्वारा लिखा गया और टाइपिस्टों को भी पूरी प्रक्रिया से बाहर रखा गया। मार्शल अखोरमायेव और जनरल स्टाफ आपरेशन्स ने अफगान सीमा के निकट अपना अड्डा बनाया, जबकि केजीबी ने काबुल में अमीन को सत्ता से हटा कर 'आपरेशन अगेट' शुरू कर दिया। केजीबी की टीम ने गोपनीय रूप से अमीन के महल में घुसपैठ कर उनको जहर देने की योजना बनाई। लेकिन यह योजना ठीक से कार्यान्वित नहीं हो सकी। हफीजुल्ला अमीन के दामाद और उनकी सुरक्षा के प्रमुख अचानक 'फूड प्वायजनिंग' से गंभीर बीमार हुए और उनको इलाज के लिए मास्को भेजा गया। कहा जाता है कि यह भोजन अमीन के लिए था, पर वे भोजन के संबंध में अपनी सावधानी से बच गए।

जीवनरक्षा व समुदायों का सशक्तीकरण

> देश की पहली महिला स्वास्थ्य पहल होने के कारण चेतना को महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और लिंग के मामले में एक ट्रेंडसेटर बनाने में मदद मिली।

स्वप्ना मजूमदार
(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)

जब जुल्कीबेन, एक दाई या पारंपरिक प्रसव परिचारिका (टीबीए) को एक गर्भवती महिला का फोन आया, तो वह तुरंत हरकत में आ गई। सबसे पहले, उसने राज्य सरकार की आपातकालीन एम्बुलेंस का नंबर 108 डायल किया। गर्भवती महिला के घर पहुंचने के बाद, उसने अस्पताल में इस्तेमाल करने के लिए एक साफ कपड़े के टुकड़े काटे और पानी लाने और स्टोर करने के लिए एक खाली लोटा (पानी का कंटेनर) तैयार रखा। लेकिन जब महिला की प्रसव पीड़ा बढ़ गई और उसके लिए एम्बुलेंस तक पहुंचने के लिए पहाड़ी से नीचे उतरना असंभव हो गया, तो जुल्कीबेन ने पड़ोस के युवकों को बुलाया और एक चादर से गोफन बनाया और गर्भवती महिलाओं को एम्बुलेंस तक पहुंचाया। वे मुश्किल से अस्पताल के लेबर रूम में पहुंचे थे जब महिला ने प्रसव किया। जुल्कीबेन की सूझबूझ और समय पर कार्रवाई ने मां और बच्चे की जान बचाने में मदद की।

यह केवल जुल्कीबेन जैसी टीबीए ही नहीं थीं, बल्कि गुजरात के नवसारी जिले के दो आदिवासी ब्लॉकों, वंसदा और चिखली के 60 गांवों की महिलाओं, उनके परिवारों और समुदाय के सदस्यों ने सीखा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की मातृ स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बनाकर मातृ मृत्यु को रोका जा सकता है। वास्तव में, अहमदाबाद स्थित गैर-लाभकारी संस्था सेंटर फॉर हेल्थ एजुकेशन ट्रेनिंग न्यूट्रिशन एंड एडोलसेंट्स (चेतना) द्वारा इन दो ब्लॉकों में तीन साल की पहल ने महिलाओं, किशोरों और बच्चों को सशक्त बनाने के लिए उल्लेखनीय बदलाव किए। वंसदा ब्लॉक में संस्थागत प्रसव में 58त्न से 82त्न की वृद्धि हुई। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हस्तक्षेप के अंतिम चरण के दौरान हुए 776 प्रसवों में से, क्षेत्र में एक भी मातृ मृत्यु दर्ज नहीं की गई। यह कैसे हासिल किया गया? ऐसा क्या अलग किया गया जिससे व्यवहार में बदलाव आया? क्या यह सफलता महिलाओं के लिए खराब स्वास्थ्य संकेतकों वाले अन्य जिलों में दोहराई जा सकती है?

इन सभी सवालों और अन्य सवालों के जवाब हाल ही में प्रकाशित कॉफी टेबल बुक में दिए गए हैं, जो उनके चालीसवें वर्ष के मील के पत्थर को चिह्नित करता है। चेतना-40-सपनों को पोषित करना, नियति को सशक्त बनाना शीर्षक वाली यह पुस्तक संगठन के चार दशकों के सामूहिक प्रयासों, इसके विशिष्ट दृष्टिकोणों और इसकी अभिनव संचार रणनीतियों द्वारा किए गए प्रभाव का वर्णन करती है, जिसने सात राज्यों के 78 जिलों, 124 ब्लॉकों और 439 गांवों में अनगिनत लोगों के जीवन और समुदायों को बदल दिया। चेतना की सह-संस्थापक और निदेशक पल्लवी पटेल कहती हैं कि बदलाव लाने की इसकी क्षमता के पीछे सबसे बड़ा कारण इसके सभी कार्यों में लैंगिक दृष्टिकोण को शामिल करने पर इसका ध्यान केंद्रित करना है। देश की पहली महिला स्वास्थ्य पहल होने के कारण चेतना को महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और लिंग के मामले में एक ट्रेंडसेटर बनाने में मदद मिली।

इसके अग्रणी दृष्टिकोण और प्रभावशाली संचार सामग्री ने इसे दूसरों पर बढ़त दिलाई। उनके संसाधनों की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अकेले 2022-2023 में, 11 राज्यों में स्थित विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संगठनों द्वारा चेतना की सामग्री की 2,77,981 से अधिक प्रतियां मांगी गईं।

यह पुस्तक राजस्थान और गुजरात में न्यूनतम स्वास्थ्य सुविधाओं वाले दूरदराज के आदिवासी क्षेत्रों में प्रसव संबंधी जटिलताओं से निपटने की चुनौतियों से निपटने के लिए लोगों को ध्यान में रखकर बनाई गई रणनीतियों के बारे में बताती है, साथ ही गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश में व्यापक पोषण संबंधी एनीमिया से निपटने के लिए भी। यह इस बात का भी खुलासा करती है कि चेतना ने अहमदाबाद में 70 स्कूलों को तंबाकू मुक्त प्रमाणित करने के लिए व्यवहार में बदलाव लाने के साथ-साथ गुजरात के मेहसाणा में मानसिकता में भी बदलाव लाया, जो अस्सी और नब्बे के दशक में सबसे खराब बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) वाले जिलों में से एक था। सास-बहू बैठकों, जाति पंचायत नेताओं के साथ बातचीत और बच्चे के लिंग निर्धारण में एक्स और वाई गुणसूत्रों की भूमिका समझाने के लिए अभिनव दाल-चावल खेलों के माध्यम से बेटे को प्राथमिकता देने की मानसिकता और लड़की के जन्म पर महिला को दोष देने की प्रथा को संबोधित किया गया।

इन प्रयासों के केंद्र में चेतना की अनुकूलनशील, लचीली और रचनात्मक होने की क्षमता रही है। बॉक्स से बाहर सोचने के अलावा, स्थानीय जरूरतों, परंपराओं और प्रथाओं के अनुसार स्वास्थ्य संदेशों को भी बदला गया है। उनके अभिनव एनीमिया किट में कई बदलाव किए गए हैं, जैसे कि उनके अनूठे और बेहद लोकप्रिय कपड़े के एप्रन, जिनमें कई फ्लैप हैं, जिन्हें पुरुष और महिला प्रशिक्षक दोनों लिंगों के प्रजनन अंगों को दिखाने के लिए पहनते हैं। बच्चों की देखभाल, पोषण, यौवन, मासिक धर्म, किशोर स्वास्थ्य, एनीमिया और गर्भनिरोधक पर ज्ञान साझा करने के लिए गाने, खेल और एनीमेशन फिल्में बनाई गई हैं।

पुस्तक में विस्तार से बताया गया है कि कैसे चेतना, जो 1966 में प्रख्यात वैज्ञानिक विक्रम साराभाई द्वारा स्थापित नेहरू फाउंडेशन फॉर डेवलपमेंट के सहजीवी छत्र के तहत काम करती है, ने स्थायी प्रभाव डालने के लिए अपने वैज्ञानिक और आविष्कारशील स्वास्थ्य संचार का रणनीतिक रूप से उपयोग किया। चाहे मासिक धर्म पर चुप्पी तोड़ना हो या लड़कियों के लिए सक्षम वातावरण बनाना हो, चेतना ने दिखाया है कि 40 साल पहले महिलाओं को अपने भाग्य की मालकिन बनाने का जो सपना उसने शुरू किया था, वह असंभव नहीं था।

आप की बात

राष्ट्रपति की पीड़ा

राष्ट्रपति के रूप में देश की प्रथम महिला द्रोपदी मुर्मू भी कोलकाता की दर्दभरी घटना और उस पर देश भर में पैदा आक्रोश से चिंतित हैं। वे कोलकाता के साथ ही देश भर में छोटी-छोटी बच्चियों तक से होने वाले अत्याचारों से आहत भी हैं। राष्ट्रपति ने व्यापक रूप से पुरुषों में महिलाओं को दोयम दर्जे का समझने की सोच पर सवाल उठाते हुए स्थिति में सुधार की आवश्यकता बताई है। राष्ट्रपति ने भले ही कोलकाता का नाम लिया हो, पर उनका संकेत पूरे देश में महिलाओं के खिलाफ हो रहे यौन अपराधों की ओर है। विडंबना है कि संकुचित राजनीतिक नजरिये से चीजों को देखने की आदत के कारण तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति की पीड़ा को भी बहुत गलत व विकृत ढंग से देखा है। राष्ट्रपति का पद आज विशेष रूप से इसलिए भी सबके लिए सम्माननीय है कि वहां पर गरीब व वंचित आदिवासी समाज की एक महिला पहुंची है। द्रोपदी मुर्मू ने गरीब व वंचित समाज की महिलाओं का उनकी गरीबी और महिला होने के नाते शोषण बहुत निकट से देखा है। इसलिए उनके शब्दों में महिलाओं के प्रति पुरुषों की वर्चस्ववादी भावना के प्रति जो पीड़ा और आक्रोश है, उसे गहराई से समझा जाना चाहिए। राष्ट्रपति के कथन को राजनीतिक चश्मे से देखना किसी प्रकार भी उचित नहीं कहा जा सकता है।

- महेश नेनावा, इंदौर

योगी आदित्यनाथ का आह्वान

योगी आदित्यनाथ की बात आज हर भारतीय, खासकर हिंदुओं को समझने की जरूरत है कि अगर हम एक होकर मिलजुल कर रहेंगे तो हम सब हर मुसीबत से बचकर सुरक्षित रह सकते हैं। सभी जानते हैं कि संगठन में शक्ति होती है अत: हम सबको संगठन बनाकर एकजुट होकर रहना बेहद जरूरी है। आज की परिस्थितियों में जो एकजुट नहीं है उसके खंडित होने की संभावनाएं ज्यादा है। यदि हम जातियों में बंट कर रहेंगे तो हम पर खतरा हमेशा बना रहेगा। अत: राष्ट्र में हमारी एकता से बढ़कर कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं है। अगर इस राष्ट्र को बचाना है तो एकता बनाकर रखना बेहद जरूरी है। पाकिस्तान, बांग्लादेश या अफगानिस्तान में भी संभवत: हिंदू इतने एकजुट व आक्रामक नहीं थे, जिसकी आवश्यकता थी। शायद इसके पीछे 2014 से पहले भारत की अधिकांश सरकारों की नीति भी थी जो विदेशों में रहने वाले हिंदुओं को भारत से जोड़ने और उनके साथ जुड़ने में शर्म का अनुभव करती थीं। पंथनिरपेक्षता की गलत और संकुचित समझ के कारण जहां देश में हिंदुओं को जातियों में बांट कर एक दूसरे के खिलाफ लड़ाया गया, वहीं विदेशों में हिंदुओं की पीड़ा और उत्पीड़न पर सरकारें मौन रहीं। अब मोदी और योगी के बाद स्थिति पूरी तरह बदली है।

- मनमोहन राजावत, शाजापुर

झोलाछाप डाक्टर

झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा मरीजों का अवैध उपचार किए जाने के मामले बढ़ते जा रहे हैं जिससे मरीजों की जान को भी खतरा रहता है। यह डॉक्टर बिना किसी मेडिकल डिग्री या प्रमाणपत्र के गंभीर बीमारियों तक का इलाज कर रहे हैं। झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा सख्त कार्रवाई के निर्देश के बावजूद इनकी गतिविधियां जारी है। इसका कारण यह है कि अधिकांश एमबीबीएस डाक्टर गांवों में रहना पसंद नहीं करते और शहरों में महंगे डॉक्टर से इलाज करवाने की क्षमता ग्रामीण मरीजों में नहीं है। आयुष्मान कार्ड धारक भी छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए इन्हीं झोलाछाप डॉक्टरों पर निर्भर है। देश में बनी पहली गैर-कांग्रेस सरकार के स्वास्थ्यमंत्री स्वर्गीय राजनारायण ने गांव-गांव में थोड़े प्रशिक्षण के बाद स्वास्थ्य स्वयंसेवकों की आदर्श व्यवस्था की थी। चीन के बेयरफूट डाक्टर्स के पैटर्न वाली ऐसी व्यवस्था भारत में दूरदराज ग्रामीण लोगों के लिए लाभदायक हो सकती है। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, नर्सों, आशा बहनों व अन्य संवर्गों को भी छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज का समुचित प्रशिक्षण देने के साथ समय-समय पर अल्पकालीन कोर्सों से उनका उच्चीकरण किया जा सकता है।

- विभूति बुपक्या, खाचरोद

महिला आर्थिक सशक्तीकरण

पुरुषों के मुकाबले कामकाजी महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है। श्रमबल के बारे में सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार कुछ मामलों में कामकाजी महिलाएं पुरुषों से आगे हैं। अब कामकाजी महिलाओं की संख्या 49 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इसी तरह वेतनभोगी पुरुषों की संख्या में कमी आई है। खासकर सेवा क्षेत्र में वेतनभोगी महिलाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह 64.2 प्रतिशत तक पहुंच गई है। हालांकि, महिलाओं की बेरोजगारी दर भी 8.5 से बढ़कर 9 प्रतिशत हो गई है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए उनमें बेरोजगारी घटाना जरूरी है। भारत सरकार तथा राज्य सरकारों की लखपती दीदी व ड्रोन दीदी जैसी अनेक नीतियों से ग्रामीण व अर्धकुशल महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण देश और समाज को बदलने की दिशा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के साथ उनके प्रति पुरुषों की वर्चस्व वाली सोच में भी बदलाव लाना जरूरी है।

- दत्तप्रसाद शिरोडकर, मुंबई

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

आयोग की समझाईश पर पति अपने पत्नी एवं बच्चों को ले जाने को हुआ तैयार

दो अलग-अलग प्रकरणों में अनावेदकगण द्वारा सामाजिक बहिस्कार किया गया था आयोग टीम भेजकर बहिस्कार समाप्त करेंगी

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने जिला बेमेतरा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में 273 वी. सुनवाई हुई। बेमेतरा जिले में कुल दूसरी जनसुनवाई हुई। आज के सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका ने दोनों अनावेदिकागणों के खिलाफ लिखित शिकायत अपने विभाग में किया था। जिसमें आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया था। समिति ने लैंगिक उत्पीडन का मामला नहीं होने के कारण केवल महिला संरक्षण अधिकारी ने बताया कि वह अध्यक्ष था और उनके द्वारा रिपोर्ट और अनावेदकगणों को चेतावनी दिया गया। बाद विभाग के उच्च अधिकारी द्वारा आवेदिका को परेशान किया गया। आवेदिका अगर उन व्यक्तियों का नाम और पता देती है तो आयोग अगली सुनवाई रायपुर में करेगी। अन्य प्रकरण में दोनों पक्षों को सुना गया। प्रकरण आपसी जमीन का मामला था जिसमें पूर्व में तहसील और न्यायालय में मामला चल चुका है। अतः प्रकरण आयोग में चलना संभव नहीं था इसलिए प्रकरण समाप्त किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उसकी 15 साल की बेटी गुम हो गई थी इस वजह से आयोग में प्रकरण दर्ज कराई थी। आवेदिका ने बताया कि एक वर्ष पूर्व उसकी बेटी उन्हे मिल चुकी है। इस प्रकरण में थाना बेमेतरा ने अनावेदक के खिलाफ 363/366/ (376)2 और पास्को एक्ट तथा एट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया था जिसका निराकरण 25 नवम्बर 2023 को न्यायालय द्वारा किया गया जिसमें अनवादेक को न्यायालय ने दोषमुक्त किया। निर्णय की प्रमाणित प्रति आज सुनवाई में अनावेदन लेकर उपस्थित हुआ जिसका अवलोकन कर आयोग ने न्यायालय में निर्णय हो जाने की वजह से आयोग में प्रकरण चलाया जाना संभव नही मानते हुए प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका जो शासकीय सेवा में कार्यरत है उसने अनावेदक क्रमांक 1 जो कि अनावेदक क्रमांक 3 के पति है जून 2019 में नोटरी दस्तावेज के माध्यम से विवाह करना एवं मंदिर में विवाह करना बताई अनावेदक 1 एवं 3 पति पत्नी है एवं अनावेदक 4.5 उनके संतान है उनके नाम की कृषि भूमि को अप्रैल 2019 में रजिस्ट्री के माध्यम से खरीद लिया और उसके दो माह बाद अनावेदक क्रमांक 1 से विवाह किया। स्वमेव यह प्रकरण आवेदिका के कुचेष्ठा को दर्शाता है। प्रकरण काफी पेचीदा है और अंतिम निर्णय के लिए आगामी सुनवाई के लिए रायपुर में रखा जायेगा। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उसका पति जनपद के अधिन शाला में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे जिसका सेवा के दौरान मृत्यु हो गया। आवेदिका को उनकी जगह अनुकम्पा मिल सकती है। जिनके लिए आवेदिका को डी.एड, टेट परीक्षा पास करना होगा। आवेदिका ने बताया कि वह वह डी.एड. पास कर ली है एवं टेट की परीक्षा दिलाने की तैयारी कर रही है। आयोग ने आवेदिका को समझाईश दी कि परीक्षा पास करने के बाद परीक्षा पास करने के बाद अनुकम्पा दिया जा सकेगा। आवेदिका ने सहमति जताई और अनावेदकगणों ने भी मदद करने की बात कही। इस प्रकरण में जिला एवं जनपद के सी.ई.ओ. को भी जोड़ा गया ताकि आवेदिका को अनुकम्पा नियुक्ति दिया जा सके। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि अनावेदकगणों से समझौता हो गया है तथा आगे प्रकरण नहीं चलाना चाहती अतः आयोग ने प्रकरण समाप्त किया। अन्य प्रकरण में दोनों एक ही डिपार्टमेंट में कार्यरत थे आवेदिका ने डिपार्टमेंटल नोटिस को लेकर यह प्रकरण दर्ज की थी। वर्तमान में कार्यवाही नहीं चाहती। अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण आवेदिका की शिकायत पर धारा 452/ 354/ 294/ 506 का अपराध दर्ज है और प्रकरण सी.जी.एम. कोर्ट में लंबित है।

जिसमें अनावेदक जमानत पर है। जिसमे जिला संरक्षण अधिकारी ने भी अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। इस आधार पर आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में उभयपक्ष उपस्थित हुए। दोनों का पारिवारिक प्रकरण है जिसका निराकरण सखी सेन्टर बेमेतरा में संरक्षण अधिकारी को दिया जाता है। आवश्यकतानुसार आवेदिका का प्रकरण में घरेलू हिंसा का शिकायत दर्ज करायेगी। प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में अनावेदकगणों के विरूद्ध सामाजिक बहिस्कार का शिकायत किया है। इसी समान एक अन्य प्रकरण में अनावेदकगण यही है। उस प्रकरण कि आवेदिका जो वही गांव की है जिनके परिवार का भी सामाजिक बहिस्कार इन्ही अनावेदकगणों द्वारा किया गया है। दोनों ही प्रकरण में आयोग की ओर से अधिवक्ता एवं काउंसलर ग्राम नरी जायेंगे। साथ में संरक्षण अधिकारी स्थानीय थाने से पुलिस बल लेकर जायेगी। सभी अनावेदक गण गांव मेंसाहू समाज के लोगों को एकत्र करेंगे जिसके सामने अनावेदकगण के द्वारा घोषणा किया जायेगा कि दोनों आवेदकों को सामाजिक बहिस्कार नहीं किया गया। दिनांक 15 अक्टूबर को इसकी घोषणा सामाजिक रूप से किया जायेगा।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर झूम उठा मां गोदावरी आंनद वृद्धाश्रम

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एक तरफ जहां श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव देशभर में धूमधाम के साथ मनाया गया वहीं, राजधानी रायपुर के सीमांत ग्राम गोमची स्थित मां गोदावरी आंनद वृद्धाश्रम में इस मौके पर बच्चे और बुजुर्गों ने अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों से शमां बांध दिया। कृष्ण लीला के बाल स्वरूप से लेकर भजन गायन की ऐसी प्रस्तुती पर मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं हीरा ग्रुप की एमडी प्रभा बंजरग अग्रवाल भी झूमने लगीं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के बारे में मां गोदावरी आंनद आश्रम के ट्रस्टी चेयरमैन कल्पना योगेश तिवारी ने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर मां गोदावरी आंनद आश्रम में सुबह श्रीकृष्ण भगवान की पूजा अर्चना कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हीरा ग्रुप की एमडी प्रभा बंजरग अग्रवाल, कंपनी के डायरेक्टर सिद्धार्थ अग्रवाल, राधिका अग्रवाल सहित गोदावरी आश्रम के सभी बुजुर्ग गण व अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस मौके पर हीरा ग्रुप की एमडी प्रभा बंजरग अग्रवाल ने मां आनंद वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को संबोधित करते हुए कहा कि बुजुर्गों की सुख सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वृद्धाश्रम में बेहतरीन सुविधाएं देने की कोशिश की जा रही है। ऐसी कोशिशों में आप लोगों को किसी भी तरह की कोई तकलीफ हों तो आप बेझिझक बता सकते हैं। उन्होंने बताया कि वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को जल्द ही और भी साथी मिलने वाले हैं। साथ ही प्रभा बंजरग अग्रवाल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले कलाकार बच्चों और बुजुर्गों की प्रस्तुति की काफी तारीफ की। वहीं, इस मौके पर उपस्थित योगेश तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिन्दू सनातन संगठन एवं भाजपा किसान नेता, ने सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के बीच समय बिताया। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने हिरा ग्रुप, तारा संस्थान और बजरंग अग्रवाल का विशेष उल्लेख किया, जिन्होंने आश्रम के विकास और बुजुर्गों के कल्याण में अतुलनीय योगदान दिया है। आश्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि हिरा ग्रुप की सामाजिक जिम्मेदारी के तहत की गई पहल ने बुजुर्गों के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही, यह मांग उठाई कि आश्रम के आसपास कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान और सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जाए, ताकि यहां रहने वाले बुजुर्ग अपने कौशल को और निखार सकें और अपने जीवन में नए आयाम जोड़ सकें। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव कार्यक्रम में वृद्धाश्रम में रहने वाले बीस से अधिक बुजुर्गों ने कृष्ण भजन पर सामूहिक प्रस्तुति दी। वहीं धरसींवा के कंप्युटर कोचिंग सेंटर के बच्चों ने अलग-अलग प्रस्तुतियां देकर मन मोह लिया। हीरा ग्रुप के कर्मचारी व अधिकारी के बच्चों ने भी इस मौके पर सांस्कृतिक प्रस्तुती दी। कुछ बाहर से आये कलाकारों ने भी वाद्य यंत्रों के साथ भगवान कृष्ण के गीत गाएं।

मुख्यमंत्री साय ने खेल अलंकरण समारोह के प्रतिभावान खिलाड़ियों को किया

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य खेल अलंकरण समारोह में विभिन्न खेल विधाओं के प्रतिभावान खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। समारोह में मुख्यमंत्री साय ने बालोद जिले की फुटबॉल खिलाड़ी सुकिरण पिस्दा की अनुपस्थिति में उनके परिजनों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान वर्ष 2021-22 और एथलेटिक्स के प्रशिक्षक सुदर्शन कुमार सिंह (दल्लीराजहरा) को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार वर्ष 2021-22 से सम्मानित कर अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिले की प्रभारी खेल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर सुप्राची ठाकुर उपस्थित थी।

पुण्य मेला लोलेसरा में जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने दिया सीसी रोड

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत लोलेसरा में ग्राम पटेल दाऊ शत्रुहन सिंह वर्मा, सरपंच तरुण वर्मा, उपसरपंच जिराखन साहू, पंच गोवेर्धन वर्मा, राकेश्वरी वर्मा सहित उपस्थित ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों की उपस्थिति में जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने गोवर्धन के घर से तालाब तक 180 मीटर सी सी रोड के निर्माण के लिये भूमिपूजन किया, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने उपस्थित ग्रामीणों को अपने उद्बोधन में कहा कि ग्राम पंचायत लोलेसरा की प्रसिद्धि और ख्याति कुछ वर्षों में छत्तीसगढ़ सहित देश विदेश तक फैली है, कबीरदास जी के अनुयायियों के मेला जब लोलेसरा में लगता है तो देश विदेश से अनुयाइयों के अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, अफसरों का रेला लगा रहता है, यह हम सभी को गौरान्वित करता है, मैं अपने आप को बहुत भाग्यशाली समझती हूं इस पंचायत की सेवा का अवसर यहां की देवतुल्य जनता ने मुझे दिया, भाजपा की विष्णुदेव सरकार में जिले के मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद विजय बघेल, विधायक दीपेश साहू लगातार क्षेत्र के विकास के लिए जमकर पसीना बहाते हैं, भाजपा की सरकार भ्रष्टाचार पर राज्य में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई हुई है, मेरा निवेदन है विकास कार्य मे दिए गए राशि का उपयोग पूर्णतया विकास कार्य मे किया जाए, कोई कमीशन या परसेंट के चक्कर मे गुणवत्ता से समझौता करेगा उसे बख्शा नही जाएगा, उपस्थित जन समुदाय को भाजपा नेता डॉ सौरभ निर्वाणी, ग्राम पटेल शत्रुहन वर्मा ने भी संबोधित किया, इस दौरान महिला पंच फूलबाई वर्मा, हेमिन बाई वर्मा, चंद्राणी वर्मा, मिथिला वर्मा, बबिता वर्मा, श्याम कली वर्मा, चंद्रकुमारी, उर्मिला बाई साहू सहित ग्राम पंच मोहन सिंह वर्मा, कपिल वर्मा, रामकुमार धीवर, सत्तावन लहरी, टीकम वर्मा, चंद्रहास साहू ने मंचस्थ अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर स्वागत किया, कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन ग्राम पंचायत बहेरा के सचिव थंमन सिंह वर्मा ने किया।

अखिल भारतीय रेडियो श्रोता संघ सम्मेलन में 600 श्रोताओं ने सुनी मन की बात

पायनियर संवाददाता ◂ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन 2024 का आयोजन बुलढाणा महाराष्ट्र में आयोजित किया गया। रेडियो श्रोता संघ रायपुर के अध्यक्ष राष्ट्रपति से सम्मानित परसराम साहू गुरुजी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली उ.प्र. म.प्र. पं. बंगाल, झारखंड, ओड़िया, बिहार, छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र आदि राज्यों के लगभग 600 श्रोताओं ने उपस्थिति दी थी। दो दिवसीय सर्वप्रथम प्रथम दिवस परिचय, स्थानीय कलाकारों द्वारा गीत संगीत एवं नृत्य का प्रदर्शन किया गया। द्वितीय दिवस में कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलित कर, वंदना, गीत, नृत्य के साथ हुआ। श्रोता रैली निकाली गयी। स्थानीय विद्यालय के लोक कलाकारों द्वारा लोक नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से पधारे श्रोताओं का राज्यवार सम्मान स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया। राष्ट्रीय श्रोता दिवस को अखिल भारतीय राष्ट्रीय श्रोता दिवस श्रोता सम्मेलन के रूप में प्रति वर्ष देश के अलग अलग राज्यों में मनाया जाता है। इस परम्परा का शुभारंभ 2006 से हमारे राज्य छत्तीसगढ़ द्वारा किया गया था। विभिन्न आकाशवाणी व एफ. एम.-चैनल के लगभग 40 उद्घोषकों ने संबोधित किया। एवं सभी का सम्मान हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता परसराम साहू गुरूजी द्वारा की गई। आगामी वर्ष यह आयोजन छत्तीसगढ़ अथवा बागपत (उ.प्र.) में होने की पूर्ण संभावना है।

नगर में दिखी कृष्ण जन्माष्टमी की धूम

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर के विभिन्न चौक चौराहे कृष्ण की लीला में जगमगा उठे , हर मंदिर में पूजा पाठ की मधुर आवाज और विभिन्न चौक में मटकी फोड़ , दही हांडी लूट के आयोजनों में बजट भजनों की आवाज़ का लुत्फ लेने सभी नगर वासी अपने परिवार के साथ घूमते नज़र आये । सारे छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर मोहा नगरवासियों का दिल । प्रति वर्ष की भांति 22 नम्बर वार्ड में नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर द्वारा दही हांडी लूट का आयोजन करवाया गया , जहां पूजा अर्चना के बाद युवाओं द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया ।

प्रतियोगिता में विजयी अशोक श्रीवास्तव की टीम ने 7000/- का नगद पुरस्कार अपने नाम किया जिसमे अशोक , आकाश , नोमेश , सुधीर , साहिल , निहाल , खिलेश पिंटू , कवलजीत , सागर , आंश्वन व अन्य सदस्यो ने लूटी दही हांडी ।

वहीं उपविजेता जावेद खान और उनकी टीम ने 4000/- की प्रोत्साहन राशि अपने नाम की।

आयोजक नायर एवं टीम ने प्रतिभागी टीमों को किया पुरस्कृत

आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर के द्वारा किया गया जिसमें संतोष पांडेय , विवेक मसीह , रामु शर्मा , परितोष हंसपाल , रूबी अन्थोनी , विलियम भावरा , जसविंदर गिल , प्रशांत बोकडे ,विजय जोगदंड , स्वप्निल तिवारी , वी डी सिंह , पत्रकार कमल शर्मा , बेहरा जी , तिलक मानकर , प्रदीप बबलू , प्रदीप बाघ , बसंत साहू ,वीरेंद्र पाटले ,तामेश , बबलू सेन ने टीमों को पुरस्कृत किया । आयोजन उपरांत सैकड़ों की संख्या में उपस्थित समस्त नगरवासियों को जिनमे महिलाएं और बच्चों की संख्या ज्यादा थी , सभी को प्रसाद वितरण किया गया ।

स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ज़िंदगी न मिलेगी दोबारा कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी में ज़िंदगी न मिलेगी दोबारा शीर्षक पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई व कुम्हारी इकाई द्वारा किया गया। यह आयोजन 16 अगस्त से 9 सितंबर तक विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य आत्म निर्भरता, स्वरोजगार व स्वालंबन, उच्च शिक्षा व दिशा, स्वस्थ जीवन शैली व पर्यावरण जीवन का मूल आधार, ट्रैफिक नियम और सड़क सुरक्षा के प्रति छात्रों को जागरूक करना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी संजय बघेल थे उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हम स्वतंत्र भारत के नागरिक हैं, हमें भगवान ने जीवन दिया है हम यह जीवन किस प्रकार से जिएं कि अपने देश को और आगे बढ़ा सकें। हम सबका लक्ष्य होता है बड़े और अच्छे स्कूल में पढ़े और एक अच्छी नौकरी करें, मगर हमें सिर्फ नौकरी के पीछे नहीं जाना चाहिए हमें व्यापार कर आत्म निर्भर भी बनना है, भारत की अर्थ व्यवस्था को और मजबूत करना है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सपना देखा है कि भारत को 2047 तक विकसित देश बनाना है लेकिन हमारा देश तब विकसित बनेगा जब हमारा प्रदेश विकसित होगा, छोटे गांव, कस्बे विकसित होंगे। इस कार्यक्रम में छात्रों से सामान्य ज्ञान के बहुत सारे रोचक प्रश्न पूछे गए और सही उत्तर देने वाले छात्रों को उपहार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, विकसित भारत के लिए योगदान, बेहतर शिक्षा, स्वस्थ जीवन व ट्रैफिक नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में विक्रम सिंह देव कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स, अजय भसीन प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स, शंकर बजाज, संजय चौबे, दिलीप स्टार्क, राजेश शर्मा, शंकर सचदेव, सुनील मिश्रा, कुलदीप लालवानी, शाला विकास समिति अध्यक्ष रामाधार शर्मा, सांसद प्रति निधि सुजीत यादव, रामकुमार सोनी, मनोज वर्मा, मिथलेश यादव, अवधेश शुक्ला, गोपाल राठी, विशाल राठौड़, अशोक राठी और मोनू शर्मा सहित प्राचार्या लता रघु कुमार तथा शाला के अध्यापकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का सुनील मिश्रा ने सफलता पूर्वक संचालन किया।

श्री कृष्ण जन्म उत्सव समिति द्वारा दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

ओपन एयर थिएटर ग्राउंड में 28 अगस्त को श्री कृष्ण जन्म उत्सव समिति द्वारा मटकी फोड़ का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या मे नगर के युवाओं ने भाग लिया क्रेन में लटकी मटकी को फोड़ने वाले को 5001 रुपए का इनाम था । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि पीयूष सोनी उपस्थित रहे । कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष काशी राम निषाद उपस्थित थे। समिति की ओर से भरत देवांगन ने बताया कि मटकी फोड़ का आरंभ अतिथियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण जी के चित्र पर तिलक लगाकर आरती कर नारियल फोड़ के किया गया । नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष ने बेहतर आयोजन के लिए समिति के सदस्यों की बधाई दी एवं कहा कि आने वाले समय में भी इस तरीके का आयोजन नगर में होते रहना चाहिए जिससे नगर में धार्मिक कार्यों के प्रति लोगों की आस्था और बढ़ेगी मटकी फोड़ने वाले युवा का नाम भरत यादव है। कार्यक्रम प्रारंभ 6 बजे हुआ और समापन 9:30 को हुआ मटकी फोड़ के अंत तक लोग काफी संख्या में उपस्थित थे।

कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का पुतला दहन किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भिलाई मे शांति पूर्वक प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज लगभग व 150 कांग्रेसीयो पर गलत तरीके से एफआईआर दर्ज करने तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुरक्षा मे चूक को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस दरमियान कांग्रेस जनों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन मे बंशी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, टी आर जर्नादन, सनत धर दीवान, जोगेंद्र छाबड़ा, पार्षद मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा, राम ठाकुर, राजू साहू, धरम वर्मा प्रशांत तिवारी, हरीश साहू, अजय सेन, प्रतीक दुबे, वतन मिश्रा, सीताराम यदु, गाविश छाबड़ा, भीखम साहू, जितेंद्र जोशी, बिरेंद्र साहू, मोहित अनंत, उत्पल गायकवाड, राहुल जोशी, राहुल देहरे, राहुल साहू सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

दूषित पानी पीने से ओंगना गांव में फैला डायरिया

रोजाना मिल रहे 10-15 मरीज, ट्यूबेल में मिले कीटाणु

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में बदलते मौसम में दूषित पानी पीने से रोजाना 10 से 15 ग्रामीण डायरिया की चपेट में आकर बीमार हो रहे हैं। आलम यह है कि गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर उल्टी-दस्त से पीड़ित मरीजों का उपचार किया जा रहा है। रायगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर स्थित ओंगना गांव की आबादी लगभग 1300 के आसपास है। गांव में इन दिनों उल्टी-दस्त पैर पसार चुका है। गांव के ग्रामीणों के अनुसार रोजाना 10-15 उल्टी दस्त के मरीज सामने आ रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

बरसात के दिनों में होती है समस्या

गांव के ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में लगातार रूक-रूक कर पानी गिरने और लगातार मौसम में बदलाव होते रहने की वजह से ओंगना गांव सहित आसपास के गांव में हर साल इसी तरह उल्टी-दस्त की समस्या आती रहती है।

टयूबवेल में मिले हैं संक्रमित कीटाणु

गांव के सरपंच रामदयाल राठिया ने बताया कि सप्ताह भर से मरीज आ रहे हैं। अब तक गांव में उल्टी-दस्त के करीब 35 से 40 मरीज मिले हैं। इनमें से चार-पांच लोग ठीक हो चुके हैं, जबकि दो लोगों को रायगढ़ रेफर कर दिया गया है। गांव के ट्यूबेल में कीटाणु आने से गांव में डायरिया फैलने की बात कही जा रही है।

8 से 10 ट्यूबवेल को कराया गया बंद

डॉ. बीएल भगत, बीएमओ ने बताया कि ओंगना गांव में पांच दिनों से शिविर लगाया गया है। रोजाना 6-7 मरीज आ रहे हैं। पानी की जांच करने पर उसमें वैक्टेरिया मिला है, जिसके बाद से गांव के 8 से 10 ट्यूबेल को बंद करा दिया गया है। उल्टी-दस्त से पीड़ितों का गांव के पंचायत भवन में शिविर लगाकर उपचार किया जा रहा है।

गांव में लगा शिविर

ओंगना गांव के ग्रामीणों ने बताया कि राठिया बस्ती में डायरिया की चपेट में आकर गांव के कई ग्रामीण उल्टी-दस्त से पीड़ित है। गांव में पिछले पांच दिनों से शिविर लगाकर बीमार लोगों का उपचार किया जा रहा है। वहीं, कुछ लोगों को उचित उपचार के लिये धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

हाईवे में स्पीड राइडर्स पर रख रहे पैनी नजर

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

ट्रेफिक विभाग के पास पहुंचा इंटरसेप्टर वाहन, स्पीड कंट्रोल की मानिटरिंग हुई आसान

स्टेट और नेशनल हाईवे पर चार पहिया वाहनों की स्पीड कंट्रोल की मानिटरिंग के लिये यातायात विभाग के पास विशेष रूप से इंटरसेप्टर इनोवा वाहन उपलब्ध कराया गया है। इस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वाहन से हाईवे मे स्पीड कंट्रोल की निगरानी करके होनें वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने यातायात अमला सतत रूप से प्रयासरत है। स्पीड कंट्रोल के लिये बनाई गई इस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इनोवा वाहन से हाईवे पर चार पहिया वाहन चला रहे लोगों पर 2 कि.मी. आगे से किसी भी गाड़ी की स्पीड को जांचा जा सकता है।

इस वाहन की सहायता से खरसिया व रायगढ़ के बीच ब्लैक स्पाट पर निगरानी रखना आसान हो गया है। रायगढ़ शहर और इसके आसपास पिछले कुछ वर्षो के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में काफी इजाफा हुआ है। इसका प्रमुख कारण हाई स्पीड से वाहन चलाना होता है। खरसिया-रायगढ़ के बीच गढउमरिया, छातामुडा चैक, जोरापाली, कांशीचुंआ, नवापारा, सेंद्रीपाली, कुनकुनी, मुरा चैक, नेशनल हाईवे में ब्लैक स्पाट के रूप में चिन्हांकित है। इसी तरह स्टेट हाईवे में सारंगढ़ रोड के पटेलपाली, कोड़ातराई, बघनपुर, सिसरिंगा घाट धर्मजयगढ़ रोड़, दर्रीपारा लैलूंगा रोड़, देवगढ़, फगुरम इस तरह कुल 16 ब्लैक स्पाट चिन्हांकित किए गए हैं। कुल मिलाकर नेशनल हाईवे में 10 स्टेट हाईवे में 04 तथा अन्य दो स्थानों को जिले में ब्लैक स्पाट के रूप में चिन्हांकित किया गया है। ट्रेफिक डीएसपी रमेश चंद्रा ने इस इंटरसेप्टर वाहन व इसमें लगी मशीन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ यातायात पुलिस थाना को यह वाहन पुलिस मुख्यालय से गत 12 जुलाई को मिला है जिससे जिले के इन संवेदनशील और अति संवेदनशील चैक-चैराहों पर अलग-अलग समय में और अलग-अलग स्थानों पर लगाकर निगरानी रखी जा रही है। इस वाहन में लगा मशीन किसी भी गाड़ी की स्पीड को 2 कि.मी. आगे से कैच कर लेता है। फिर उस गाडी चालक को रूकवाकर स्पीड के मानक के अनुसार समझाईश देकर या जुर्माना लगाकर छोड़ा जाता है। यह प्रमाणित साक्ष्य होता है। जिससे वाहन चालक भी इंकार नही कर पाता। विभाग ने अब तक पिछले डेढ़ माह के दौरान 56 प्रकरणों में लगभग 70 हजार का जुर्माना ठोंककर विभाग का राजस्व बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि इस वाहन के प्रति लोगों में विशेषकर वाहन चालकों में जागरूकता लाकर सड़क दुर्घटनाओं में कारगर अंकुश लगाया जा सकता है। हाइवे पर स्पीड कंट्रोल के लिये यह वाहन यातायात विभाग के लिये रामबाण औषधि की तरह है जिससे होनें वाली दुर्घटनाओं तथा मृतकों व घायलों की संख्या को कम से कम किया जा सकता है।

जुआ व नशाखोरी के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

खरसिया पुलिस ने मटखनवा तालाबपार और अंबेडकर कॉम्प्लेक्स में जुआ और नशाखोरी की शिकायतों पर सख्त कार्रवाई की है। एसपी दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर चैकी प्रभारी संजय नाग ने छापेमारी कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसडीओपी खरसिया प्रभात कुमार पटेल ने शिकायतों के आधार पर चैकी प्रभारी संजय नाग को तुरंत कार्रवाई का निर्देश दिया। मटखनवा तालाबपार में जुआ पर छापा रू खरसिया क्षेत्र के मटखनवा तालाबपार में जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारा। चैकी प्रभारी संजय नाग और उनकी टीम ने कल रात सघन पेट्रोलिंग करते हुए इस स्थान पर घेराबंदी की। पुलिस की कार्रवाई से कुछ जुआरी मौके से भाग निकले, लेकिन तीन आरोपियों राजेश सिदार, अमीन एक्का, और ओमकार चैहान को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से ताश के 52 पत्ते, एक बोरी फट्टी, और 2100 नगद बरामद किए गए। इन तीनों आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अंबेडकर कॉम्प्लेक्स में नशाखोरी पर कार्रवाईरू आज सुबह करीब 11 बजे, पुलिस टीम ने अंबेडकर कॉम्प्लेक्स में नशाखोरी की शिकायत पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान कॉम्प्लेक्स की छत पर 7 युवकों को धूम्रपान करते हुए पकड़ा गया। जब पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, तो वे उग्र हो गए, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें 170 के तहत गिरफ्तार किया गया। जुआ और नशाखोरी के आरोपियों को पकड़ने के बाद, चौकी प्रभारी संजय नाग ने सभी 10 आरोपियों के खिलाफ पृथक से इसतगासा धारा 170,126, 135(3) बीएनएसएस की कार्यवाही कर एसडीएम खरसिया के न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल वारंट पर जेल भेज दिया गया।

नवीन कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुई विभिन्न प्रतिस्पर्धा

सक्ति। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय सक्ति में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धा का अयोजन किया गया जिसमे बैडमिंटन, कबड्डी, रस्सी कूद, सतरंज जैसी प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राध्यापक विजय देवांगन एवम क्रीड़ा अधिकारी आकाश यादव द्वारा खेल का महत्व बताते हुए आज के दिन पर प्रकाश डाला गया, क्रीड़ा अधिकारी आकाश यादव एवम ग्रन्थालय प्रभारी विनोद खुटे द्वारा रैफरी की भूमिका में थे, महाविद्यालय के छात्रा में खेल के प्रति काफी उत्साह देखने को मिला महाविद्यालय में स्पोर्ट टीचर के आने से स्पोर्ट के प्रति छात्रों में काफी रुझान है। ज्ञात हो कि महाविद्यालय का संचालन बैडमिंटन कोर्ट एवं सदर स्कूल में सयुक्त रूप से किया जा रहा है साधनों का अभाव होने के बावजूद इस प्रकार का आयोजन छात्राओ एवम स्टाफके सहयोग से ही संभव था।

कलियुग में भागवत कथा से सर्व समाज का कल्याण होता है : व्यास आचार्य हरिदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com



श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस पर कथा व्यास आचार्य हरिदर्शन ने भागवत महापुराण महात्म्य पर प्रकाश देते हुए कहा कि कलियुग में श्रीमद भागवत कथा से सर्व समाज का कल्याण होता है। व्यास आचार्य ने आगे कहा कि भारत भूमि संस्कारों की धरती है जहां संस्कारित व्यक्ति ही समाज में सर्वथा सम्मान का काबिल होता है तो वहीं संस्कारहीन आचरण से व्यक्ति पतित कहलाता है इसलिए हम सब भावी पीढ़ी को कथाओं के माध्यम से संस्कारित करें। प्रातःकाल में यज्ञस्थल सामुदायिक भवन सक्ति से भव्य कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पवित्र महामाया सरोवर से जल भर कर सिर पर कलश धारण किए नारी शक्तियों का हुजूम कथा स्थल पहुंची। इन पलों में श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार के साथ कथा वाचक हरिदर्शन एवं उनके परिकर राधे राधे का उद्घोष कर रहे थे जिससे नगर भागवतमय नजर आ रहा था, श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार एवम् दर्शन सेवा संस्थान चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से आयोजन गरिमामय प्रतीत हो रहा है, कथा में सक्ति नगर के अलावा ग्रामीण अंचल के लोगों ने सार्वजनिक श्रीमद भागवत महापुराण कथा अमृत रसपान करते हुए आयोजकों के प्रति साधुवाद प्रगट करते हुए कहा कि नगर में सार्वजनिक कथाओं के आयोजन से सर्व समाज को लाभ मिलता है। महाआरती के माध्यम से हिन्दू जागरण के लिए सतत प्रयत्नशील श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार के इस आयोजन में सक्रिय सहभागिता समाज के लिए सकारात्मक संदेश है।

आंगनवाडी सहायिका के स्वीकृत पदों पर नियुक्ति के लिए 12 सितम्बर 2024 तक आवेदन आमंत्रित

जैजैपुर। एकीकृत बाल विकास परियोजना जैजैपुर. जिला सक्ती अंतर्गत आंगनवाडी केंद्र - बैहागुडरु सतनामीपारा, कलमीडीह माताचौरा, नंदेली संवरापारा में आंगनवाड़ी सहायिका के नवीन पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसके लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदिका 29 अगस्त 2024 से 12 सितम्बर 2024 तक कार्यालयीन दिवस पर समय 11 से 5 बजे तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय जैजैपुर जिला सक्ती में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस सम्बन्ध में विज्ञापन सहित अन्य अधिक जानकारी कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय जैजैपुर से प्राप्त किया जा सकता है।

रोटरी क्लब आफ बिलासपुर मिडटाउन ने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के लिए दी 30 नग प्लास्टिक की कुर्सियां

बिलासपुर। अपने रचनात्मक एवं सेवा कार्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाली संस्था रोटरी क्लब आफ बिलासपुर मिड टाउन ने ग्राम हरदी कला के स्वास्थ्य केंद्र में आए दिन मरीजों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए 30 लाख प्लास्टिक की कुर्सियां प्रदान की है, तथा इस दौरान जहां रोटरी क्लब आफ मिड टाउन बिलासपुर के सदस्यों ने स्वास्थ्य केंद्र को उपरोक्त कुर्सियां सौंपते हुए मरीजो के लिए इसका उपयोग होने की बात कही, तो वहीं स्वास्थ्य केंद्र ने भी संस्था का धन्यवाद व्यापित करते हुए कहा है कि आज इन कुर्सियों से जहां मरीजों को सुविधा मिलेगी तो वहीं क्षेत्र के ग्रामीणों ने भी संस्था का आभार व्यक्त किया है, रोटरी क्लब आप मिड टाउन बिलासपुर के इस कुर्सी वितरण कार्यक्रम के दौरान संस्था के अध्यक्ष रोटेरियन सीए आभाष अग्रवाल, सचिव रोटेरियंन उदित सोनी, कोषाध्यक्ष रोटेरियंन रशिक अग्रवाल रोटेरियंन अतिकाय गुप्ता एवं रोटेरियन राहुल अग्रवाल उपस्थित रहे।

गांजा तस्करी के बड़े रैकेट का हुआ भंडाफोड़

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

सब्जी खरीदी बिक्री की आड में पड़ोसी राज्य ओडिशा से गांजा तस्करी करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित पांच आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 175 किलो गांजा के साथ-साथ 43 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कल 28 अगस्त को जूटमिल पुलिस ने सक्ती और जांजगीर के गांजा तस्करों के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से 175 किलो गांजा और 43 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई। आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और पुलिस टीमें अब इस रैकेट के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हैं। जूटमिल पुलिस को सूचना मिली थी कि सक्ती, जांजगीर-चांपा के कुछ व्यक्ति सब्जी खरीदी बिक्री की आड में अवैध रूप से ओडिशा से गांजा लाकर सक्ती, कोरबा में बिक्री करते हैं जिसकी पुष्टि व कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा रूट के थाना प्रभारियों को मुखबीर लगाकर कार्रवाई का निर्देश दिया गया था। इसी क्रम में मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर थाना जूटमिल थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज अपनी टीम के साथ कोडातराई हवाई पट्टी के पास घेराबंदी की।

नही रूक रही मवेशी तस्करी, फिर दो तस्कर पकड़ाये

रायगढ़। घरघोड़ा पुलिस ने मवेशी तस्करी की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मवेशी तस्करों को गिरफ्तार किया है। ग्राम टेरम के हर्षवर्धन बेहरा (उम्र 18 वर्ष) ने पुलिस को सूचना दी कि सुबह करीब 9 बजे उसने अपने दोस्त के साथ गांव में घूमते हुए दो व्यक्तियों को करीब 16 कृषक मवेशियों को निर्दयतापूर्वक डंडे से मारते हुए ढोरम की ओर ले जाते देखा। उन मवेशियों के लिए चारा और पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। इस सूचना के आधार पर घरघोड़ा पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी सबत कुमार राठिया उर्फसबद (उम्र 30 वर्ष), निवासी औराईमुडा, थाना घरघोड़ा, बलराम राठिया (उम्र 35 वर्ष), निवासी घरघोड़ी, थाना घरघोड़ा, जिला रायगढ़ को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने मवेशियों को बिक्री के लिए ले जाने की बात स्वीकार की।

बकरी चराने जंगल गई महिला की संदिग्ध मौत, पुलिस मामले की जांच में जुटी

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के बकरी चराने जंगल गई महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। उक्त घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिसरिंगा के पास के गांव भण्डारपारा में कल सुबह 10 बजे गांव की एक महिला सिरसिला टोप्पो बकरी चराने जंगल गई थी। दोपहर के समय बारिश होनें के बाद भी महिला के घर वापस नही लौटने के बाद परिजनों के द्वारा जब महिला की खोजबीन शुरू की तब उन्होंने देखा कि महिला जंगल में गिरी हुई अवस्था में पड़ी मिली। जिसके बाद परिजनों के द्वारा आनन-फानन में सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ लाया गया जहां मौके पर मौजूद डाक्टर ने प्रारंभिक जांच में ही महिला को मृत घोषित कर दिया।

गांव के ग्रामीणों के द्वारा आशंका जताई जा रही है कि बारिश के दौरान गाज की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई होगी। वहीं डाक्टरों नें बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही महिला के मौत के कारणों का पता चल सकेगा। बहरहाल महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने के मामले में धरमजयगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है।

शासकीय वेदराम महाविद्यालय मे राष्ट्रीय खेल दिवस एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के रूप में हुए विभिन्न आयोजन

सक्ति। शासकीय वेदराम महाविद्यालय मालखरौदा, जिला सक्ति (छ.ग.) में 29 अगस्त को सुशासन दिवस पखवाडा और राष्ट्रीय क्रीमी मुक्त दिवस तथा राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस के अवसर पर महविद्यालय प्राचार्य डॉ.बी.डी. जांगड़े कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया, प्राचार्य के द्वारा सुशासन पखवाड़ा के उद्बोधन में राष्ट्रीय य राजकीय योजनाओं को ग्रामीण स्तर तक के लोगो को लाभन्वित कर देश को राष्ट्रीय विकास से लेकर अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश को पहुंचाया जा सकें साथ ही क्रीमी मुक्त दिवस पर छात्र/छात्राओं को अलबेन्डाजोन की टेबलेट खाने के लिए प्रेरित किया गया एवं क्रीड़ा अधिकारी नंदिता महंत के द्वारा खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बेजमेंटन, आर्म रेसलिंग, टग-ऑफ-वार, जैसे खेलों का आयोजन किया जिमसें महाविद्यालय में उपस्थित प्राचार्य डॉ.बी.डी. जांगड़े, सहायक प्राध्यापक यू.एन. जायसवाल, वासुदेव एक्का, एल.आर, कोसरिया, आर. आर खुटें, गंगाराम जोशी, डॉ. योगेश्वर बघेल, डॉ. मनोज कुमार यादव, गिरजा प्रसाद पटेल, सुशीला रात्रे, करिश्मा यादव, राजेश्वरी खुटें, एवं समस्त छात्र/छात्राएं व महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहें।

गजराजों के दल ने एक रात में 08 मकानों को तोड़ा

कई किसानों की फसलों को पहुंचाया नुकसान, 3 बोरी धान को भी खाया, दहशत में ग्रामीण

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com





रायगढ़ जिले में हाथियों ने बीती रात गांव में घुसकर आधे दर्जन से अधिक मकानों को नुकसान पहुंचाते हुए कुछ बोरी धान को खाया है। साथ ही साथ दो दर्जन से भी अधिक किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। इस मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक पिछले सप्ताह भर से अधिक समय से रायगढ़ जिले के जंगलों में 124 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहा है। जिसमें रायगढ़ वन मंडल में 77 हाथी एवं धरमजयगढ़ वन मंडल में 47 हाथी हैं। हाथियों के दल में 38 नर हाथी, 53 मादा हाथी के अलावा 33 शावक शामिल हैं। शाम होते ही हाथी गांव पहुंचकर ग्रामीणों के फसलों और मकानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। धरमजयगढ़ वन मंडल के अंतर्गत आने वाले कापू रेंज के कुमरता बीट के अंतर्गत आने वाले उपर सलखेता गांव में कोरवा बस्ती में जमकर उत्पात मचाते हुए 7 मकानों को तोड़ा है। हाथी ने बीती रात सुकेवारी बाई कोरवा, सुखदेव कोरवा, बिशुन कोरवा, गंगाराम कोरवा, भवन साय कोरवा के अलावा एक अन्य ग्रामीण के मकान को तोड़ा है। इसके अलावा रायगढ़ वन मंडल के कोडकेल, लमदरहा में साधमती, जगेश्वर राठिया के मकान को भी क्षति पहुंचाते हुए 03 बोरी धान को खा गया है।

30 किसानों की फसल को पहुंचाया नुकसान

बीती रात हाथियों के दल ने 30 किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है जिसमें रायगढ़ वन मंडल के बंगुरिसया गांव में 05 किसानों की धान की फसल को नुकसान के अलावा धरमजयगढ़ वन मंडल के लमडांड, तोलगे में 10 किसानों की धान की फसल, क्रोन्धा, बायसी में 05 किसानों की धान की फसल, सागरपुर में 04 किसानों की धान की फसल, सलखेता में 03 किसानों की धान की फसल के अलावा नागदरहा, बेहरामार, हाटी में एक-एक किसानों की धान की सफल को नुकसान पहुंचाया है।

गांव-गांव में कराई जाती है मुनादी

वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक हाथी प्रभावित क्षेत्रों में हाथी ट्रैकिंग दल एवं हाथी मित्र दल के द्वारा गांव-गांव पहुंचकर मुनादी कराते ग्रामीणों को हाथी से सावधानी बरतने की अपील की जाती है। साथ ही साथ प्रचार-प्रसार चलाते हुए हाथी प्रभावित जंगलों में किसी भी कार्य के सिलसिले में जंगल की तरफ नही जाने की बात कही जाती है। साथ ही साथ गांव में हाथी आने पर वन विभाग के अधिकारियों को तत्काल इसकी जानकारी देने की बात कही जाती है।

कलेक्टर तोपनो ने बच्चों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एल्बेंडाजोल गोली खिलाकर किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने स्वामी आत्मानंद स्कूल सक्ति में बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ कियाद्य इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कृपाल सिंह कंवर, जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र चंद्रा, जिला नोडल अधिकारी सुदर्शन भारद्वाज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अर्चना तिवारी, प्राचार्य ज्योति चंद्रा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ तकनीकी सहायक सुरेश जायसवाल उपस्थित थे, उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 29 अगस्त 2024 को जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय विद्यालयों, अनुदान प्राप्त शालाओं, नवोदय विद्यालयों, मदरसों, निजी विद्यालयों, महाविद्यालयो, तकनीकी शिक्षा संस्थानों में 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के आयु के सभी बच्चों, किशोर व किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर, एनीमिया की रोकथाम, बौद्धिक विकास तथा शाला उपस्थिती में सुधार हेतु कृमि नाशक दवा खिलाई गई। इसके साथ ही छुटे हुए बच्चों को माप अप राउंड अंतर्गत 04 सितंबर 2024 को कृमि नाशक दवाई खिलाई जावेगी।

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस से डॉ प्रियंका साहू का व्याख्यान

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मौसम विज्ञान केन्द्र रायपुर द्वारा गंभीर मौसम और मौसम संबंधी सेवाए विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन नया सर्किट हाउस सिविल लाईन रायपुर में किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरिश चंदेल, जल संसाधन विभाग के उपनिदेशक जयंत कुमार बिसेन भारतीय वायु सेना के लेफ्टिनंट विवेक मलिक श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के विभागाध्यक्ष (कम्यूनिटि मेडीसीन) डॉ. प्रियंका साहू, पं. रविशंकर विश्वविद्यालय, कलिंगा विश्वविद्यालय, एनआईटी रायपुर के तकनीकी विशेषज्ञों ने भाग लिया। राष्ट्रीय कार्यशाला के आरम्भ में राज्यपाल रमेन डेका द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। गंभीर मौसम और मौसम संबंधी सेवाए विषय पर अलग अलग क्षेत्रो के विशेषज्ञो ने अपने क्षेत्र में मौसम विज्ञान की सेवाओं का उल्लेख किया, जिसमे मुख्यतः कृषि क्षेत्र, वायुसेना, तटरक्षीय सेवा समुद्र विज्ञान अंतरिक्ष विज्ञान जैव प्रौधोगिकी, प्रौधोगिकी स्वास्थ्य, विमानन आदि क्षेत्रो में मौसम विज्ञान द्वारा महत्वपूर्ण मौसम संबंधी जानकारी साझा की गई। जिससे समय पूर्व लोगों को जागरूक किया जाता है। जिससे समय रहते चक्रवात, तूफान, बाढ़ आदि से बचा जा सकता है। भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युजय पात्रा ने भारतीय मौसम विभाग की शुरुआत प्रदान की जाने वाली सेवाओं तथा वर्तमान में स्थापित मौसम केन्द्रो के बारे में विस्तृत जानकारी दिए। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा बताया गया कि कृषि व वानिकी मौसम पर आधारित होते है मौसम अनुकूल व प्रतिकूल होने पर प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है। तकनीकी ज्ञान साझा करने में श्री बालाजी इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका साहू ने स्वास्थ्य क्षेत्र में मौसम के प्रभाव के बारे में बताया। उन्होने बताया कि तेज गर्मी होने पर मौसम विभाग चेतावनी देता है। जिसका हमे पालन करना चाहिए, तेज गर्मी होने पर लू, अधिक तापमान होने पर त्वचा संबंधी बीमारी, मोतियाबिंद फेफड़े के रोग आदि होते हैं। जल्दी-जल्दी मौसम बदलने पर सर्दी खांसी, बच्चे में वायरल इंफेक्शन आदि होने का डर बना रहता है। अतः हमे मौसम विभाग द्वारा साझा की गई चेतावनी को गंभीरता से लेना चाहिए यह हमारे लिए प्रत्यक्ष लाभदायक होते हैं। बाढ़, चक्रवात तूफान की आशंका से हम पहले ही अपने परिवार को बचा सकते हैं। तकनीकी विषय साक्षा कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना के विवेक मलिक ने बताया वायु सेना का आपरेशन एवं पूर्णतः मौसम विभाग पर निर्भर रहता है। कार्यक्रम के अंत में मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ मृत्युजय महापात्रा द्वारा सभी स्पीकर जिसमे डॉ. जवाहर लाल चौधरी, डॉ. प्रियंका साहू का मोमेटो देकर आभार व्यक्त किया गया।

फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश में अपने परिचालन को दिया विस्तार

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

नए फुलफिलमेंट सेंटर का उद्देश्य प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 3,600 से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित करते हुए विभिन्न पिन कोड पर डिलीवरी में लगने वाले समय को कम करना और दक्षता को बढ़ाना है वाराणसी में नए ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर और उन्नाव में नॉन-लॉर्ज सेंटर से ग्राहकों को स्थानीय एवं स्थापित ब्रांड्स के बहुमूल्य उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे वर्चुअल उद्घाटन के दौरान उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में इस विस्तार की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, फ्लिपकार्ट का उत्तर प्रदेश में महत्वपूर्ण निवेश, उभरते औद्योगिक और उद्यमशीलता के केंद्र के रूप में राज्य की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है। इस पहल को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा सरकार द्वारा अनुकूल कारोबारी माहौल बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने से उत्तर प्रदेश उद्यमशीलता के विकास और उद्यमों की सफलता के लिए अपार संभावनाएं प्रदान कर रहा है। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश ई-कॉमर्स को अपनाने और विक्रेताओं के सशक्तीकरण के मामले में अग्रणी राज्यों में से एक बन गया है। हमारे रणनीतिक निवेश और विस्तृत मार्केटप्लेस इकोसिस्टम के साथ हमारा लक्ष्य उत्तर प्रदेश में स्थानीय समुदायों, एमएसएमई, किसानों एवं संबद्ध व्यवसायों को डिजिटल इकोसिस्टम में कदम रखने के उनके सफर में समर्थन प्रदान करते हुए सशक्त करना है।

अपने ग्राहकों के लिए चैनलों की संख्या बढ़ाते हुए, सैमसंग टीवी प्लस ने आज तक एचडी और द लल्लनटॉप को जोड़ा है

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत में सैमसंग टीवी प्लस, जो विज्ञापन-समर्थित स्ट्रीमिंग टीवी सेवा है, ने अपने चैनलों में आज तक एचडी और द लल्लनटॉप को जोड़ने की घोषणा की है। सैमसंग टीवी प्लस और टीवी टुडे नेटवर्क के बीच यह साझेदारी दर्शकों को बेहतरीन प्रोग्रामिंग देने और तेजी से बदलती दुनिया में उनकी जरूरतों को पूरा करने की सैमसंग की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। टीवी टुडे नेटवर्क का द लल्लनटॉप और आज तक एचडी का फास्ट चैनल दर्शकों को उनके घर की सबसे बड़ी स्क्रीन पर बेहतरीन और मुफ्त कंटेंट उपलब्ध कराएगा। जैसे-जैसे अधिक परिवार इंटरनेट से जुड़े स्मार्ट टीवी का चुनाव कर रहे हैं, वैसे-वैसे भारत में कनेक्टेड टीवी का उपयोग भी तेजी से बढ़ रहा है। सैमसंग टीवी प्लस इंडिया में पार्टनरशिप के प्रमुख कुणाल मेहता ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि सैमसंग टीवी प्लस प्लेटफॉर्म पर अपने दर्शकों और विज्ञापनदाताओं को बेहतरीन अनुभव और अधिक पहुंच प्रदान करें। आज तक एचडी और द लल्लनटॉप चैनलों के जुड़ने से दर्शक व्यापार, राजनीति, मनोरंजन और अन्य खबरों से आसानी से जुड़ पाएंगे। टीवी टुडे नेटवर्क के साथ यह साझेदारी हमारी इसी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। टीवीटीएन में डिजिटल बिजनेस के सीईओ सलिल कुमार ने कहा, सैमसंग टीवी प्लस इंडिया पर अपने दो नए फास्ट चैनल लॉन्च करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है।

बालको ने मच्छर जनित बीमारियों से बचने के लिए चलाया जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ◂ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

बरसात के बाद कई संक्रामक बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। बारिश के बाद घर के आसपास पानी के इकट्ठा होने से मच्छर पैदा हो जाते हैं इससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बालको अस्पताल के डॉक्टर के अनुसार बरसात के बाद संक्रामक मच्छर के काटने से डेंगू बीमारी की घटनाओं का खतरा सबसे ज्यादा देखने को मिलता है। डॉक्टर ने बताया इसे लेकर लापरवाही करना जानलेवा हो सकता है। बालको अपने समुदायिक विकास कार्यक्रमों की मदद से समुदाय के स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत को पूरा करने के लिए कटिबद्ध है। कंपनी की मोबाइल हेल्थ वैन ने मलेरिया, डायरिया और कृमि से बचाव पर 12 जागरूकता सत्र आयोजित किये गए। इस जागरूकता अभियान में लगभग 5500 लोग शामिल हुए। सत्र का आयोजन 12 स्कूल और 18 समुदाय में आयोजित किए गए जिनमें क्रमशः 1485 स्कूली छात्र और 4000 समुदाय के सदस्य शामिल थे। इसके साथ ही 33 नंद घर में आंगनवाड़ी और समुदाय के लगभग 600 सदस्यों को मलेरिया और डायरिया की रोकथाम के बारे में शिक्षित किया गया। कंपनी की मोबाइल हेल्थ वैन टीम ने मरीजों के घर जाकर व्यक्तिगत स्वास्थ्य सेवा सहायता और आगे के चिकित्सा उपचार के लिए बालको अस्पताल की सुविधा से अवगत कराया। बालको अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक सिन्हा ने कहा कि डेंगू वेक्टर जनित रोग है जो मच्छरों के काटने से इंसानों में फैलता है। डेंगू का शिकार होने पर व्यक्ति को तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द, मसल्स और जॉइंट्स में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, उल्टी और स्किन पर रैशेज जैसे लक्षण नजर आने लगते हैं। सही समय पर इलाज ना मिलने से डेंगू घातक साबित हो सकता है। डेंगू होने पर लोगों का प्लेटलेट काउंट तेजी से कम हो जाता है तथा कई गंभीर मामलों में ब्लीडिंग भी हो सकती है। इसमें से किसी भी लक्षण पर डॉक्टर से परामर्श जरूर लें। डॉ. सिन्हा ने कहा कि 100 आधुनिक बेड से युक्त बालको अस्पताल कंपनी के कर्मचारियों एवं उनके परिवारजन और विभिन्न जिलों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। हमारी विशेषज्ञ की टीम है जिसमें सामान्य चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट, दंत चिकित्सक, नेत्र रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, स्त्री रोग विशेषज्ञ और आर्थोपेडिक सर्जन के साथ 09 विजिटिंग कंसल्टेंट शामिल हैं। इसके साथ ही अस्पताल को 14 रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर, 60 नर्स और 113 स्टाफ सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। नियमित जांच शिविर, जागरूकता शिविर आयोजित करने के साथ ही आयुष्मान भारत और सरकार द्वारा निर्धारित समस्त टीकाकरण कार्यक्रमों का अनुसरण बालको अस्पताल में किया जाता है। बालको अस्पताल छत्तीसगढ़ के कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर और जांजगीर चांपा जिलों से हर साल 2 लाख 10 हजार से अधिक रोगियों को सेवा प्रदान करता है।

तीन वर्ष तक नौकरी नही करने पर उसकी तन्खवाह मांगने का आवेदिका को कोई हक नही

बुजुर्ग माता-पिता का रख रखाव नही करने पर घरेलू हिंसा का प्रकरण दर्ज किया जायेगा

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने आज जिला कवर्धा विश्राम गृह सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में 274 वी. सुनवाई हुई। कबीरधाम की जिले की कुल चौथी सुनवाई हुई। आज की सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उसके पति ग्राम सहायक के पद पर शासकीय सेवा में कार्यरत थे, उनकी मृत्यु के बाद अनावेदक को अनुकंपा नियुक्ति के लिये आवेदिका ने सहमति दी थी कि, वह अपनी मॉ (आवेदिका) का भरण पोषण करेगा और जमीन का बंटवारा नही लेगा। इसके बाद अनावेदक पिछले 15 वर्षो से मुक बधीर स्कूल सिंघनपुरी में नौकरी कर रहा है और उसे लगभग 32,000 रुपए वेतन मिलता है। नौकरी मिलने के बाद अनावेदक आवेदिका का भरण पोषण करना बंद कर दिया और खेत और मकान में कब्जा कर लिया है। आवेदिका का यह कहना है कि, अनावेदक पढ़ा लिखा नही है और उसकी अंकसूची फर्जी है, आवेदिका ने आयोग से अपने बेटे की अनुकंपा नियुक्ति निरस्त करवाने कि मांग की, आवेदिका की उम्र 65 वर्ष है जो उसका पालन पोषण नही करेगा तो उसके खिलाफ घरेलू हिंसा का प्रकरण प्रोटेक्षन ऑफिसर के मदद से करा सकते है। अनावेदक का नौकरी नही छिनी जाये और आवेदिका के बैंक एकाउंट में एक तिहाई अपनी तनख्वाह देने के लिये वह तैयार है। सहमति पत्र स्टांप पेपर पर बनवाने की जिम्मेदारी प्रोटेक्षन ऑफिसर को दिया गया आवेदिका को अनावेदक की तनख्वाह से एक तिहाई हिस्सा सीधे कोषालय से दिलवाने के लिये सहमति पत्र स्टॉप पर लिखा पढी व संपूर्ण प्रक्रिया का पालन करवायेगें। यदि अनावेदक बाद में असहमति जताता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आयोग ने निर्देश दिया। एक अन्य प्रकरण में आवेदकगणो ने अनावेदक प्रधान पाठक के खिलाफ नवम्बर 2023 में शिकायत किया था जिसकी विभाग में मौखिक शिकायत किया था उसके बाद अनावेदक का व्यवहार परिवर्तन हो गया है, अवेदकगणो को कोई शिकायत नही है और अनावेदक ने दोबारा बुरा व्यवहार नही करने का आश्वासन दिया है। अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका को वर्ष 2021 में अनावेदक संस्थान ने 03 माह का नोटिस देकर कार्य से निकाला था, जिसके लिये 03 माह का वेतन 75 हजार रुपए का चेक दिया था, जिसे लेने ने आवेदिका ने इंकार कर दिया। आवेदिका उस दौरान बीमार थी और अनावेदक संस्थान की स्कूल की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी इसलिये उनके द्वारा अन्य शिक़ायक की पदस्थापना की गयी।, आवेदिका ने टरमिनेषन के 75 हजार रुपए के चेक को लेने से इंकार कर दिया और उसके पास कोई नौकरी नही थी और उसके बेटी अनावेदक संस्था में पढाई कर रही थी जिसकी 03 साल की पढाई की फीस 2 लाख रूपये व ट्रांसपोर्टेशन फीस 30 हजार रुपए कुल 2 लाख 30 हजार रूपये अनावेदक संस्था के द्वारा माफकिया गया।

अनलिमिटेड रिवॉर्ड, डिजिटल फर्स्ट अनुभव और कई दूसरे फायदों ने अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड को बनाया भारत का सबसे तेजी से बढ़ने वाला को-ब्रांडेड कार्ड

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड देश भर में 50 लाख से अधिक ग्राहकों को जोड़ने वाला भारत का पहला को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड बन गया है। कंपनी ने मुंबई में आयोजित हुए ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल में इस बड़ी उपलब्धि की घोषणा की। वीज़ा द्वारा संचालित यह सबसे तेज़ी से बढ़ते को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड में से एक है। इस कार्ड के साथ ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के लाभ मिलते हैं, जिसमें बिना झंझट और असीमित रिवॉर्ड, लाइफटाइम फ्री कार्ड, आसान वीडियो केवाईसी के साथ 30 मिनट के भीतर इंस्टेंट इश्यूएंस और पेपरलेस ऑनबोर्डिंग जैसे कई लाभ शामिल हैं। डिजिटल-फर्स्ट एप्रोच के साथ पेश किया गया अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड इंडस्ट्री में सबसे अधिक एनपीएस स्कोर हासिल करने वाले कार्ड में से एक है। इसका आकर्षक रिवॉर्ड प्रोग्राम और सहज ग्राहक अनुभव इसे अधिक कीमत वाले लेनदेन, जैसे कि फ्लाइट और होटल बुकिंग से लेकर यूटिलिटी बिल और किराने का सामान जैसे कम कीमत वाले लेनदेन के लिए एकपसंदीदा विकल्प बनाता है।

राजपुर नगर पंचायत में चहते फर्म को 25 लख रुपए एडवांस में किया भुगतान

नाराज पार्षदों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप की कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता ◂ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिले के नगर पंचायत राजपुर मे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिली भगत से पार्षद निधि में हुए फर्जीवाड़ा का एक मामला सामने आया है उसके बाद नाराज पार्षदों ने स्थानीय एसडीएम को लिखित शिकायत करते हुए जांच के मांग की गई है और शिकायत का प्रतिलिपि कलेक्टर बलरामपुर संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन अम्बिकापुर संचालक संचनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास अटल नगर नवा रायपुर को प्रेषित करते हुए कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में नगर पंचायत कार्यालय में ताला जड़ने की चेतावनी दी गई है। एसडीएम राजपुर को सौंप गए शिकायत में कहां गया है कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिली भगत से अध्यक्ष एवं पार्षद निधि के नाम पर अपने चहेते फर्म को लाभ पहुंचाने के लिए अध्यक्ष एवं कुछ चहेते पार्षदों का पार्षद विधि की राशि लगभग 25 लाख रुपए एडवांस में भुगतान कर दी गई है। जब अन्य पार्षदों ने अपनी पार्षद निधि की मांग की तो उनको कहा गया कि शासन से राशि प्राप्त नहीं हुई है जिन पार्षदों को पार्षद निधि प्राप्त नहीं हुई है उन पार्षदों को अपने वार्डों में जन भावनाओं के अनुरूप कार्य करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाराज पार्षदों का कहना है कि नगर पंचायत राजपुर के निर्वाचित पार्षदों को अब तक दस लाख रूपये प्रति वार्ड विकास खर्च करने एवं अध्यक्ष निधि में पचास लाख रूपये खर्च करने के लिए शासन से प्राप्त हो चुका है। व्ही अध्यक्ष निधि में अब तक लगभग पैसठ लाख एवम पार्षद निधि में कुछ चुनींदा पार्षदों के लगभग पन्द्रह-पन्द्रह लाख रूपये तक भुगतान किया जा चुका हैं। नगर पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा इस दोहरे चरित्र पर सवाल खड़ा करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में कार्यालय में ताला जड़ने कि भीं बात कही गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद पूरनचंद जायसवाल अनीता कश्यप राहुल भारती विश्वास गुप्ता एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों के हस्ताक्षर शामिल हैं। उक्त मामले में राजपुर एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है अभी मै हाई कोर्ट के काम से बिलासपुर आय हुं लौटने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

रियलमी 13 सीरीज़ 5जी 17,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में अतुलनीय स्पीड प्रदान करेगा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोनब्रांड, रियलमी ने अपनी बहुप्रतीक्षित रियलमी 13 सीरीज़ 5जी लॉन्च की।नंबर सीरीज़ में नए स्मार्टफोन के साथ ही रियलमी बड्स टी01 भी पेश किएगए। रियलमी 13 सीरीज़ 5जी अपनी अतुलनीय स्पीड के साथ स्मार्टफोनउद्योग में परफॉर्मेंस के मानकों को बदल देगी। रियलमी अपनी नंबर सीरीज़ नई टेगलाईनः ''नैक्स्ट-जेन पॉवर'' के साथ पेशकर रहा है। इसका उद्देश्य मिड-रेंज मूल्य वर्ग में पॉवर और परफॉर्मेंस के नएमानक स्थापित करना है। रियलमी 13 सीरीज़ 5जी नंबर सीरीज़ में अब तककी सबसे शक्तिशाली पेशकश है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम रियलमी 13 सीरीज़5जी पेश करके बहुत उत्साहित हैं। यह हमारे सफर में एक बड़ी उपलब्धि है।इस लॉन्च के साथ हम नई टेगलाईनः 'नैक्स्ट-जेन पॉवर' लेकर आए हैं। रियलमी नंबर सीरीज़ में यह हमारे पोर्टफोलियो का केवल एक नया उत्पाद हीनहीं, बल्कि एक गेम-चेंजर है, जो मिड रेंज मूल्य वर्ग में पॉवर और परफॉर्मेंस केनए मानक स्थापित कर रहा है।

एमेज़ॉन इंडिया ने भारतीय रेल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

रायपुर। एमेज़ॉन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एमेज़ॉन इंडिया) और भारतीय रेल मंत्रालय ने आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जो एमेज़ॉन इंडिया के पैकेजों के विश्वसनीय और तेज़ परिवहन के लिए भारतीय रेलवे के मजबूत क्षेत्रीय नेटवर्क के माध्यम से मौजूदा साझेदारी को और मजबूत करेगा। इस समझौते के तहत, एमेज़ॉन इंडिया और भारतीय रेलवे एक हब और स्पोक मॉडल स्थापित करने के लिए संयुक्त रूप से काम करेंगे, और इस मॉडल से प्राप्त अनुभवों के आधार पर इसे पूरे नेटवर्क में विस्तार के लिए आवश्यकताओं को परिभाषित करेंगे। इस योजना में पहले और अंतिम मील की आवश्यकताएं, पारगमन समय, लागत विकल्प, और रेलवे पर पार्सल की मात्रा बढ़ाने के लिए नीति प्रोत्साहन शामिल हैं। एमेज़ॉन इंडिया रेल परिवहन के माध्यम से पार्सल लॉजिस्टिक्स के लिए तेज़ और विश्वसनीय वितरण नेटवर्क सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकताओं पर सिफारिशें भी प्रदान करेगा।

दि स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
(CIN: L74899DL1956GOI002674)
जवाहर व्यापार भवन, टॉलस्टॉय मार्ग, नई दिल्ली–110001
बीमा ब्रोकरों के पैनल हेतु रुचि प्रकटन (ईओआई)
दि एसटीसी ऑफ इंडिया लिमिटेड अखिल भारतीय आधार पर बीमा ब्रोकरों के पैनल हेतु इच्छुक कंपनी/एजेंसी/फर्म/एकल मालिक से ईओआई आमंत्रित करती है। विस्तृत जानकारी के लिए एसटीसी की वेबसाइट www.stclimited.co.in (http://www.stclimited.co.in/ advertisement-notification) देखें।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)/
(छत्तीसगड राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी)
कार्यालय कार्यपालन अभियंता (सं/सं.) संभाग भाटापारा
SAVE ENERGY

क्र./10-20/10-25/स्था./ भाटापारा, दिनांक

// सूचना //

कार्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण विभागीय जांच प्रतिवेदन पर अंतिम कथन दस्तावेज प्रस्तुत करने बाबत्।

आप दिनांक 24.07.2017 से आज दिनांक तक बिना पूर्व सूचना/आवेदन पत्र/अनुमति के अपने कार्य से लगातार अनुपस्थित है। जिसके कारण इस कार्यालय के आदेश क्र./10-20/10-25/स्था. / 1056 भाटापारा दिनांक 29.05.2019 के द्वारा विभागीय जांच संस्थित की गयी थी। विभागीय जांच में बार-बार बुलाये जाने पर भी आप उपस्थित नहीं हुए। विभागीय जांच की जांच प्रतिवेदन की छायाप्रति इस कार्यालय के पत्र क्र. 3349 दिनांक 27.09.2019 के माध्यम से अंतिम अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया था किंतु आपके द्वारा जवाब आज दिनांक तक इस कार्यालय को प्रस्तुत नहीं किया गया है।

पुनः उचित अवसर प्रदान करते हुए आपके स्थायी पते पर पंजीकृत डाकमय पावती के माध्यम से इस कार्यालय के पत्र क्र. 2028 दिनांक 31.07.2024 को प्रेषित कर सात दिवस के भीतर तत्संबंध में जवाब / दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया था। जिसमें जवाब / दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर एक पक्षीय कार्यवाही करने का लेख था. किंतु तत्संबंध में आपके द्वारा आज दिनांक तक जवाब / दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

अतः आपको तत्संबंध में अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान करते हुए समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से सात दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन पर अपना अंतिम कथन / दस्तावेज इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि पर आपके द्वारा कथन/जवाब/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कम्पनी नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेदार होंगे।

(एन. के. सोनी)
कर्मचारी क्र. 91542851
कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमिटेड भाटापारा

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला धमतरी (छत्तीसगढ़)
//संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना//
क्रमांक-पुअ/ धम. / एसी / निविदा / 03 / 2024-25 दिनांक 28.8.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्यों के लिए मुहरबंद निविदाएं दो लिफाफा पद्धति से पुलिस कार्यालय धमतरी के कार्यालय में निर्माण कार्य हेतु नीचे दर्शाए गए प्रभावशील दर अनुसूची पर प्रपत्र "अ" में विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार / फर्म से दो लिफाफा पद्धति में (निविदा दर तथा अमानत राशि लिफाफा) एकल निविदा पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों (श्रेणी डी से ए तक) से प्रतिशत आधार पर पंजीकृत पावती युक्त डाक स्पीड पोस्ट, हाथों-हाथ आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य प्राक्कलन पीडब्ल्यूडी एसओआर 2015 दर है। निविदा प्रपत्र का मूल्य 750 /- है।

1 निविदा प्रपत्र की क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 12.9.2024 अपरान्ह 14 बजे तक
2. फर्म /ठेकेदारों द्वारा निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 19.9.2024 अपरान्ह 16 बजे तक
3. निविदा खोले जाने की तिथि - 20.9.2024 अपरान्ह 12 बजे तक

क्र.	कार्य / स्थल का नाम	कार्य की अनुमानित लागत/अमानत राशि
1	ग्राम पंचायत रूद्री में रक्षित केंद्र परिसर में हेलीपेड से मुख्य मार्ग तक सीसी पहुंच मार्ग निर्माण कार्य (भाग-1 एवं भाग - 2)	19.90 लाख 15000/-
2	ग्राम पंचायत रूद्री में पुलिस मेस पहुंच मार्ग में सीसी रोड निर्माण कार्य (भाग -1 एवं भाग -2)	19.90 लाख 15000/-

शर्तें- निविदा के संबंधित शर्तें एवं विस्तृत विवरण पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रूद्री जिला धमतरी में देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु टेंडर फार्म राशि रु. 0055, पुलिस 800 अन्य प्राप्तियों में जमा कराकर चालान की मूल प्रति कॉपी इस कार्यालय में जमा करावें। एफडीआर पुलिस अधीक्षक धमतरी के नाम से बनाया जावेगा। अंतिम तिथि के पास प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा के संबंध में समस्त निर्णय लेने का अधिकार पुलिस अधीक्षक जिला धमतरी का होगा।

G-242502104/2
पुलिस अधीक्षक
जिला धमतरी

कलेक्टर ने मेडिकल संस्थानों को सेफ्टी के लिए चेताया

एसपी ने कहा : सभी अस्पतालों की मॉनिटरिंग कंट्रोल रुम से होगी

परिजनों को ट्रीटमेंट का फीडबैक देने और संस्थाओं में व्यवहार में नरमी लाने की हिदायत भी दी

■ कलेक्टर ने जिला अस्पताल की रिपोर्ट ली, ऑर्थो के डॉक्टर हर शुक्रवार मिलेंगे

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

चिकित्सा व्यवस्थाओं को मद्देनज़र रखते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कड़े निर्णय लेते हुए संस्थान प्रमुखों को इससे वाकिफ कराया है। चिकित्सकीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था बड़ा मुद्दा बनकर सामने आई है। इसे मद्देनज़र रखते हुए कई आवश्यक पहलुओं पर कलेक्टर ने दो टूक बातें कहीं हैं। इस बैठक के दूसरे दिन शुक्रवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को देखने भी पहुंचे। यहां उन्होंने उपकरणों की स्थिति और चिकित्सकों की उपलब्धता पर रिपोर्ट ली। उन्होंने इसमें कुछ बदलाव के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कालेज, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, नर्सिंग होम एवं अन्य चिकित्सकीय संस्थानों के सुरक्षा की व्यवस्थाओं के संबंध में बातचीत की है। बैठक में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग भी मौजूद थे। कलेक्टर ने सभी चिकित्सकीय संस्थान के संचालकों से आग्रह करते हुए कहा कि मरीजों की सेवा करना एक सम्मानीय एवं महत्वपूर्ण सेवा है, मरीजों के त्वरित ईलाज का प्रयास करें। इससे मरीजों के परिजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी और उनके आक्रोश का भी सामना नहीं करना पड़ेगा। चिकित्सक अपने व्यवहार पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करने के साथ ही समय पर त्वरित रिस्पांस सुनिश्चित करें।

सीसीटीवी बेहद जरुरी, 6 माह का बैकअप रखें

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि सभी चिकित्सकीय संस्थान अपने यहां आवश्यक सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित करें, ताकि चिकित्सालय में होने वाली किसी भी घटना की जानकारी साक्ष्य के रूप में रखी जा सकेगी। इसके अलावा संस्थान के आस-पास लोगों की भीड़ एवं उनकी निगरानी आसानी से की जा सकेंगी। इन कैमरों में गुणवत्तापूर्ण हार्ड डिस्क लगवाएं और कम से कम छह माह तक का बैकअप रखें।

कंट्रोल रुप से जुड़ेंगे अस्पताल

एसपी ने कहा कि, सभी अस्पतालों के कैमरों को कंट्रोल रूम के कैमरों से जोड़ दिया जाएगा। गर्ग ने कहा कि थानों को निर्देश दे दिया गया है कि वे समय-समय पर चिकित्सकीय संस्थानों का साप्ताहिक निरीक्षण करते रहें और जानकारी रखें। इसकी एक चेक लिस्ट भी तैयार कर लें। एक माह में एसडीओपी निरीक्षण करेंगे, वही एडिशनल एसपी तीन माह में इनका निरीक्षण सुनिश्चित करेंगे। थाना क्षेत्र अपने क्षेत्र में आने वाले चिकित्सकीय संस्थानों का नंबर रखेंगे।

परिजनों की काउंसलिंग पर जोर

बैठक में विभिन्न चिकित्सकीय संस्थान संचालकों ने अपने-अपने सुझाव रखें। अधिकारियों ने कहा कि चिकित्सक मरीज के परिजनों के साथ-साथ अन्य लोगों को भी समझाईश दें, साथ ही प्रतिदिन मरीज के परिजनों की काऊंसिलिंग सुनिश्चित करें, मरीज की स्थिति के बारे में बताएं, इससे किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हो सकेगी।

अभी बंद ही रहेगा सिटी स्कैन ऑर्थो के डॉक्टर आएंगे

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शुक्रवार को जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहां भू-तल पर बारिश का पानी भर जाने के बाद से सिटी स्कैन की मशीन बंद है। हालही में इसकी मरम्मत करवाई गई है। लेकिन अब भी नमी का असर बना हुआ है। आशंका है कि, इसे फिलहाल शुरु करने से फिर कोई बड़ी तकनीकी समस्या आ जाएगी। इसलिए फिलहाल इसे बंद रखने का ही फैसला लिया गया है। वहीं जिला अस्पताल में हड्डी रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक के उपलब्ध न होने की बात सामने आई। इस पर कलेक्टर ने तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को निर्देशित किया है। इसके तहत प्रति शुक्रवार को मेकॉज से एक हड्डीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक यहां सेवाएं देंगे।

स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता चिकित्सा शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ छुरिया
www.dailypioneer.com

एकदिवसीय निःशुल्क मासिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता चिकित्सा शिविर का आयोजन आयुष ग्राम शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी में 30अगस्त को किया गया। शिविर का शुभारंभ जनपद सदस्य प्रतिमा सोनबोईर, सरपंच रमशिला सोनबोईर, संतोष सोनी, भागवत राम टांडेकर, शंभू साहू, अमर सिंह, धीरपाल कंवर, तुलसा बाई (स्व सहायता समूह), जानकी बाई मितानीन, उमाबाई मितानीन, पुनिया बाई, साब्दिया बाई, विरेन्द्र सोनी, शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, देवदास साहू (फार्मासिस्ट आयुर्वेद), शंकर लाल कंवर (पीटीएस), छगन राम वर्मा (योग प्रशिक्षक) व नागरिकों द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर किया गया। शिविर में 131 मरीज का परीक्षण कर निःशुल्क औषधि प्रदान किया गया। साथ ही शिविर में बीपी, शुगर जाँच किया गया। वर्षा ऋतु में होने वाले बीमारियों के बारे में विशेष चर्चा कर ध्यान रखने को कहा गया।इस शिविर में शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध कुमार पटेल (नोडल अधिकारी दुर्ग संभाग), देवदास साहू , शंकर लाल कंवर, योग प्रशिक्षक छगन राम वर्मा,इत्यादि ने अपने इत्यादि ने अपनी सेवाएं दी।

जंगलपुर में तीरंदाजी खिलाड़ियों ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव द्वारा शास.उ.मा. शाला जंगलपुर के खेल मैदान में किया गया। विदित हो कि उक्त खेल मैदान में ग्राम पंचायत जंगलपुर सहित आश्रित ग्रामों के बच्चे तीरंदाजी का प्रशिक्षण विगत 6 माह से कर रहे हैं। वर्तमान में जंगलपुर में एनआईएस कोच राहुल साहू, कुशल रजक सहित सीनियर खिलाड़ी भूपेन्द्र सिन्हा तीरंदाजी खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। तीरंदाजी कोच राहुल साहू ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव द्वारा विगत 6 माह के अथक प्रशिक्षण का परिणाम है कि ग्राम पंचायत के बच्चे ब्लॉक, जिला, संभाग में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता बनकर अब स्कूल गेम्स के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 7 तीरंदाजी खिलाड़ी चयनित हुए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य डोंगरगांव मनीष साहू, अध्यक्षता सरपंच जंगलपुर घनश्याम साहू, विशिष्ट अतिथि शा.उ.मा.शाला जंगलपुर के शाला विकास समिति के अध्यक्ष चन्दूलाल साहू सहित सरपंच बनभेड़ी कृष्णाराम साहू, पूर्व सरपंच जंगलपुर जानीवाकर साहू, दूधेलाल चंद्रवंशी बनभेड़ी, भूपेन्द्र कुमार साहू जंगलपुर उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष साहू ने कहा कि ग्राम के तीरंदाजी खिलाड़ी का खेल देखकर बहुत प्रभावित हुआ हूं। तीरंदाजी खिलाड़ियों के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु शासन स्तर सहयोग के लिए प्रयासरत रहूंगा। विशिष्ट अतिथि सरपंच जंगलपुर घनश्याम साहू ने कहा कि ग्राम पंचायत जंगलपुर के लिए गर्व की बात है कि ग्राम के बच्चे राज्य स्तरीय स्पर्धा तक पहुंचे हैं। शाला विकास समिति के अध्यक्ष चन्दूलाल साहू बच्चों की खेल प्रतिभा से प्रभावित होकर तत्काल 11 सौ रूपए सभी खिलाड़ियों के लिए सम्मान राशि की घोषणा की।

छग के पूर्व सीनियर मेडलिस्ट खिलाड़ियों दिया मार्गदर्शन

विदित हो कि कुछ माह पूर्व संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव की पहल पर छत्तीसगढ़ के सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर मेडलिस्ट खिलाड़ी जो कि वर्तमान में खेल प्रतिभा के दम पर अलग-अलग क्षेत्र में नौकरी करते हुए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं उन्हें ग्राम जंगलपुर आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने खेल की बारीकियों की जानकारी के साथ-साथ आवश्यक व्यायाम एवं तीरंदाजी शूटिंग के बारीकियों को सिखाया था।

सलोनी के युवाओं ने देर रात्रि में लूट ली दही हांडी

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के गौरव एयरफोर्स में शहीद तुकांत अहीर की स्मृति में आयोजित दही हाँडी स्पर्धा सलोनी डोंगरगढ़ की टीम ने जीत ली है। रात्रि 8 बजे से प्रारंभ 3 टीमों के मध्य 3 राउंड की कोशिशों के बाद आखिरकार सलोनी डोंगरगढ़ के युवाओं ने देर रात्रि 41 फीट दही हाँडी फोड़ते हुए आकर्षक उपहारों को लूट लिया। इस दरम्यान राइसमिल परिसर डीजे व रंगीन लाईटिंग व आतिशबाजी से सराबोर हो गया। युवावर्ग डीजे की उन्माद में खिल उठे। नगर में शहीद तुकांत अहीर की स्मृति में प्रथम बार मस्ती की पाठशाला ग्रुप के बैनरतले दही हांडी आयोजित हुआ। सर्वप्रथम स्थानीय जमात मंदिर के पारंपरिक डोला आगमन व आरती पूजन हुआ। उपरांत हाइड्रा कंट्रोल से दही हांडी स्पर्धा प्रारंभ हुआ। आयोजन समिति के संरक्षक दिनेश गाँधी एवं अध्यक्ष सिद्दीक बडगुजर के मार्गदर्शन में आयोजित स्पर्धा दरम्यान शहीद के परिजन दादा जीआर अहीर, पिता अश्वनी अहीर व राजकुमार अहीर सहित अन्य परिजन मंचस्थ थे। इनके अलावा समाजसेवी दिनेश नखत, अंजू त्रिपाठी, सरिता ढीमर, कालेज जभाअध्यक्ष योगेश पटेल एवं पत्रकारगण सहित निकाय के किशोर बोहरा, डिकेश साहू, प्रियंक जैन व अशोक मालेकर भी मंचासीन रहे। स्पर्धा दरम्यान शहीद तुकांत अहीर को नमन करते हुए शहीद अमर रहे के नारे लगाए गए। समापन में शहीद परिजनो को सम्मानित किया गया। इस दौरान पुलिस विभाग सहित उत्कृष्ट सहयोग प्रदान करने वालों को मंच में सम्मानित किया गया। आयोजन को मूर्तरूप देने मनीष बोहरा, नारायण साहू, गोपाल टावरी, मनोज हेमनानी, राजिक बडगुजर, अमिताभ जैन, कोमल साहू, लोकेश यदु, प्रवेश ठाकुर, कमलेश यादव, हिमांशु अहीर, प्रफुल्ल जैन, गोविंदा राजपूत, नवनीत अहीर, लक्ष्मीनारायण सेन, सौरभ ठाकुर, पुष्पेंद्र हिरवानी, गौरव यदु, डीजे तरुण राजनांदगाँव एवं डीजे आकाश ढीमर सहित अनेक युवातुर्को ने सहयोग प्रदान किया।

भाजपा नेता विकास का जन्मदिन मनाया

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला भारतीय जनता पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विकास व अधिवक्ता विकास तिवारी का जन्मोत्सव जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा व जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, संतोष अग्रवाल की उपस्थिति में जोरदार ढंग से मनाया गया। इसके पूर्व तिवारी को मॉर्निंग क्लब के सदस्यों द्वारा जन्मदिन की बधाईयॉ देकर उन्हे केक खिलाया था, इसके बाद तिवारी का जिला भाजपा कार्यालय में गरिमामय ढंग से जन्मदिन का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व तिवारी की मित्रमंडली उपस्थित थी। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की उपस्थिति में केक काटा गया फिर कार्यकताओं ने क्रमबद्ध होकर तिवारी को बधाईयां देते रहे व उन्हे फूल-माला से लाद दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा नेता सावन वर्मा, लीलाधर साहू, रघुवीर वाधवा, राजेश श्यामकर, योगेशदत्त मिश्रा, बंटी भाटिया, दीनू गुप्ता, प्रिंस भाटिया, त्रिगुण टॉक, मनोज चौधरी, अशोक रजक, प्रदीप शर्मा, राजेश खाण्डेकर, महेश वर्मा, प्रदीपमल, सोमेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टीजन उपस्थित थे।

आज और कल डॉ. रमन सिंह शहर में

राजनांदगांव । छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुखिया डॉ. रमन सिंह कल 31 अगस्त को अंचल के दौरे पर आ रहे है, वे बालोद जिले में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात् राजनांदगांव पहुंचेगे फिर वे लगातार दो दिनों तक शहर के ही विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। डॉ. सिंह शनिवार को रायपुर से दोपहर 02.00 बजे बालोद जिले के लिए प्रस्थान कर ग्राम कुरदी पहुंचेगे जहां वे 111 फीट के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा एवं वीर सपूत उद्यान का लोकार्पण कर राजनांदगांव के लिये प्रस्थान करेंगे। वे शाम 05.30 बजे शहर स्थित विधानसभा अध्यक्ष निवास में पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। फिर वे दूसरे दिन 1 सितंबर को दोपहर 01 बजे ग्राम भरेगॉव में आयोजित कुर्मी समाज के सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद वे दोपहर 02.30 बजे गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में यादव समाज के सम्मेलन में भाग लेकर विधानसभा अध्यक्ष निवास आयेंगे। यहां से शाम 04 बजे महाराणा प्रताप मंगल भवन चिखली का लोकार्पण कर रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

कलेक्टर भी रहे मौजूद, सामुदायिक पुलिसिंग में घोर नक्सल प्रभावित गांव आमाकोंडो पहुंचे

डीवीसी कमांडर लोकेश के गांव पहुंचकर आईजी-एसपी ने की नक्सलियों से आत्मसमर्पण की अपील

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव/मोहला
www.dailypioneer.com

जिला पुलिस मोहला -मानपुर-अंबागढ़ चौकी द्वारा कोहका थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत हालोरा के आश्रित गांव व घोर नक्सल प्रभावित गांव आमाकोड़ों में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां गांव दुर्दांत नक्सली डीवीसी कमांडर लोकेश सलामेका गृह ग्राम है। आईजी, कलेक्टर और एसपी ने यहां से नक्सलियों से आत्मसमर्पण की अपील की है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से कहा कि वे लोकेश को भी आत्मसर्पण के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में राजनांदगांव रेंज पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, जिला कलेक्टर एसजयवर्धन, पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, आईटीबीपी 44वाहिनी के कमांडेंट मुकेश दशमना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) देवचरण पटेल द्वारा पंचायत के लोगों को उनके सामाजिक कार्यक्रम के लिए एक बर्तन का सेट दिया गया। प्रदत्त बर्तन सेट में किसी भी सामाजिक कार्यक्रम के लिए करीब 200 लोगों का खाना पकाया एवं परोसा जा सकता है। इस मौक़े पर आईजी झा ने गांव के लोगों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे नक्सल आत्मसमर्पण नीति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मुख्य धारा में लौटने आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी को सरकार द्वारा प्रति माह 03 वर्ष तक 10 हजार रूपए की साहयता राशि प्रदान की जाएगी। इस दौरान उन्हें कौशल विकास की ट्रेनिंग भी दी जाएगी ताकि वे अपना घर परिवार चला सकें। उन्होंने आगे कहा कि आत्म समर्पण कराने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। आत्म समर्पण आईटीबी कैम्प, थाना, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय या राजनांदगाव स्थित आईजी कार्यालय में किसी भी जगह किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने इस मौक़े पर कहा कि आपके गांव के समीप आईटीबीपी का सुरक्षा कैम्प शुरू हो गया है। आपको किसी भी तरीके की समस्या हो तो कैंप में अधिकारियों से बेहिचक संपर्क कर सकते हैं। सिंह ने गांव के पटेल, सरपंच और नागरिकों से कहा कि इस गांव के लोकेश सलामे नक्सल संगठन से जुड़े हैं, जिन्हें सभी मिलकर आत्म समर्पण के लिए प्रेरित करें।

पुल-पुलिया का काम जारी, कलेक्टर ने ली जानकारी

कलेक्टर जयवर्धन भी गांव वालों से रूबरू हुए। उन्होंने गांव वालों से सफाई, चिकित्सा और पानी के समस्या पर बात की। गांव मे पानी की समस्या को दूर करने के लिए कुंवा या बोर खुदाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि हलोरा से पिटेमेटा के बीच 2 पुलिया का कार्य चल रहा है। 2 और पुलिया का कार्य शीघ्र शुरू होगा। इस मौक़े पर आमाकोड़ों पटेल रिशुराम तुलावी, पंच मन्कुराम, पिटेमेटा पटेल दयाराम तुलावी, हालौरा पटेल खेमचंद परमार, महिला समूह की अध्यक्ष सुखवानती कुमेटी उपस्थित रहे। सभी ने पुलिस के इस प्रयास की तारीफ की। कार्यक्रम में पुलिस विभाग से रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप, थाना प्रभारी कोहका खोमन भण्डारी, थाना प्रभारी सीतागाव बृजेश सिन्हा उपस्थित रहे।

पिछड़े इलाकों के बच्चों ने बोली फरार्टेदार अंग्रेजी

सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के दौरान उपस्थित तीसरी और पाँचवी कक्षा के विद्यार्थियों ने अपना परिचय अंग्रेजी मे दिया। छात्र महेंद्र कुमेटी, सुखुराम, पार्वती और प्रेमचंद ने अपना परिचय अंग्रेजी में दिया। प्रशासन ने शासकीय स्कूल आमाकोड़ों के बच्चों के लिए खेल सामग्री वितरित की। बच्चों को शतरंज, कैरम, फुटबाल, नेट, स्किपिंग रोप, बैडमिंटन रेकेट, नेट व कॉक वितरित किया गया।

अवैध रूप से परिवहन करते हुए 25.920 बल्क लीटर शराब जप्त

राजनांदगांव। जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि वृत्त डोंगरगढ़ आबकारी विभाग की टीम द्वारा बागरेकसा चौक में ग्राम पीपरखार निवासी अजय वर्मा के कब्जे से महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू संत्री 144 नग पाव कुल 25.920 बल्क लीटर अवैध रूप से चार पहिया वाहन मारूति आल्टो क्रमांक सीजी 07-5862 पर परिवहन करते हुए जप्त किया गया। आरोपी को आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमांनतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक उज्जवल कुमार सूत्रधर, आबकारी आरक्षक जर्नादन प्रसाद पाण्डेय व भोजराज बंजारे शामिल थे।

मेजर ध्यानचंद की जंयती अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में जय मां विंध्यवासिनी व्यायाम शाला धमतरी के द्वारा भारत एवं विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हॉकी के जादूगर मेजरध्यान चंद जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या जमुना ध्रुव व शिक्षिका संध्या सोम, उमा निषाद, त्रिभुवन साहू के द्वारा किया गया। धमतरी जिला वेटलिफ्टिंग संघ की सचिव महिला कोच हश्मीत कौर, सह सचिव रेशमा शेख, संघ के सदस्यगण होमेंद्र बघेल, उमाशंकर साहू, लुमेश साहू, योगेश साहू, राहुल बोरकुटे, बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया। राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों, हर्षदीप सिंह सिद्धू, हेमलाल साहू, खुशी फुटान, खुशबू फुटान, कुमकुम यादव, यामिनी यादव, अश्वनी साहू, लवली साहू, दुर्गा साहू, लीना साहू, रितिक साहू, वह राज्य स्तर के खिलाड़ी, दीपाली फुटान, सुरभि फुटान, अभिषेक फुटान, यथार्थ फुटान, हेमचंद साहू, सोनम साहू दीपेश साहू, शशि यादव महक निषाद के द्वारा डेमो करके दिखाया गया। पार्षद आवेश हाशमी के द्वारा राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का श्रीफल के द्वारा सम्मान करते हुए उनका हौसला बुलंद किया गया, साथ ही बालिका खिलाडियों के लिए व्यायाम शाला, खिलाडियों का सहयोग की घोषणा की गई। प्राचार्य, सचिव, सहसचिव सहयोगकर्ताओं के द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित किया गया व राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व को बतलाया गया।

केंद्रीय राज्य मंत्री से मिले उमेश साहू

धमतरी। उमेश साहू भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने बिलासपुर सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री शहरी आवास तोखन साहू से सौजन्य मुलाकात करने पिथोरा पहुंचे जहां पर उन्होंने उनका स्वागत करते हुए उन्हें पत्र सौंपते हुए चर्चा में बताया कि वर्तमान में धमतरी जिले को बालोद जिला के माध्यम से जो डीएमएफ की राशि मिलती है वह नहीं दी जा रही है। साथ ही साथ गंगरेल बांध बनने के लिए 52 गांव को डुबाया गया जिस पर भिलाई स्टील प्लांट के माध्यम से सीएसआर की राशि जो नियम से देनी चाहिए वह नहीं दे रहे है। अगर यह राशि मिल जाती है तो निश्चित रूप से डूब प्रभावित गांव के साथ जिले में अनेक लोकहितकारी कार्यो को कराया जा सकता है। इसी के साथ दूसरे पत्र को देते हुए कहे की 52 गांव डूबने के बाद जो शेष ग्राम बचे हैं उन ग्रामों में जाने के लिए मोगरागहन मुख्य मार्ग में एक पुल पिछले 2 वर्षों से टूटा हुआ है जो आज तक नहीं बना है जिसके कारण स्कूली बच्चे स्कूल नहीं जा पाते साथ में आवागमन पूरा बंद रहता है।

विधायक रायमुनि ने बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाकर की कार्यक्रम की शुरूआत

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

विधायक रायमुनी भगत की उपस्थिति में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विगत दिवस शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पुत्रीशाला जशपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक भगत ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से स्कूली बच्चों को बताते हुए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया और बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने सभी जनों को कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आहवान किया गया। जिला नोडल अधिकारी आशुतोष तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 3 लाख 37 हजार का लक्ष्य रखा गया है। जिसे शत् प्रतिशत पूर्ण किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा स्कूली शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास एवं अन्य विभाग के समन्वय से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 29 अगस्त 2024 एवं मॉपअप दिवस 04 सितम्बर 2024 को कार्यक्रम का सफल आयोजन कराया जाना सुनिश्चित है। कार्यक्रम अंतर्गत जिले के समस्त विकासखण्डों में 29 अगस्त 2024 को शास., अर्द्ध शासकीय शिक्षण स्थानों, अनुदान प्राप्त संस्थाओं, निजी शिक्षा संस्थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, महावि., मदरसों, तकनीकी शिक्षा के माध्यम से 1 वर्ष से 19 वर्ष तक समस्त छात्र-छात्राओं एवं शालात्यागी किशोर-किशोरियों को शासन के निर्देशानुसार कृमिनाशक दवा ऐलबेन्डाजोल की गोली दी जाएगी। जिसमें 1 वर्ष से 2 वर्ष के समस्त बच्चों को 200 एमपी आथी गोली पिसकर एवं 2 से 3 वर्ष के बच्चों को 1 गोली पिसकर एवं 3 वर्ष से 5 वर्ष के बच्चों को 1 गोली चबाकर एवं 5 से 19 वर्ष के बच्चों, किशोर-किशोरियों के लिए पूरी 1 गोली चबाकर के पानी के साथ सेवन कराई जाएगी। साथ ही मॉपअप दिवस के दौरान छुटे हुये छात्र-छात्राओं एवं शाला त्यागी किशोर एवं किशोरियों को कृमि नाशक दवा का सेवन कराया जाना है।

डाईट जशपुर में कुड़ूक एवं सादरी भाषा की पुस्तक लेखनकार्य की कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत जिले के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जशपुर को कक्षा 01 से 05 तक की कुड़ूक एवं सादरी भाषा की पुस्तक लिखने की ज़िम्मेदारी दी गई है। जो की बहुभाषा शिक्षा के अंतर्गत् आता है। जिस हेतु 29 एवं 30 अगस्त तक दूसरी कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमे ज़िलें के 25 शिक्षक व्याख्याता एवं सेवनिवृतत शिक्षक अपनी सहभागिता दी। कुड़ूक एवं सादरी भाषा की प्रारंभिक जानकारी के साथ कहानियों का लेखन कार्य किया जा रहा है। जिसका आज जिला शिक्षा अधिकारी भटनागर ने कार्यशाला का अवलोकन किया। इस दौरान डाईट के प्राचार्य एम.जेड.यू. सिद्दीकी, बहुभाषा की प्रभारी सरोज संगीता भोई एवं सादरी भाषा के प्रभारी आर.बी. चौहान उपस्थित थे। भोई एवं चौहान ने अपनी कुड़ूक एवं सादरी भाषा के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया। जिला शिक्षा अधिकारी भटनागर ने सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि विशेष रूप से आप सभी जशपुर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं और लगातार नाम आगे बढ़ाते रहेंगे। आपकी बनाई हुई पुस्तिका निश्चित रूप से कुड़ूक एवं सादरी भाषा के छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

कार्यकर्ता भाजपा की ताकत, सदस्यता अभियान को गंभीरता से लें : कृष्ण राय

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का पार्टी से दिल से जुड़ाव होता है। यहीं कारण है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में जब पार्टी को जिले के तीनों विधानसभा सीटों में हार मिली थी तो दिल्ली से लेकर जशपुर तक सभी को बहुत तकलीफ हुई थी। कार्यकर्ताओं को यह बात कचोटती थी कि आखिर हम जशपुर, जो कुमार दिलीप सिंह जूदेव की कर्मभूमि है, उसमें कैसे हार गए, 2023 के चुनाव में कार्यकर्ताओं ने अपना कमर कस कर मैदान में उतरे और पूरा राजनीतिक परिदृश्य ही बदल दिये। इसीलिए कहा जाता है कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा के नेता और प्रदेश संगठन महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने उक्त बातें कहीं। वे जिला भाजपा कार्यालय राधाकांत भवन में आयोजित मण्डल स्तरीय सदस्यता अभियान की कार्यशाला में शामिल पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और 3 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही पूरे देश में भाजपा का सदस्यता महाभियान शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले बार हम सबने मिल कर पार्टी को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना कर अपनी ताकत दिखाई थी। इस बार भी हमें इस करिश्मा को दोहराना है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान में योगदान के आधार पर ही आने वाले नगरीय निकाय और त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के प्रत्याशियों का निर्धारण होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील किया कि वे सदस्यता अभियान के लिए पार्टी द्वारा जारी किये गए दिशा निर्देशों का गंभीरता से पालन करें। प्रदेश कार्य समिति के सदस्य नरेश नंदे ने सदस्यता अभियान के डिजिटल विधि का विस्तार से जानकारी देते हुए, सदस्यता अभियान की महत्ता का समझाया। उन्होनें कार्यकर्ताओं से अपील किया कि वे सदस्यता अभियान को पूरी गंभीरता से ले और आने वाले चुनावों में जो पार्टी के उम्मीदवार होने का दावा करने जा रहें हैं वे सक्रिय सदस्यता अवश्य बने। जशपुर की विधायक रायमुनि भगत ने कहा कि सदस्यता अभियान में सबका योगदान और भूमिका महत्वपूर्ण है। इसलिए पार्टी ने मंत्री सांसद, विधायक के साथ सभी के लिए सदस्यता ग्रहण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। हम सबकों मिल कर,जशपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी में अधिक से अधिक सदस्यता ग्रहण कराना है। सदस्यता अभियान को हमें उसी तरह सफल बनाना है जिस प्रकार हमने 2023 में विधानसभा और 2024 में लोकसभा चुनाव को सफल बनाया था।

पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए लाठी चार्ज के विरोध में किया गया पुतला दहन

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पुतला दहन, जिला शहर स्तरीय भिलाई जिला दुर्ग में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए दमनात्मक कार्यवाही लाठी चार्ज व 150 से अधिक कांग्रेस जन के ऊपर किए गए थ्यत मुंगेली जिला शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री का पुतला दहन किया गया, पड़ाव चैक में शाम को मुंगेली में यह पुतला दहन किया गया, उक्त पुतला दहन कार्यक्रम में जिला शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संजीत बनर्जी, पूर्व विधायकगण, चुरावन मंगेशकर, चंद्रभान बारमते, श्याम जायसवाल, दिलीप बंजारा, ब्लॉक अध्यक्ष रामचन्द्र साहू, जिला महामंत्री संजय यादव अभिलाष सिंह, एजाज खोखर, सीरिया यादव, महामंत्री सूरज यादव, महिला अध्यक्ष उर्मिला यादव, युवक कांग्रेस मनजीत रात्रे, नौशाद खान नीरज यादव इंद्रजीत कुर्रे राजेंद्र यादव अखिल तोंडर जलेश यादव विनय यादव वैभव ताम्रकारगेंद्रम बनर्जी तारिणी विश्वकर्मा दुर्गा यादव लकी मकराल यादव भारत मंडेला मनहरण यादव, सत्यपाल, बंसीलाल नवरंग आदि बहुत से कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी केंद्रों का अधिकारियों ने किया आकस्मिक निरीक्षण, बच्चों का वजन कर की गयी पंजियों की जांच

जशपुरनगर। जिलों में बच्चों का पोषण एवं सम्पूर्ण विकास सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके तहत एसडीएम बगीचा ओंकार यादव ने ग्राम पंचायत सुलेसा में आंगनबाड़ी का निरीक्षण करते हुए वजन जांच कराते हुए भवन जर्जर पाया गया। जिसके लिए प्रतिवेदन भेज कर मरम्मत करवाने को कहा गया। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र भड़िया का भी औचक निरीक्षण किया। जहॉ अव्यवस्था पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। जांच के दौरान कुल दर्ज बच्चों में से कम बच्चे उपस्थित पाए गए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा कोई भी पंजी को संधारित नहीं किये जाने के कारण उन्हें सख्त हिदायत भी दी गयी। एसडीएम कुनकुरी नंदजी पाण्डेय ने ग्राम लोधमा गंडुपारा में निरीक्षण करते हुए बच्चों का वजन कराकर पोषणट्रेकर ऐप्प में एंट्री की जानकारी ली।

हमारा प्रयास हो विद्यालय का सर्वांगीण : विकास सुखवानी

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर के प्रियदर्शनी शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश एवं हिंदी माध्यमिक विद्यालय नेवरा की एसएमडीसी का प्रथम बैठक हुआ संपन्न। वही विद्यालय की ओर से समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया, जिसमें मुख्य रूप से एसएमडीसी के अध्यक्ष मनोज निषाद एवं विकास सुखवानी नगर पालिका उपाध्यक्ष ने कार्यक्रम को संबोधित किया। विकास सुखवानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह विद्यालय छत्तीसगढ़ का मॉडल स्कूल होगा सबसे स्मार्ट स्कूल होगा आने वाले समय में ऐसा हम प्रय शील हैं छात्र-छात्राएं अनुशासन के साथ पढ़ाई करें एक लक्ष्य बनाकर उसके पीछे तन मन से लग जाए स्कूल के शिक्षक शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के बीच यह पहला बैठक था जिसमें विद्यालय के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर छात्र-छात्राओं के शिक्षा गुणवत्ता, खेलकूद, योग व अन्य कई सुविधाओं और स्वच्छता पर चर्चा किया गया विद्यालय के प्राचार्य दुष्यंत सोनी के द्वारा सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का स्वागत किया गया और विद्यालय में चल रहे विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए अपने स्कूल का परिचय दिया विद्यालय इस आवश्यक बैठक में नीलम अग्रवाल, सुधांशु शर्मा, गौरव अग्रवाल, देव अग्रवाल, गोपाल साहू, आदर्श वर्मा, अलख साहू, टिकेश्वरी वर्मा, गणेश जैन, राजू कुरैशी प्रभा वर्मा, बंजारे सर सहित स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षकों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

आज से पर्युषण पर्व प्रारंभ होने जा रहा है

जो आत्मा की चिंता करके जाग जाते हैं, इतिहास उन्हें ही याद करता है : विशुद्ध सागर

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा ने अपने प्रवचन में फ रमाया कि परमात्मा कहते है हे चेतन अब तो जाग जा, जो चेतन अर्थात आत्मा की चिंता करके जाग जाते है और अपने आत्मा में ही जीते है इतिहास उन्हें ही याद करता है। आत्मा के वास्तविक गुण को जानकर ज्ञान, दर्शन और चारित्र को पालकर जीवन का विकास करते हुए आत्मा को मोक्ष में ले जाना है। जीवन में समकित आयेगा तो जीवन की दशा और दिशा दोनो बदल जायेगी। हम शरीर से भले ही जाग रहे हो लेकिन आत्मा से आज भी सो रहे है। शाश्वत भव्य जिनालय को देखकर हमे विचार करना है मैं भी सिद्धपुर का ही वासी हूं, बस संसार में भटक रहा हू। भटकते भटकते ये भी भूल गया हू की मैं तो इस संसार में एक राहगीर बनकर आया था। किंतु आज इसे ही अपना घर अर्थात अपनी मंजिल मान बैठा हू। ज्ञानी भगवंत कहते है अब अपना पुरुषार्थ आत्मा के लिए करना है। मेरी आत्मा मेरे शरीर से भिन्न है और आत्मा ही वास्तविक है लेकिन फि र भी मैं शरीर को अपना मानकर आत्मा को भूल बैठा हू और आत्मा को भूलने वाला कभी संसार सागर को पार नही कर सकता कभी भी शाश्वत सुख को प्राप्त नहीं कर सकता। जब हमारा मन अपने अधिकार के लिए जागृत हो जाता है तो अपने दायित्व को भी भूल जाता है। अपनी आत्मा का जहां अहित होते हुए दिखाई दे वहां हम उदासीन रहते है। लेकिन जहां शरीर का अहित होते हुए दिखाई दे वहां हम जागृत हो जाते है। ज्ञानी भगवंत कहते है शरीर तो पराया है लेकिन हम हमेशा उसी की चिंता करते है किंतु आत्मा तो हमारी है लेकिन हमे आत्मा की कोई चिंता नहीं है। अपने आत्मा के प्रति उदासीनता का भाव हमे जिनशासन से दूर करते जा रहा है। अपने अधिकार की चिंता करने वाला अपने दायित्वों के प्रति भी सजग रहता है। हम तीर्थों में जाकर भी संसार में रह जाते है। क्योंकि शरीर से भले ही कही भी पहूंच जाए लेकिन मन संसार में ही रह जाता है। इसीलिए हम भी आज तक संसार में ही भटक रहे है। हम संसार बढ़ाने वाली वस्तुओं में ही सुख खोजने का प्रयास करते है। 31/08/2024 से पर्युषण पर्व प्रारंभ होने जा रहा है। इस पर्युषण पर्व में हमे पांच कर्तव्यों का पालन करना है। हम शरीर के लिए बहुत काम कर लिए अब पर्युषण पर्व के आठ दिनों में आत्मा के लिए जीना है। केवल आत्मा के विकास के लिए पुरुषार्थ करना है। आंखो का सदुपयोग करना हो तो उपशम रस से भरे हुए परमात्मा को देखना चाहिए। पर्युषण पर्व के पांच विशेष कर्तव्य निम्न है अमारी प्रवर्तन- किसी भी जीव को प्राण रहित न करना, साधर्मिक भक्ति अपने जैसे धर्म का पालन करने वाले की भक्ति करना। क्षमापना जिनके साथ बैर का संबंध हो गया हो उनके साथ प्रयत्न पूर्वक क्षमा याचना करना। अट्ठम तप करना- संवत्सरी का पर्व अट्ठम तप अर्थात तेला की तपस्या करना। चैत्य परिपाटी - मुलसूत्र को श्रवण करने के बाद शहर के अन्य जिनालय में परमात्मा के दर्शन हेतु जाना। श्रावक के ग्यारह वार्षिक कर्तव्य- पहला संघपूजा, श्रावक को वर्ष में कम से कम एक बार संघपूजा करना चाहिए। इसके माध्यम से अपनी भक्ति दिखाना चाहिए। दूसरा साधर्मिक वात्सल्य। संघ की भक्ति करना। तीसरा तीर्थ यात्रा-तीर्थ दो प्रकार के होते है। जंगम और स्थावर तीर्थ। पर्युषण पर्व के बाद कम से कम एक बार तीर्थ यात्रा जरूर करना चाहिए। चौथा स्नात्र महोत्सव करना। हमे परमात्मा का स्नात्र महोत्सव अपनी शक्ति के अनुसार पूर्ण भक्ति के साथ जरूर करना चाहिए। पांचवा देव द्रव्य में वृद्धि। अपनी क्षमता अनुसार देव द्रव्य में वृद्धि करने का प्रयास करना चाहिए। और इसमें सभी को भागीदार जरूर बनना चाहिए। छठवां महापूजन करना। वर्ष में कम से कम एक बार महापूजन जरूर करना चाहिए। सातवां सूत्र पूजा।

कलेक्टर डॉ. मित्तल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की ली बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने विगत दिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के तहत् जिले में प्रगतिरत कार्यों के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से इस योजना के तहत् चलाएं जा रहे कार्यों को गुणवतापूर्ण और समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उन्होंने कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर सख्त कार्यवाही के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी किया। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने अधिकारियों को ऐसे अनुबंध जिसमें 6 माह व्यतीत हो जाने के उपरांत भी कार्य प्रारंभ नहीं किया है उन ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस और 01 साल व्यतीत हो जाने पर भी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है उन ठेकेदारों के कार्यो को निरस्तीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.बी. सिंह सहित सभी विकासखंड के सहायक अभियंता एवं उप अभियंता उपस्थित थे।

राजी पड़हा ईसाईयों के धर्मांतरण का बड़ा गढ़ : विधायक रायमुनी भगत

सरहूल बगीचा का छात्रावास बंद हुआ, पूजा स्थल सभी के लिए खुला है

■ मेहमान बनकर आप पूजा करने आईए कब्जा करने की नीयत से मत आईए : कृपा भगत

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

करबला रोड में स्थित आदिवासी उरांव समाज का पवित्र पूजा स्थल सरहूल बगीचा जोकि सैकड़ों साल से सरना पूजा स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां राजी पड़हा रूढ़ीवादि मूल निवासी के नाम की एक संस्था है जिसका मुख्यालय होने का दावा एक समुदाय के द्वारा किया जाता है। यहां एक गैर कानूनी छात्रावास संचालित किया जा रहा था जहां 5 साल से 15 साल तक के बच्चों लड़का और लड़की दोनों को एक साथ रखा जा रहा था। प्रशासन को इस बात की सूचना मिलने पर बीते 18 अगस्त को छात्रावास की जांच की गई और बच्चों को शासकीय छात्रावास में स्थानांनतरित किया गया। इन बच्चों में 18 बच्चों के कुपोषित होने की भी जानकारी प्रशासन की ओर से दी गई थी। मामले का खुलासा होने के बाद से राजी पड़हा समुदाय के छात्रावास को बंद कर दिया गया था। इस मामले में सररहूल बगीचा में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा, छात्रावास गैर कानूनी ढंग से चलाया जा रहा था इसलिए प्रशासन ने उसे बंद किया है। पूजा स्थल सभी उरांव समाज जो सरना पूजा करते हैं उनके लिए खुला है। वे आकर पूजा कर सकते हैं किसी को कोई मनाही नहीं है।

प्रकृति के पूजक सभी हिंदू हैं : रायमुनी

विधायक रायमुनी भगत ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा, मैं राजी पड़हा वालों से पूछना चाहती हूं, आप हिंदू नहीं तो क्या हैं? ईसाई हैं? या कोई और धर्म समुदाय को मानने वाले हैं। प्रकृति की पूजा करने वाला सख्स हिंदू समुदाय से होता है। राजी पड़हा ईसाई धर्मांतरण का गढ़ है। भादू राजी पड़हा का गढ़ है। इन इलाकों में जमकर धर्म परिवर्तन कराया गया है। अलगाववाद और षडयंत्र की बड़ी योजना इनकी है। यही वजह है कि जन आक्रोश रैली में तिग्गा को बुलाया जा रहा है। समाज के साथ कोई बैठक किए बिना समाज का उग्र आंदोलन करने की तैयारी कराई जा रही है। हिंदू उरांव समाज पूरी तरह से इसके विरोध में खड़ा है।

कांग्रेस पर भी साधा निशाना

प्रेसवार्ता में उपस्थित पूर्व डीडीसी कृपा शंकर भगत ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान राजी पड़हा संस्था की गाड़ी सभी ओर घूम घूमकर कांग्रेस का प्रचार कर रही थी। किसी सामाजिक संस्था की ओर से विधानसभा चुनाव का प्रचार नहीं किया जाता है। विधायक ने कहा, सभी समाज में अलग-अलग पार्टी से जुड़कर काम करने वाले लोग होते हैं लेकिन सामाजिक रूप से सभी एक साथ होते हैं।

मेहमान की तरह स्वागत है

डीडीसी कृपा शंकर भगत ने कहा, सरहूल पूजा स्थल सभी के लिए खुला है। सरना पूजा के लिए आप मेहमान की तरह पूजा स्थल में आईए आपका सभी का स्वागत है। लेकिन कब्जा करने की नीयत से आने वालों का स्वागत नहीं किया जाएगा।

छात्रावास में अनहोनी का जिम्मेदार कौन

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा, छात्रावास में बच्चे और बच्चियों को एक साथ रखा जा रहा था जोकि पूरी तरह गैर कानूनी है। उन्होंने कहा, अगर छात्रावास में किसी बच्ची के साथ कुछ अप्रिय घटना घट जाती तो इसका जिम्मेदार कौन होता?

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन ने किया एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं राम कुमार वर्मा (सरपंच) के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 30 अगस्त बुधवार को प्रातः 12 बजे से दोपहर 4 बजे तक ग्राम पंचायत भवन सिलतरा में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की, जिसमें जनरल मेडिसिन डॉ. धनेन्द्र, नेत्र रोग से डॉ. वेद, हड्डी रोग से डॉ.संतोष बंजारे, स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रीति क्षत्री अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, वीरेंद्र, सुनील, आकाश एवं विवेकानंद मिश्रा, एवं नर्सिंग स्टाफ नचिकेता, द्रौपदी एवं ग्राम पंचायत सचिव हरीश साहू, मितानिन, सरपंच के कर्मचारी एवं ग्राम निवासी उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

दंतेवाड़ा कलेक्टर के नोटिस के बाद एनएमडीसी ने जारी किया वक्तव्य

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा कलेक्टर के नोटिस के बाद एनएमडीसी ने अपना वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि कलेक्टर दंतेवाड़ा कार्यालय ने अपने पत्र दिनांक 29.08.2024 के माध्यम से रेलवे ट्रांजिट पास (आरटीपी) के बिना लौह अयस्क के कथित परिवहन और इस प्रकार विभिन्न खनन कानूनों के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन के लिए 1620.5 करोड़ रुपये का जुर्माना और मुआवजा लगाने का प्रस्ताव दिया है। यह सम्मानपूर्वक प्रस्तुत किया जाता है कि वर्तमान मामले में तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार किए बिना केवल और बिना देखे जुर्माना और मुआवजे की मांग के लिए लागू नोटिस के माध्यम से मुआवजा और जुर्माना लगाना पूरी तरह से अनुचित है। यह विशेष रूप से कहा गया है कि जिला प्राधिकरण, दंतेवाड़ा द्वारा कारण बताओ नोटिस में लगाए गए किसी भी परिवहन मात्रा उल्लंघन को निम्नलिखित तथ्यों के साथ सह-संबंधित किया जाना चाहिए। वक्तव्य में कहा गया कि एनएमडीसी लिमिटेड भारत सरकार के पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) से वैध खनन पट्टे, अनुमोदित खनन योजना, सीटीओ, सीटीई, पर्यावरण मंजूरी और वन मंजूरी के साथ प्रचालन कर रहा है। छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन एवं भंडारण) नियम, 2009 के नियम 2, उप नियम 1 (डी) के अनुसार निक्षेपवार, ग्रेडवार और उत्पादवार अग्रिम रॉयल्टी का भुगतान किरंदुल कॉम्प्लेक्स, एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा खनिज के माध्यम से किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को ऑनलाइन पोर्टल और अग्रिम रॉयल्टी के भुगतान के बाद, ई-परमिट नंबर जेनरेट किए जा रहे हैं। चूंकि एनएमडीसी उपरोक्त उल्लिखित बिंदु क्रमांक 2 के अनुसार अग्रिम रॉयल्टी भुगतान कर रहा है, इसलिए बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स ने रेलवे ट्रांजिट पास (आरटीपी) के बिना लौह अयस्क के कथित परिवहन के लिए छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन और भंडारण) नियम 2009 का कोई उल्लंघन नहीं किया है। राज्य सरकार रॉयल्टी मूल्यांकन के समय हर छह महीने में इन अभिलेखों का सत्यापन करती है और राज्य सरकार द्वारा अब तक एक भी आपत्ति नहीं उठाई गई है, जिससे जानकारी मिलती है कि बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स द्वारा कोई उल्लंघन नहीं किया गया है। तकनीकी रूप से, लौह अयस्क ग्रेड को अंतिम रूप देने में समय लगता है, जिससे रेलवे ट्रांजिट पास (आरटीपी) के निर्माण में 2-3 दिनों की देरी होती है। हालाँकि, इससे राज्य के खजाने को कोई नुकसान नहीं होता है।

राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

डॉ. मनसुख मंडाविया, श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री और जल शक्ति मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल अ प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में 30 अगस्त, 2024 को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय निदेशक निधिश वर्मा के कुशल नेतृत्व में किया गया, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों के बीच खेल भावना, शारीरिक फिटनेस और सौहार्द को बढ़ावा देना था। अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न खेल आयोजन आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु अधिकारियों और आरजीआई के संकाय/ अधिकारियों और कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। प्रतिभागियों को विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए टीमों में विभाजित किया गया था।

लोगों को साक्षर करने का काम अभियान के रूप में ले : विश्वदीप

रायपुर। लोगों को साक्षर बनाने से ही देश का विकास होता है। जब लोग साक्षर होगें तो वे अपने और देश के बारे में सोंच सकेगें। इसलिए लोगों को साक्षर करने के काम को अभियान के रूप में ले। सब अपने आस के ऐसे लोग साक्षर नहीं है, उनको उनके कार्यस्थल या उनके निवास स्थान पर खाली समय में जाकर साक्षर करें। उन्होंने कहा कि साक्षरता ऐसी है जैसे मनुष्य के जीवन में सांस। नवभारत उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के दौरान जिला साक्षरता मिशन के उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने कही। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में उपस्थित कुशल प्रशिक्षकों और संकुल प्रभारियों को कहा कि साक्षरता के काम को अभियान के रूप में ले। ताकि जिले के हर व्यक्ति साक्षर हो। इस दौरान उन्होने बताया कि 15 वर्ष के ज्यादा उम्र वाले 30 हजार लोगों को साक्षर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

निगम ने 1699 आवारा मवेशियों को सड़को से पकड़कर गौठान भेजा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

न्यायालय के आदेश के परिपालन में राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा निर्देश अनुरूप रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी जोनो द्वारा सड़क मार्गों में काउकेचर एवं विशेष टीम के श्रमवीरो की सहायता से आवारा मवेशियों की धरपकड़ करने अभियान सतत निरंतर जारी है। अभियान के तहत नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा दिनांक 15 जुलाई से 28 अगस्त 2024 तक चलाये गये अभियान में नगर निगम क्षेत्र से सड़को पर 1699 आवारा मवेशियों की धरपकड़ काउकेचर वाहनों एवं विशेष टीम के श्रमवीरों की सहायता से करते हुए उन्हें गौठान छोड़ा गया है। वहीं इस दौरान 15 जुलाई से 28 अगस्त तक पशु पालको पर कुल 179000 रू. का जुर्माना किया जा चुका है। उक्त अभियान नगर निगम रायपुर द्वारा आगे भी निर्देशानुसार सतत निरंतर जारी रहेगा।

विद्यार्थियों को अखबार पढ़ने की आदत डालनी चाहिए : कलेक्टर गौरव सिंह

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आमापारा स्थित पीएमश्री पंडित आर. डी. तिवारी अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में उड़ान कार्यक्रम के तहत शालेय विद्यार्थियों के लिए प्रेरक उद्बोधन एवं संवाद की शुरूआत की। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने विद्यार्थियों को सफलता का मूलमंत्र बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ लक्ष्य निर्धारत कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। इसके लिए पदचिन्ह तय करने की जरूरत है। हर विद्यार्थियों को अपने लिए पढ़ाई करनी चाहिए। इससे माता-पिता की पहचान बनने के साथ गांव, परिवार का नाम रौशन होता है। उन्होंने अपने पुराने अनुभव साझा करते हुए कहा कि असफलता मिलती तो कभी घबराएं नहीं। कलेक्टर ने कहा कि मैंने कभी कक्षाओं में कभी प्रथम स्थान हासिल नहीं किया, बल्कि द्वितीय स्थान पर ही रहा। शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज से अध्ययन किया और बाद में मास्टर आईआईटी से किया, लेकिन लक्ष्य सोचा था उसके लिए मेहनत की और यूपीएससी पास कर आईएएस बनकर गांव लौटा तो पूरा गांव गौरवान्वित हो उठा। डॉ. सिंह ने कहा कि कोई भी चीज को पाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के साथ दृढ़संकल्पित होना जरूरी है। साथ ही जज्बा और कड़ी मेहनत से निश्चित ही सकारात्मक परिणाम आता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में सीखने, समझने की जिज्ञासा होनी चाहिए। पढ़ाई को बोझ समझने से बेहतर हैं कि खेल की तरह मन लगाकर करें। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत कर कुछ बड़ा कर गुजरने की चाहत होनी चाहिए। जीवन में कठिनाई के दौर भी आते हैं, लेकिन मेहनत ही सफलता दिलाती है। वहीं समय ही खुशियों का पल होता है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने पालकों से भी आग्रह किया कि कोई भी पालक अपने बच्चों उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दबाव न बनाएं। प्रत्येक विद्यार्थियों ने आलौकिक प्रतिभा लेकर जन्म लिया है। उन्होंने कहा कि कक्षा में प्रथम स्थान हासिल करना ही सफलता का पैमाना नहीं हैं, बल्कि कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चित से ही विद्यार्थी सफल होता है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यूपीएससी में चयनित अभ्यर्थियों को इंटरव्यू में सबसे सरल सवाल पूछे जाते हैं। सर्वप्रथम अभ्यर्थियों से बेसिक जानकारी ली जाती है और अभ्यर्थियों के व्यक्तित्व के बारे में सवाल किए जाते हैं। इंटरव्यू के दौरान अनेकों सवाल होते है। हर विद्यार्थियों को अखबार पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। इससे देश-विदेश की जानकारी मिलती है। साथ ही उन्होंने कहा कि नीट और जेईई की तैयारी के लिए ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा प्रारंभ की गई है। इसका लाभ अधिक से अधिक बच्चे उठा सकते है और अपना भविष्य बेहतर बना सकते है। साथ ही कलेक्टर ने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिए।

31 Aug. 2024 Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरा साधना है जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान...
बुकिंग के लिए संपर्क करें :
+91 7470674060
पं. एस.के. शास्त्री जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
नोट: मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
पं. रविकांत शर्मा एवं पं.एस. के. शास्त्री - +919755964567

हकीकत है ये सपना नहीं, हर चीज मिलती है सही... सही...
बढ़ीया क्वालिटी और सस्ता दाम, बस आपको मिलेंगे सिर्फ यही
रोज आइये, रोज उपहार पाइएं...
लक्की ड्रॉ
डेली विशेष उपहार
आपका विश्वास...
हमारी पहचान...
ZEE महासेल
पहला एवं दूसरा माला, दिक्षित कॉम्प्लेक्स
मोतीमहल होटल के पास, बैजनाथपारा, रायपुर
समय : सुबह 10 से रात 9.30 बजे तक पार्किंग सुविधा उपलब्ध

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं कायर्नेस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

KSR KisaN Parryware
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

Home Constrution
HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur
M : 82239-70000
86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403